ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • चैत्र शुक्ल पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 28 मार्च 2023 • वर्ष-24 • अंक-55 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

प्रियंका अब अभिनेता शाखा की कार्यकारी... पेज 12 पर



## वासंतिक नवरात्र

### सप्तमी : कालरात्रि



**नवरात्रि** की सप्तमी के दिन मां कालरात्रि की आराधना का विधान है। इनकी पूजा-अर्चना करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है व दुश्मनों का नाश होता है, तेज बढ़ता है। यह देवी कालरात्रि ही महामाया हैं और भगवान विष्णु की योगनिद्रा हैं। देवी की चार भुजाएं हैं- दायीं ओर की ऊपरी भुजा से महामाया भक्तों को वरदान दे रही हैं और नीचे की भुजा से अभय का आशीर्वाद प्रदान कर रही हैं।

ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम।
त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।।

**मां** कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है। इनका वर्ण अंधकार की भांति काला है, केश बिखरे हुए हैं, कंठ में विद्युत की चमकवाली माला है। मां कालरात्रि के तीन नेत्र ब्रह्माण्ड की तरह विशाल व गोल हैं, जिनमें से बिजली की भांति किरणें निकलती रहती हैं। इनकी नासिका से श्वास तथा निःश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएं निकलती रहती हैं। मां का यह भय उत्पन्न करनेवाला स्वरूप केवल पापियों का नाश करने के लिए है। इसी कारण इनका एक नाम 'शुभंकारी' भी है। अतः इनसे भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करनेवाली हैं।

# मुख्यमंत्री जी! ऐसे तो कोई टीचर बच्चों को पढ़ाने से रहा...

**राजकीय प्राथमिक मध्य विद्यालय, उमेडण्डा के प्रभारी प्रधानाचार्य कर रहे हैं उत्पीड़न का सामना**

**निजी स्कूल चलाने वाले ने यहां का माहौल कर रखा है खराब**

**विशेष प्रतिनिधि। रांची**

झारखंड सरकार चाहती है कि सरकारी स्कूलों का रिजल्ट अच्छा हो। लोग वहां पढ़ने जाएं। सरकारी स्कूलों के टीचर बच्चों को कायदे से पढ़ाएं ताकि बच्चे तो सफल हों ही, राज्य का भी नाम हो। पर, इन चीजों को बेहतर करने की दिशा में जब कोई शिक्षक आगे बढ़ता है तो उसे रोकने के लिए कई लोग आ जाते हैं। ऐसे ही एक शिक्षक हैं सुदीप कुमार। सुदीप इन दिनों राजकीय प्राथमिक मध्य विद्यालय, उमेडण्डा में बतौर प्रभारी प्रिंसिपल कार्यरत हैं। उन्हें और उनके शिक्षकों को कई लोग परेशान कर रहे हैं। परेशान करने वाला भी कौन? एक पूर्व मुखिया, जो अपना निजी विद्यालय चलाता है। सरकारी स्कूल की चहारदीवारी से सटा कर निजी विद्यालय खोला गया। सरकारी स्कूल की पढ़ाई बेहतर थी। इसलिए निजी स्कूल को स्थानीय लोगों ने महत्व नहीं दिया।




नतीजाः निजी विद्यालय बंद हो गया। स्कूल के प्रभारी प्रिंसिपल ने राष्ट्रीय नवीन मेल को बतायाः सत्र 2021-22 से लेकर 2022-23 में अनुशासन और स्कूल का एमडीएम सुधारने, पढ़ाई-लिखाई सुधारने के कारण विद्यालय में पिछले 15 वर्षों में जितना नामांकन नहीं हुआ था, उतना हुआ। 203 नामांकन पिछले सत्र में हुआ। पिछले सत्र में स्कूल का जब यू डैश (यू डैश सरकार का एक परफॉर्मा होता है जिसमें सरकारी स्कूल की सभी चीजें इंट्री की जाती है) भरा जा रहा था तो प्रखंड कार्यालय से बोला गया कि आपके स्कूल का यू डैश में ब्वॉयज की इंट्री हो सकती है पर गर्ल्स की नहीं। फिर बताया गया कि यहां लड़कियों का नामांकन पिछले 5 वर्षों से लिया जा रहा है। इस वर्ष भी छात्राओं का नामांकन हुआ है, इन्हें अचानक कैसे हटाया जा सकता है? फिर एक आवेदन देकर परियोजना में बीआरसी के माध्यम से आवेदन गया। आवेदन पर 3 दिनों में सकारात्मक अनुमति मिली और हमारे विद्यालय के यू डैश कोड को को-एजुकेशन किया गया। 2022-23 में छात्र और छात्राओं की अलग-अलग एंट्री हुई। उसके बाद 2022-23 का नामांकन प्रारंभ हुआ। क्षेत्र के बाहर से भी बच्चे और बच्चियां आईं। गार्जियन आग्रह करके नामांकन के लिए अड़े रहे। जब रिकॉर्ड नामांकन हुआ तो शिक्षकों को भी काम में मन लगने लगा। सारे शिक्षकों ने बच्चों को ठीक से पढ़ाया। इतनी शानदार पढ़ाई हुई कि दो बच्चे पिछले सत्र में मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना में यहां से चुनकर गए।

### विद्यालय में प्राइवेट स्कूल जैसा अनुशासन

**एक** सवाल के जवाब में सुदीप कुमार कहते हैंः हमारे विद्यालय में प्राइवेट स्कूल जैसा अनुशासन है। इससे निजी विद्यालय संचालक हमसे व्यक्तिगत दुश्मनी लेकर तरह-तरह के हथकंडे अपना कर हमें परेशान करने की कोशिश करने लगे। उन्हें लगने लगा कि इनके आने से सरकारी स्कूल में यह सुधार हो रहा है, हमारे प्रति लोगों का आकर्षण कम हो रहा है। हम लोग सरकार के नियमों के अनुसार स्कूल चला कर अनुशासित आदर्श विद्यालय बनाते हैं। हम सरकार के नियमों का अक्षरशः पालन कर गुणवत्तापूर्ण ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कैबिनेट राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 44 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# 224 नई बसें

### बसों को खरीदने के लिए रांची नगर निगम को 605.42 करोड़ रुपये स्वीकृत

**इन बसों में नॉन एसी की 220 और 24 एसी इलेक्ट्रिक बस होंगी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 44 प्रस्ताव पर मुहर लगी। बैठक के बाद कैबिनेट की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि बैठक में झारखंड श्रम प्रवर्तक भर्ती नियमावली (संशोधन) 2023 के साथ ही झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा संवर्ग संशोधित नियमावली 2023 की गठन की स्वीकृति दी गयी।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा शहरी स्थानीय निकाय कर्मियों के लिए सातवें वेतन आयोग के आलोक में सरकार का वित्तीय भार 2027-28 तक होगा, पहले यह सिर्फ 2022-23 तक था। वहीं, नगर विकास विभाग रांची नगर निगम में 605.45 करोड़ की लागत से 224 सिटी बसों की खरीद करेगी। इन बसों में नॉन एसी की 220 और एसी इलेक्ट्रिक बस 24 होंगी। इससे राजधानी में बेहतर शहरी परिवहन व्यवस्था हो सकेगी।

रांची शहरी क्षेत्र में चल रही सिटी बस सेवा में नगर निगम नई रूट पर बसों को चलाने की तैयारी में है। इसके तहत ही कैबिनेट की बैठक में 244 बसों को चलाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, जिसके लिए 605.45 करोड़ खर्च किए जाएंगे। विभागीय प्रस्तावों के मुताबिक बसों के परिचालन के लिए कुल 13 रूट और 200 नए बस स्टॉप बनाए जाएंगे। प्रत्येक बस प्रतिदिन 174 किमी की दूरी तय करेगा। बसों के परिचालन में कुल सकल लागत 62 रुपये प्रति किमी होगा, जबकि कुल राजस्व संग्रह 44.08 है। इस प्रकार प्रति किमी 17.03 रुपये का घाटा होने की संभावना है। ऐसे में अगले 10 वर्षों में 247 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




- रांची में ट्रांसपोर्ट नगर फेज दो के लिए 657.82 करोड़ रुपये की लागत की मंजूरी दी गई। वर्तमान में रांची के सुकरहुट्टू में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 57.82 करोड़ की राशि दी गई है।
- झारखंड के भवनों में अब कॉमन टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना अनिवार्य होगा। नगर विकास विभाग के बिल्डिंग बायलॉज 2016 में संशोधन किया गया। इससे टेलीकॉम कंपनी जो सर्विस प्रोवाइडर इन आसानी से डिजिटल सुविधा पहुंचा सकेगी।
- एनसीसी कैडेट अब खेलकूद विभाग की जगह अब स्कूली शिक्षा विभाग के अंतर्गत शामिल होगा।
- सिमडेगा, खूंटी, दुमका में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू होगा।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 और 2019-20 में सरकार द्वारा देय प्रीमियम सब्सिडी राज्यांश एवं किसानों द्वारा देय प्रीमियम राशि को राज्य सरकार द्वारा भुगतान करने के लिए 362.50 करोड़ को वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही बीमा कंपनियों के भुगतान की मंजूरी दी गई है।
- हर घर तक सुविधा पहुंचाने को लेकर मोबाइल वेटनरी यूनिट स्थापित करने के लिए 236 मोबाइल वेटनरी यूनिट क्लीनिक खोला जाएगा। इसके लिए 46 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति की नियमावली में संशोधन किया गया है। इससे सरकारी सहायता प्राप्त सभी स्कूलों के साथ मदरसा को भी लाभ होगा।
- रांची में दुर्गा सोरेन चौक से रिंग रोड तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 65 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत।
- नमामि गंगे योजना के तहत रामगढ़ में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 310 करोड़ रुपये की योजना मंजूर हुई है।
- वित्तीय वर्ष 2022- 23 की एमएलए फंड की एकमुश्त निकासी की स्वीकृति दी गई। इसके लिए डीसी बिल समर्पित करना जरूरी नहीं होगा।
- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मे अब महानिदेशक, अपर महानिदेशक के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक भी हेड हो सकते हैं।
- कई विभागों यथा उत्पाद, कृषि, श्रम, कार्मिक, नगर विकास आदि के नियमावली में मैट्रिक, इंटर झारखंड से पास होने की अनिवार्यता को खत्म किया गया।
- बागवानी मिशन के लिए 16 करोड़ रुपये को सेविंग खाते में रखने की मंजूरी दी गई।
- अमृत योजना के तहत बड़कीसरैया में शहरी जलापूर्ति योजना के लिए 46 करोड़ रुपये की योजना मंजूर हुई।
- पूर्व मंत्री स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह के इलाज के दौरान हुए एयर एंबुलेंस में हुई खर्च की मंजूरी दी गई।
- एकलव्य मॉडल स्कूल को एनजीओ से चलाने के लिए मार्च 2023 तक इसी तरह कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित आश्रम विद्यालय पीवीटीजी आवासीय एसटीएससी प्राथमिक विद्यालय को भी एनजीओ से चलाने के लिए मार्च तक अवधि विस्तार दिया गया।
- एनटीपीसी करणपुरा टंडवा में गरही जलाशय के लिए 25 एकड़ जमीन एनटीपीसी को देने की स्वीकृति दी गई।
- डॉ. अरुण कुमार सिन्हा सिविल सर्जन धनबाद की अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया गया।



## सीएम ने राज्य के स्टेट टॉपरों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में राज्य स्तर पर 10वीं और 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित किया। रांची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022 में जैक बोर्ड, सीबीएससी बोर्ड और आईएससीई बोर्ड के 10वीं बोर्ड परीक्षा और 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले मेधावी बच्चों को सम्मानित किया है। इसके अतिरिक्त स्टेट ओलिंपियाड में टॉप करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया। छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ मुख्यमंत्री ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य सरकार ने आने वाली पीढ़ी के लिए एक नई योजना प्रारंभ की है। आज राज्य के मेधावी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## राजीव अरुण एक्का से ईडी ने की लंबी पूछताछ

**विशाल की वसूली के साक्ष्य व वीडियो दिखा ईडी ने पूछे सवाल**

**दिन के 11 बजे से रात सवा 9 बजे तक कई पहलुओं पर हुई पूछताछ**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के सचिव राजीव अरुण एक्का से ईडी के रांची जोनल ऑफिस में सोमवार को लंबी पूछताछ हुई। दिन के 11 बजे से रात करीब सवा नौ बजे तक ईडी के अधिकारियों ने राजीव अरुण एक्का को कई सारे डिजिटल साक्ष्य दिखाकर विशाल चौधरी से उनके संबंधों के विषय में पूछताछ की। वहीं, ईडी ने राजीव अरुण एक्का को वह वीडियो में दिखाया जिसमें वह विशाल चौधरी के दफ्तर में बैठकर काम करते दिख रहे हैं। ईडी के अधिकारियों ने इस वीडियो के विषय में राजीव अरुण एक्का से पूछा कि यह वीडियो कब का है, साथ ही वीडियो में वह किस दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, इस विषय में भी ईडी ने राजीव अरुण एक्का से जानकारी मांगी। हालांकि, ईडी के सवालों पर आईएएस अधिकारी ने क्या कहा, इसकी औपचारिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## शाह की सुरक्षा में सेंध, दो गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा के दौरान सुरक्षा का उल्लंघन करने के आरोप में बेंगलुरु से दो छात्रों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ कर रही है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए छात्रों की पहचान इमरान और जिब्रान के रूप में हुई है, दोनों बेंगलुरु के छात्र हैं और नीलासंद्रा के निवासी हैं। यह घटना रविवार देर रात हुई जब शाह बेंगलुरु में पार्टी मुख्यालय में कोर कमेटी की बैठक में भाग लेने के बाद दिल्ली के लिए वापसी की उड़ान भरने के लिए एचएएल हवाई अड्डे जा रहे थे। आरोपी छात्रों ने नियमों का उल्लंघन किया और अमित शाह के काफिले में सफीना प्लाजा से मणिपाल सेंटर तक अचानक प्रवेश किया। पुलिसकर्मियों ने उन्हें 300 मीटर तक रोकने की कोशिश की, लेकिन बाइक में सवार छात्र नहीं रुके।

## थका-हारा अतीक जेल में लेट गया

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद सोमवार को प्रयागराज की नैली जेल में पहुंच गया। जेल में आते ही अतीक ने सबसे पहले अपनी पगड़ी उतारी और फर्श पर ही लेट गया। जिस बैरक में पचास बंदी रखे जाते हैं उसमें अकेले ही अतीक को रखा गया है। जेल पहुंचते ही एक हेड जेल वार्डर, दो जेल वार्डर ने अतीक की तलाशी ली। उसका हाईट, वेट भी चेक हुआ। जेल में अतीक को वही खाना मिलेगा, जो बाकी के कैदी खाते हैं। अतीक के भाई अशरफ को भी बरेली जेल से लाकर नैली जेल में शिफ्ट किया गया है।

## सरकारी बंगला खाली करना होगा राहुल को

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सरकारी बंगला छोड़ने का नोटिस दिया गया है। संसद सदस्यता जाने के बाद लोकसभा की हाउस कमेटी ने ये नोटिस जारी किया है। राहुल गांधी 12 तुगलक लेन वाले सरकारी बंगले में रह रहे हैं। राहुल गांधी को 22 अप्रैल तक अपना सरकारी आवास खाली करना होगा। नोटिस के मुताबिक डिसक्वालिफिकेशन के एक महीने के अंदर राहुल गांधी को अपना सरकारी आवास खाली करना है। दरअसल, सूरत की एक अदालत ने 2019 में दर्ज आपराधिक मानहानि के एक मामले में उन्हें दो साल कारावास की सजा सुनाई थी।




## सावधानी जरूरी: कोविड व इंफ्लुएंजा दोनों ही होने पर खतरा ज्यादा

# दोनों ही श्वसन तंत्र को करते हैं संक्रमित

**बचने के लिए मास्क लगाएं, संक्रमित से उचित दूरी रखें**

**साफ-सफाई बनाए रखें, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं**

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

कोरोना की दूसरी लहर खत्म होने के बाद इन्फ्लूएंजा का प्रकोप बढ़ने लगा था। उसमें ज्यादातर को महीनों तक खांसी, जुकाम परेशान किया था। जिनको होता था वे कोविड है या सर्दी, जुकाम, बुखार या कुछ और के द्वंद में डरे-डरे रहते थे। कई चिकित्सकों का कहना है कि अब फिर खांसी-फ्लू व हल्के बुखार, श्वसन संक्रमण से लोग परेशान होने लगे हैं। इंफ्लुएंजा के एच3एन2 वायरस के कारण कई लोगों को गंभीर रोग भी हो गए, विशेषकर वे लोग जिनका इम्यून सिस्टम कमजोर रहा या जिनको पहले से कोई बीमारी थी। इंफ्लुएंजा तो फिर बढ़ ही रहा है, कोरोना वायरस के केस भी बढ़ने की बात कही जाने लगी है। कहा जा रहा है कि रोज लगभग 1300 से ज्यादा लोग संक्रमित हो रहे हैं। कोविड-19 व एच3एन2 इन्फ्लुएंजा दोनों ही श्वसन तंत्र को संक्रमित करते हुए सांस की गंभीर बीमारी का कारण बनते हैं।

देश में सांस की बीमारी के मामले बढ़ने लगे हैं। इन हालात में यदि किसी को कोविड-19 व एच3एन2 इन्फ्लुएंजा दोनों ही एक साथ हो जाए तब क्या होगा? इस बारे में चिकित्सकों का कहना है कि कोविड-19 और एच3एन2 इन्फ्लूएंजा दोनों ही के वायरस नाक के मार्फत शरीर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### कोविड-19 व इन्फ्लुएंजा दोनों के मामले आ रहे सामने

**चिकित्सकों** के अनुसार अभी तो कोविड-19 व इन्फ्लुएंजा दोनों के हल्के लक्षणों वाले रोग के ही मामले आ रहे हैं, लेकिन हृदय, किडनी, लीवर, कैंसर व इसी तरह के अन्य किसी गंभीर रोग के मरीज को इससे संक्रमित होने पर इसे गंभीर रूप से बढ़ने का खतरा हो सकता है। इसके कारण ऐसे लोगों को सावधान रहना चाहिए। क्योंकि, ऐसे कई लक्षण हैं जो एक या दोनों वायरल संक्रमणों में एक साथ विकसित हो सकते हैं। इनमें से गले में खराश, नाक से पानी गिरना, खांसी, बुखार, शरीर में दर्द, दस्त, कमजोरी, नाक बंद होना, छींक आना जैसे लक्षण आम हैं। इसके लिए जांच कराने पर ही स्थिति क्या है यह पता चलेगा और समय पर सही निदान हो सकता है। चूंकि, कोविड-19 व एच3एन2 दोनों ही श्वसन संक्रमण हैं, इसलिए बाहर मास्क पहनकर, हाथों को सैनिटाइज करते रहकर, संक्रमित लोगों से निर्धारित दूरी बनाकर इन दोनों संक्रमण से बहुत हद तक बचा जा सकता है। इसके अलावा अपने शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए उचित भोजन व कसरत आदि भी करते रहना होगा।

## अब यूपी में ओबीसी आरक्षण के साथ होंगे निकाय चुनाव

**योगी सरकार के गठित ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने किया स्वीकार**

**दो दिनों के भीतर नोटिफिकेशन जारी करने की मिली इजाजत**

**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली/लखनऊ**

उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण देने के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए योगी सरकार के पक्ष में बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनाव को लेकर योगी सरकार द्वारा बनाए गए ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार्य कर लिया है। साथ ही कोर्ट ने दो दिनों के भीतर निकाय चुनाव का नोटिफिकेशन जारी करने की इजाजत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से निकाय चुनाव में ओबीसी के आरक्षण को बाधित करने के विपक्ष के मंसूबों को करारा झटका लगा है।



वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# कल से तीन दिन तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में रामनवमी जुलूस को लेकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में तीन दिन बदलाव हो सकता है। 29 को शाम चार बजे से 31 मार्च सुबह छह बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गणतव्य तक परिचालित होंगे। वहीं 29 शाम चार से 30 सुबह छह बजे तक किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महावीर चौक, शहीद चौक, सुभाष चौक के मार्ग पर भी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा की ओर से रूट चार्ट जारी किया गया है। ट्रैफिक एसपी ने कहा है कि स्थिति को देखते हुए रूट चार्ट में आगे बदलाव भी किया जा सकता है।

**इन मार्गों पर नहीं ले जा सकते वाहन :** अपर बाजार, महावीर चौक की ओर से आनेवाले सभी प्रकार के रिक्शा, छोटे-बड़े दोपहिया व चार पहिया वाहन का प्रवेश नागाबाबा खटाल, जाकिर हुसैन पार्क, किशोरी यादव चौक, शहीद चौक, सुभाष चौक, ग्वाला टोली, श्रद्धानंद रोड, गांधी चौक, रातू रोड गोलचक्कर की ओर से प्रवेश वर्जित रहेगा। एसएसपी आसवा चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सरकुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुंच सकेंगे। उसी जगह से अन्य मार्गों पर परिचालित होंगे। जाकिर हुसैन पार्क से कमीश्नर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित है। पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमीश्नर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश पर रोक रहेगा चडरी तालाब से अलबर्ट एक्का चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। एसएन गांगुली रोड, विष्णु गली, बुधिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। कर्बला चौक से रतन पीपी की ओर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। पीपी कंपाउंड से सुजाता चौक की तरफ आने वाले वालों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहेगा। राजेंद्र चौक से ओवरब्रिज, सुजाता चौक की ओर से सभी प्रकार के वाहन का परिचालन बंद रहेगा। पिस्का मोड़ से रातू रोड न्यू मार्केट चौक की तरफ वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

**ऐसे होगा रूट डायवर्ट :** हजारीबाग व टाटा से आनेवाली बसें खादगढ़ा बस स्टैंड, इटकी गुमला रोड से आनेवाली बसें आइटीआइ बस स्टैंड तक, खूंटी रोड से आनेवाली बसें बिरसा चौक तक ही आ सकेगी और वापस उसी रोड से भेजे जाएंगे। कांके रोड से आनेवाली बड़ी गाडयां चांदनी चौक तक ही आयेंगी और वहीं से वापस जायेंगी। हजारीबाग रोड से जिन ट्रकों को इटकी व पलामू रोड जाना हो वे खेलगांव होते हुए टाटीसिलवे, नामकुम, नया सराय, कटहल मोड़ की ओर से जाएंगे। नामकुम की ओर से आनेवाले बड़े मालवाहक वाहन टाटीसिलवे होते हुए हजारीबाग रोड की ओर जाएंगे।

## अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच विभेद पैदा करने का हो रहा प्रयास : संघ

**रांची।** कोल इंडिया प्रबंधन में बैठे अधिकारियों की गलत नीतियों के कारण कोयला क्षेत्र का औद्योगिक माहौल खराब हो रहा है। 11वें वेतन समझौता को लटकाकर और समझौते के बावजूद 19 प्रतिशत एमजीबी पर उहापोह की स्थिति पैदा कर एक तरफ जहां मजदूरों को भड़काने का काम किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कंपनी में योगदान देने वाले नए अधिकारियों का 30-35 वर्षों तक काम करने वाले कामगारों के वेतन से तुलना कर अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच विभेद पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। ये बातें जनता मजदूर संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कही। 19 प्रतिशत एमजीबी एवं वेतन समझौता लागू करने की मांग को लेकर संघ ने सोमवार को सीसीएल मुख्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कोयला मजदूरों के खत्म होते सामाजिक सुरक्षा की समस्यायों को भी उठाया।

# नव दुर्गा पंडाल में मां कात्यायनी की पूजा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सोमवार के दिन सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सार्वजनिक नवदुर्गा पूजा पंडाल बूढ़ाआम में पंडित मृत्युंजय पांडे के द्वारा दोपहर 12 बजे से मां का छठा रूप मां कात्यायनी की पूजा मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि इस पूजा से मनुष्य का सर्व कार्य सिद्ध हो जाता है तथा मनोकामना पूर्ण हो जाती है। इस पूजा को करने से मानसिक संतुलन भी बना रहता है और अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए भी सुलभ हो जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि कात्यायन नामक एक मुनि थे जिनका एक पुत्री कात्यायनी थी उन्हीं पर आज का पूजा संपन्न कराया गया। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण कमेटी के लोगों के द्वारा किया गया।

आज की इस पूजा में सार्वजनिक नव दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# 32 सदस्यीय झारखण्ड सब जूनियर थ्रोबॉल टीम छत्तीसगढ़ के लिए रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय थ्रोबॉल संघ एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान में 28 से 30 मार्च 2023 तक मनसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भिलाई, छत्तीसगढ़ में आयोजित हो रहे 30वीं सब जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 32 सदस्यीय झारखंड सब जूनियर (बालक/ बालिका) टीम आज रवाना हुई।

झारखंड टीम के झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ। राजेश गुप्ता ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ी पूरी लगन एवं अनुशासन के साथ खेल का आंनद लें। एक बार मे एक मैच को जीतने की प्लानिंग करें। ऐसा करना से सफलता जरूर हासिल होगी। झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती विजेता वर्मा ने खिलाड़ियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि झारखंड की बालक एवम बालिका टीमों ने पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं इसलिए उनसे अपेक्षाएं है कि वह इस कार्य मे निरंतरता लाएंगे। खेल में विजयी होने के लिए एकाग्रता महत्वपूर्ण है। जब खिलाड़ी मैदान में उतरे तो शारीरिक एवम मानसिक ऊर्जा को संयुक्त रूप अप्लाई करें, इससे निश्चित ही प्रदर्शन में अतुलनीय निखार आएगा और लक्ष्य की प्राप्ति होगी। झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के डॉ। राजेश गुप्ता, विजेता वर्मा, भरत कांशी, आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, जमील अंसारी, सुनील चक्रवर्ती नगीना कुमार, राजेश कुमार, अजीत पासवान, गौरव सिंह, कीर्ति कुमार, सोनू सिंह, नीरज वर्मा, देवव्रत कुमार, अमित कुमार, नीतीश सिंह, अंशुतोश कुमार, भवानी शंकर महतो, सुनीता महतो आदि ने अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें निम्न हैं : सब जूनियर बालक टीम : राहुल थापा (कप्तान), सिकंदर कुमार, सोनू वर्मा, राकेश रौशन, अंकित यादव, अभय कुमार, रूपचंद बस्के, संजीत हेंब्रम, रुद्रानिल मुखर्जी, आयान अंसारी, साहिल कुमार, अभय कुमार, आमिर अंसारी,अभिषेक कुमार, रेहान अंसारी, राजेश कुमार (प्रशिक्षक), नगीना कुमार (प्रबंधक) सब जूनियर बालिका टीमः श्रृष्टि कुमारी, मधुबाला कुमारी, प्रतिमा कुमारी, मिलीता टुडू, परमिला सोरेन, क्वीन ठाकुर (प्रशिक्षक), सुनीता महतो (प्रबंधक) शामिल हैं।

## आर्मी अधिकारी बनकर व्यवसायी से 1.22 लाख की ठगी

**रांची।** धुर्वा सेक्टर फोर के रहने वाले निरंजन कुमार से आर्मी का अधिकारी बनकर 1.22 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। साइबर अपराधियों ने इस घटना को बीते 23 मार्च को अंजाम दिया है। इस संबंध में निरंजन ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। निरंजन ने पुलिस को बताया कि उसकी पेबर्स ब्लाक की फैक्ट्री है। दीपाटोली आर्मी कैंट से एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और एक गाड़ी पेबर्स ब्लाक का आर्डर दिया। कहा कि अगर माल उनके पास तैयार है तो वे तुरंत भेज दे। उन्हें ऑनलाइन पेमेंट कर दिया जाएगा। कुछ देर बाद फिर से व्यवसायी को फोन किया और कहा कि सरवर डाउन है। इसलिए वे पेमेंट नहीं कर पा रहे हैं। ठग ने उनसे कहा कि वह एक लिंक उन्हें भेज रहे हैं। उसको वे क्लिक कर दें। राशि उनके खाते में चली जाएगी।

# जैव प्रौद्योगिकी संस्थान और शैक्षणिक अनुसंधान में समझौता



**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** नामकुम के लालखंटगा स्थित भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएबी) में सोमवार को (आईआईएबी) और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के बीच एक समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस दौरान डॉ. ओएन सिंह, कुलपति, बीएयू और डॉ. सुजय रक्षित, निदेशक, आईसीएआर-आईआईएबी के बीच समझौता का आदान-प्रदान किया गया। इस मौके पर आईसीएआर-आईआईएबी के डॉ. बीके सिंह और बीएयू के डॉ. शैलेश चट्टोपाध्याय,डिप्टी रजिस्ट्रार (शैक्षणिक) उपस्थित थे। इस समझौते में छात्र और संकाय के आदान-प्रदान और अनुसंधान बुनियादी ढांचे को साझा करने के संदर्भ में दो अनुसंधान और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग की परिकल्पना की गई है। भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान राँची के गरखटंगा में स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में काम कर रहा है। इसे कृषि जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मानव संसाधन विकसित करने और पौधों, जानवरों, मत्स्य पालन और रोगाणुओं के एक इंटरफेस के रूप में अनुसंधान करने का अधिकार है। भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान ने हाल ही में विभिन्न क्षेत्रों में एमएससी के साथ बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम की शुरूआत की है। दूसरी ओर, बीएयू कृषि के विभिन्न क्षेत्रों को शामिल करते हुए शिक्षण और अनुसंधान के लंबे इतिहास वाला राज्य एक मे व कृषि विश्वविद्यालय है।

# सिविल कोर्ट से लौट रहे कैदी चलते वाहन में भिड़े दो गैंगस्टर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बरियातू रोड में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कुख्यात कैदियों को सिविल कोर्ट में पेशी करवा कर लौट रहे वाहन के अंदर ही दो कुख्यात अपराधी आपस में ही भिड़ गए। कैदी वाहन के चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को रांची के बरियातू थाना के कैंपस में घुसा दिया जिसके बाद मौके पर मौजूद थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने संगीनों के साए में सभी कैदियों पर काबू पाया।

**क्या है पूरा मामला :** मिली जानकारी के अनुसार रांची के कुख्यात अपराधी लवकुश शर्मा और राज वर्मा दोनों को ही रांची जेल से एक मामले में पेशी के लिए अदालत लाया गया था। अदालत में पेशी के बाद अन्य कैदियों के साथ कैदी वाहन में ही राज वर्मा और लव कुश शर्मा को पुलिस सुरक्षा में वापस जेल भेजा जा रहा था। इसे भी लव कुश शर्मा और राज वर्मा में एक पुरानी बात को लेकर कहासुनी हुई और देखते ही देखते दोनों एक-दूसरे से भिड़ गए। भवन के बाहर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों को चेतावनी दी कि वह लोग लड़ाई बंद कर बैठ जाए लेकिन वह नहीं माने जिसके बाद कैदी वाहन के चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को सीधे बरियातू थाने में घुसा दिया। जैसे ही कैदी वाहन बरियातू थाने में प्रवेश किया कैदी वाहन के चालक और सुरक्षाकर्मियों ने बरियातू थाना प्रभारी ज्ञानरंजन को पूरे मामले की जानकारी दी ,जिसके बाद आनन-फानन में थाना के गेट को बंद कर दिया गया और हथियारों से लैस जवानों ने कैदी वाहन को घेर लिया। हथियारबंद पुलिसकर्मियों ने सभी कैदियों को चेतावनी दी कि वे चुपचाप वाहन के अंदर बैठ जाए साथ ही लव कुश शर्मा और राज वर्मा को भी चेतावनी दी गई। पुलिसकर्मियो ने राज वर्मा और लव कुश शर्मा को कैदी वाहन से बाहर निकाल कर दोनो पर काबू पाया गया।

**दोनों हुए चोटिल :** जानकारी के अनुसार लवकुश शर्मा और राज वर्मा की आपसी लड़ाई में दोनों को चोटें भी आई हैं ,दोनों का ही रिम्स में इलाज करवा कर बरियातू पुलिस की सुरक्षा में कैदी वाहन को वापस रांची जेल भेजा गया। गौरतलब है कि लव कुश शर्मा और राज वर्मा के गैंग के बीच पुरानी अदावत है।

# पशुपालकों के लिए पोषण विषयक सेमिनार आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गव्य विकास निदेशालय झारखंड के तत्वावधान में सोमवार को प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा में डेयरी पशुपालकों के लिए गव्य प्रबंधन सह पशु-पोषण विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए गव्य विकास निदेशालय के पूर्व सहायक निदेशक रविंद्र कुमार सिन्हा ने पशुपालकों को पशुओं के खानपान और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। श्री सिन्हा ने पशुपालकों को बताया कि गर्भावस्था के दौरान गायों के खानपान और रखरखाव के लिए किन-किन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने पशुपालकों से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। वहीं, गव्य तकनीकी पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने दुधारू नस्ल की पहचान एवं गौशाला प्रबंधन के बारे में पशुपालकों को जानकारियां दी। प्रशिक्षक डॉ.एमएस प्रकाश ने विभागीय योजनाओं की जानकारी पशुपालकों को देते हुए इसका लाभ उठाने पर बल दिया। डॉ.प्रकाश ने पशुपालकों को बताया कि गव्य प्रबंधन एवं पशुओं का पोषण करने के लिए कौन-कौन से आवश्यक तत्व जरूरी हैं।

# बिरसा स्टेडियम में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू**

सरहुल मिलन समारोह का आयोजन प्रखंड के बिरसा स्टेडियम बुढ़मू में किया गया। सरहुल मिलन समारोह में प्रखंड के कई गांव के खोड़ा मंडली पारंपरिक तरीके से वेशभूषा में ढोल नगाड़े के साथ मुख्य पथ बुढ़मू से झूमते नाचते गाते हुए बिरसा मुंडा स्टेडियम बुढ़मू पहुंचे। बिरसा स्टेडियम बुढ़मू में सर्व प्रथम पहुंचे अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सरहुल मिलन समारोह में पहुंचे प्राचीन मुंडा धर्म संस्था के लोग पारंपरिक तरीके से वेशभूषा में ढोल नगाड़े के साथ स्टेडियम परिसर बुढ़मू में प्राचीन मुंडा धर्म संस्था के सचिव डॉक्टर चंद्रदेव मुंडा के नेतृत्व में खूब झूमे, और अपने नृत्य व काला को प्रस्तुत किया। साथ ही आदिवासी सरना समिति के प्रखंड अध्यक्ष सोनू मुंडा के नेतृत्व में विभिन्न गांव के खोड़ा मंडली स्टेडियम बुढ़मू पहुंचे, और ढोल नगाड़े के साथ पारंपरिक वेशभूषा में खूब झूमे। सरहुल मिलन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड के उप प्रमुख हरदेव साहू , प्रखंड के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू , पूर्व उप प्रमुख जगजीवन महतो, प्राचीन मुंडा धर्म संस्था के सचिव डॉ चंद्रदेव मुंडा, प्राचीन मुंडा धर्म संस्था के अध्यक्ष महेंद्र मुंडा, कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार मुंडा, सारले पंचायत के मुखिया सुमित्रा देवी, सीआरपी शिक्षक जनक मुंडा व कई पंचायत के मुखिया सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। साथ ही उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य लोगों को कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। सरहुल मिलन समारोह में पहुंचे विभिन्न गांव के खोड़ा मंडली एवं ग्राम प्रधान व पाहन को प्रखंड के जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## बैठक | उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

# पदाधिकारियों को दिये गए कई दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न योजनओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ, झारखंड शिक्षा परियोजना, विभिन्न प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, एसडीएमआईएस, यू-डीआईएसई एवं चाइल्ड इंट्री, ई-विद्यावाहिनी में बैंक खाता इंट्री, आधार इंट्री एवं शिक्षक-छात्र उपस्थिति, पोशाक तथा एमडीएम की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने की समीक्षा की। उपायुक्त द्वारा प्रखंडवार स्कूलों में नामांकित बच्चे और जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु प्राप्त आवेदन और निष्पादन की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि कितने बच्चों को प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अंचल कार्यालय में जाकर पता करें। समीक्षा के दौरान प्रज्ञा केन्द्र द्वारा आवेदन के बाद पावती नहीं देने की शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित सीएससी को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान ही सीएससी मैनेजर को बुलाकर उपायुक्त ने शिकायत के निष्पादन के लिए सभी सीएससी से समन्वय स्थापित करने का निदेश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में लोगों को परेशानी न हो यह सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बनाये जा चुके प्रमाण पत्र को स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में बच्चो के बीच वितरित करने को कहा। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को यथाशीघ्र लक्ष्य प्राप्त करने के निदेश दिये। जिला शिक्षा अधीक्षक ने एडीपीओ को जति प्रमाण पत्र और सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए सभी बीईईओ को प्रपत्र उपलब्ध कराने का निदेश दिया ताकि आंकड़े अंतिम रुप से एकत्रित किये जा सके और कोई भी योग्य छात्र-छात्रा योजना से वंचित न रहे। एसडीएमआईएस तथा यू-डीआईएसई और चाइल्ड इंट्री की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने खराब प्रदर्शन करनेवाले प्रखंड को जल्द से जल्द सुधार के निर्देश दिये। ई-विद्यावाहिनी में बैंक खाता इंट्री, आधार इंट्री एवं शिक्षक-छात्र उपस्थिति को लेकर उपायुक्त ने गंभीरता से कार्य करने को कहा। बैंक खाता एवं आधार इंट्री पर उपायुक्त ने स्कूलों के प्रधानाध्यापक को टास्क देने का निदेश दिया ताकि संबंधित स्कूलों के सभी बच्चों का जल्द से जल्द आधार एवं बैंक खाता इंट्री ई-विद्यावाहिनी में हो सके। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षा विभाग की जितनी भी योजनाएं चलायी जा रही हैं उनपर फोकस रहते हुए कार्य करें और लक्ष्य प्राप्त करें।

## मुरी- सिल्ली पुलिस द्वारा रामनवमी पूर्व फ्लैग मार्च किया गया



**मुरी।** सोमवार को संध्या 5 बजे से मुरी और सिल्ली पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में फ्लैग मार्च निकाला गया यह फ्लैग मार्च झारखंड मोड से चलकर सिंगपुर चौक होते हुए छोटामुरी रेलवे मार्केट तक किया गया। इस दौरान मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार और सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने लोगों से अपील किया कि रामनवमी का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी तरह का अफवाह की ओर ध्यान ना दें। इस मौके पर सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन, मुन्ना कुमार सिंह, राधेश्याम राय समेत दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# नामकुमः हाईटेंशन पूजा पंडाल भक्तों के लिए खोला




**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**

श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा समिति कि ओर से शुक्रवार को लोअर चुटिया हाईटेंशन पूजा पंडाल में छठे दिन माता कात्यायनी की पूजा की गई। इस पूजा में पुरोहित अजीत चक्रवर्ती जजमान, भूनु साहू बबलू चैधरी एवं उपवास रखकर मां की पूजा एवं आराधना कर रहे हैं। समिति के संरक्षक शंकर महतो आनंद केसरी व अध्यक्ष विकास जयसवाल ने बताया कि चैती दुर्गा पूजा में मां दुर्गा के साथ कुल 25 मुख स्थापित है तथा कलश स्थापना के साथ ही पूजा पंडाल भक्तों के लिए खोल दिया गया है। श्रीराम सेना कि ओर से 501 महिलाओं को माता की चुनरी भेंट स्वरूप माता की शोभायात्रा दौरान वितरण किया गया जाएगा। समिति ने सभी माता की शोभायात्रा में पीला वस्त्र धारण करके पंडाल में पहुंचकर श्रीराम सेना की शोभायात्रा में शामिल होने कहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपेश पाठक बाबा, नीरज सिंह, ,राजेश, विष्णु,शेखर,पंकज, संतोष, मनोज, रवि ,अनूप, अमर, सोनू, जॉनी , संदीप, बबलू, रवि ,राजू,अनूप, आशीत, शिवम मोदी, सोनू, यशराज, प्रिंस, राजू, बबलू, आदि लोग शामिल है।

# नवरात्र, छठ और रमजान को लेकर फलों की दुकानें सजीं, उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नवरात्र, रमजान और चैती छठ को लेकर फलों का बाजार गुलजार है। लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्र और चैती छठ की पूजा में भक्त लीन हैं। इसके साथ मुस्लिम समुदाय का रमजान भी चल रहा है। ऐसे में लोग बढ़ चढ़ कर खरीदारी कर रहे हैं। फल दुकान में भीड़ ज्यादा दिख रही है। रांची के डेली मार्केट सहित सेब, संतरा, अंगूर, अनार, नारियल, केला, तरबूज आदि फलों की सैकड़ों दुकानें और ठेले लगे हैं। सोमवार को चैती छठ का पहला अर्घ्य है और इसे लेकर फलों का बाजार पूरी तरह से सज कर तैयार है। इसके अलावा रमजान और नवरात्र को लेकर भी फलों की डिमांड बढ़ गई है। बड़े पैमाने पर लोग फलों की खरीदारी करने बाजार पहुंच रहे हैं। थोक बाजार में फलों की कीमतों में मामूली बढ़त देखी जा रही है। इसके बावजूद खुदरा बाजार में फलों की कीमत सामान्य बनी हुई है, जिसके कारण यहां की खरीदारी पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। नवरात्र और चैती छठ पर लोगों का कहना है कि चैती छठ में फलों की अहमियत बढ़ जाती है। फलों को लोग दौरे में सजा कर घाट पर ले जाते हैं। इधर मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना है कि रामजान का महीना बिना फल के अच्छा नहीं लगता है। गरीब हो या अमीर सभी अपने-अपने हैसियत के लिहाज से फलों की खरीददारी करते हैं और इफ्तार की शोभा बढ़ाते हैं। पर्व को लेकर शहर के चौक-चौराहनों पर काफी लोग ठेले में रखकर फलों को बेचते नजर आ रहे हैं। इफ्तार का समय नजदीक होते ही लोगों की भीड़ फलों की दुकान उमड़ने लगती है। लोगों का कहना है कि फल महंगे हो सस्ते बिना इसके इफ्तार करना बेहतर नहीं होता।

# डॉ. शाश्वत का चयन न्यूयॉर्क के इंटरनल मेडिसिन में हुआ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के कांके प्रखंड के पिठोरिया निवासी डॉ. शाश्वत कृति केसरी ने उच्च चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में अपने गांव, शहर और झारखंड का मान बढ़ाया है। डॉ. शाश्वत कृति केसरी का चयन न्यूयॉर्क के इंटरनल मेडिसिन में हुआ है। साल 2015 में शाश्वत का चयन एमबीबीएस के लिए एम्स भोपाल में हुआ था। वहां से एमबीबीएस करने के बाद उन्होंने यूएसएमएलई की परीक्षा पास की। चार महीने अमेरिका में रहकर क्लिनिकल एक्सपीरियंस लिया। इसके बाद उनका चयन न्यूयॉर्क राज्य के मोंटेन्टेफायरे संत लूकास कॉर्नबेल मेडिसन कॉलेज न्यूबर्ग में हो गया है। वहां से वे इंटरनल मेडिसिन में तीन साल तक रेसीडेंसी करेंगे। बता दें कि यूएसएमएलई की परीक्षा में पूरे विश्व के डॉक्टर बैठते हैं, जिनमें कुछ लोगों का ही चयन हो पाता है। शाश्वत रांची जिला के पिठोरिया गांव के साहित्यकार डॉक्टर बीपी केसरी के पोते हैं, उनकी मां डॉ. सुनीता केसरी बीआईटी मेसरा में फिजिक्स की प्रोफेसर हैं और पिता डॉ। संजय कुमार केसरी रांची के जाने-माने चिकित्सक रेडियोलॉजिस्ट हैं। शाश्वत की सफलता पर पूरा परिवार, पिठोरिया क्षेत्र और झारखंड गौरवान्वित है।

## अदालत की खबरें

### हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू को जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सोमवार को हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने भीखन को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। अदालत ने यह शर्त रखी है कि भीखन का बेलर उसका कोई नजदीकी रिश्तेदार बनेगा। यह मामला हत्या आर्म्स एक्ट और 17 (सीएलए) क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट एक्ट से जुड़ा हुआ है, जिसमें रामगढ़ जिले के पतरातू थाने में भीखन गंझू के खिलाफ कांड संख्या 262 /2019 दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि रांची पुलिस ने वर्ष 2022 में पंडरा इलाके से 10 लाख के इनामी नक्सली भीखन गंझू को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। भीखन उग्रवादी समूह टीपीसी का कमांडर है। पिपरवार के अशोका, टंडवा के मगध-आम्रपाली परियोजना में टेरर फंडिंग के केस में भी भीखन गंझू आरोपित है।

### पूर्व विधायक ममता देवी को मिली जमानत

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में सोमवार को रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को गोला गोलीकांड के दो अलग-अलग मामलों में मिली सजा को चुनौती देने वाली क्रिमिनल अपील पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने ममता देवी को हजारीबाग केस में जमानत दे दी, जबकि रामगढ़ केस में सुनवाई के लिए 31 मार्च की तिथि निर्धारित की है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोला नाथ ओझा ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक ममता देवी को रामगढ़ सिविल कोर्ट और हजारीबाग सिविल कोर्ट ने दो अलग-अलग मामलों में सजा सुनाई है। एक मामले में 13 दिसंबर 2022 को उन्हें पांच साल की सजा मिली थी।

### वाईबीएन विवि में जागरूकता रैली का किया आयोजन

# पैसा लेने पर होगी कार्रवाई




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रखंड कार्यालय नामकुम एवं वाईबीएन विश्वविद्यालय की एनएसएस समिति ने सहेदा ग्राम पंचायत- हुडवा, प्रखंड नामकोम में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' जागरूक्ता रैली आयोजित की। जागरूकता रैली की शुरूआत मध्य विद्यालय सहेदा से किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच जागरूकता फैलाने को लेकर एवं योजना की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने को लेकर एवं 37 लंबित आवासों का निर्माण ससमय पूर्ण कराने के लिए यह रैली आयोजित की गई। योजना के बारे में बताते हुए चलें कि प्रखंड विकास पदाधिकारी नामकुम, ज्ञान शंकर जायसवाल ने बताया कि इस योजना के तहत हर लाभार्थियों को 3 अलग-अलग किस्तों में 40-85-05 हजार करके 1 लाख 25 हजार रुपए आवास बनाने के लिए दिए जा रहे हैं एवं मनरेगा से मजदूरी की राशि दी जा रही हैं। सभी चयनित लाभार्थियों को आवास निर्माण का कार्य 31-03-23 तक पूर्ण कर लेना है अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बिचौलिए को किसी भी कीमत पर एक भी रुपए नहीं दें। आवास के लाभुकों में मनसा देवी, सूरज उरांव, सारो देवी एवं अन्य लाभुक उपस्थित थे। साथ ही वृद्धा पेंशन योजना के छुटे हुए लाभुकों को भी चिन्हित कर पेंशन फॉर्म भरने को कहा गया। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी नामकुम, प्रखंड ज्ञान शंकर जायसवाल ने बताया कि अब समाज का कोई भी व्यक्ति जो 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र का वृद्ध हो तथा अन्य पेन्शन धारक नहीं हो, समाज की कोई भी परित्यक्त महिला /विधवा/ निराश्रित हो, दिव्यांग, आदिम जनजाति का हो, एचआईवी पीड़ित हो, उसे राज्य सरकार पेंशन दे रही है। महीने के पहले सप्ताह में ही पेंशन का भुगतान लाभुक के खाते में किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड ज्ञान शंकर जायसवाल, एलईओ नामकुम रेनू कुमारी,जिला परिषद सदस्य रीता होरो,पंचायत समीति सदस्य कल्याण लिंडा, मुखिया, ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण सहित एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अर्पणा शर्मा,एनएसएस कोऑर्डिनेटर इ० कौशल किशोर, एनएसएस मेंबर्स देवयानी एवम ग्रामीण मौजूद थे ।

### कोइरी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने प्रताप कुमार कुशवाहा

**रांची।** राष्ट्रीय कोइरी महासभा ने प्रताप कुमार कुशवाहा को कोइरी महासभा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। रविवार को होटल कार्डल इन में हुई बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट मनीष मेहता ने इसकी घोषणा की। राष्ट्रीय महासचिव राजू रंजन कुशवाहा को झारखंड प्रदेश प्रभारी बनाया गया है, जबकि सुबोध कुमार कोइरी को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में राज्य के कोइरी समाज को एकजुट करने सहित कई मुद्दों पर विमर्श किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने बताया कि समाज के सशक्तीकरण पर काम किया जाएगा। राज्य में कोइरी समाज के हित में कार्य कर रहे सभी संगठन को एक मंच पर लाया जाएगा। वहीं 29 मार्च को रांची सहित सभी जिले में प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान की जयंती पर समारोह किया जाएगा। मौके पर दीपक मेहता, अनुज कुमार समेत सभी जिले के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पहली बार रोजा रख कर खुश हो रहे हैं ये बच्चे





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
खुदा से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती। रमजान माह में रोजेदार रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं। इसमें बच्चे भी पीछे नहीं हैं। रांची क्षेत्र में बड़ी संख्या में बच्चे भी इस बरकत के महीने में इबादत कर रहे हैं। खासकर ऐसे बच्चे अधिक उत्साहित हैं जो अपने जीवन में पहली बार रोजा रख रहे हैं। दिन भर रोजे में रहने के बाद वे इफ्तार करने की खुशी बच्चों में कुछ अलग ही देखा जा रहा है। सिटी पॉलिक स्कूल की दूसरी क्लास की छात्रा सिदरा जन्नत अपने पिता मौलाना अब्दुल माजिद, माता हुमा परवीन के साथ साथ रोजा रख रही है। पांचवी क्लास के मो. जुनैद अपने पिता जाहिद खान, माता सैयदह परवीन के साथ रोजा रख रहा है। बच्चो का कहना है कि पहली बार रोजा रखकर उसे काफी खुशी महसूस हो रही है। उलेमा से सुना है कि बच्चे अपने घर से ही सीखते हैं। इसलिए जहां तक हो सके अपने घरों को दीनी माहौल बनाएं। इस पाक माह का रोजा बहुत ही बरकत वाला है। इसमें हर गुनाहों की तलाफी होती है। इस माह में लोगों को जितना हो सके इबादत करें और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगे। अल्लाह का फरमान है कि अगर कोई बंदा इस माह में सिदक दिल दुआ मांगता है और अपने गुनाहों की माफी मांगात है हम उसे तुरंत माफ करते हैं। इसलिए हदिसों में आया है कि जितन हो सके कसरत से दुआ मांग और कसरत से इबादत करें। अल्लाह उसे जरूरी माफ करेंगे।

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के पंडाल का उद्घाटन आज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से कचहरी रोड स्थित भुतहा तालाब परिसर में बने पूजा पंडाल का मंगलवार को दिन के दस बजे अनुष्ठान के साथ उद्घाटन होगा। इसके बाद पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने बताया कि पंडाल के उद्घाटन के मौके पर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी कौशल किशोर, एडीम राजेश्वर नाथ आलोक, किशोर साहू, रमेश सिंह, राजकुमार गुप्ता, संजय सिंह समेत अन्य उपस्थित रहेंगे। बताया गया कि देर शाम में समिति की ओर से तीसरी मंगलवारी पर घोल निकाला जाएगा। इसमें श्री हनुमान की झांकी आर्षण के केंद्र में रहेगी। कमेटी की ओर से महावीर चौक स्थित बजरंग बली मंदिर में 101 किलो लड्डू का भोग चढ़ाया जाएगा। इधर, डोरंडा स्थित श्री शिव, महावीर मंदिर की ओर से महाष्टमी पूजा एवं आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। कमेटी की ओर से मंदिर एवं इसके आसपास के इलाके में मनोहारी विद्युत सज्जा की गई है। कई तोरणद्वार भी बनाए गए हैं। समिति के अध्यक्ष अनिल प्रधान, महामंत्री शम्भू गुप्ता, नंदकिशोर पासवान, लखन राय, बंटी मालाकार समेत अन्य तैयारी में जुटे हुए हैं। यह हिन्दुस्तान अखबार की ऑटोमेटेड न्यूज फीड है, इसे लाइव हिन्दुस्तान की टीम ने संपादित नहीं किया है।

### रीति-रिवाजों और परंपराओं में बना त्योहार है सरहुल

**रांची।** रामलखन सिंह यादव कॉलेज के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की ओर से सोमवार को कॉलेज अखड़ा में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विभाग के अध्यक्ष डॉ खालिक अहमद ने कहा कि सरहुल ही एक ऐसा पर्व है, जिसमें किसी प्रशासन की आवश्यकता पूरे राज्य में कहीं नहीं पड़ती। बड़े ही उल्लास के साथ लाखों की तादाद में लोग निकलते हैं। सरहुल से हमें यह सीखने की जरूरत है कि किस तरह से लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं। सरहुल रीति-रिवाजों और परंपराओं में बना त्योहार है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोक कलाकार पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने सरहुल से जुड़ी कहानी और गीत सुनाए। उन्होंने गांव छोड़ब नाहीं, जंगल छोड़ब नाहीं... और नागपुरी गीत नागपुर कर कोरा..., सुनाकर समां बांधा। वहीं, अशोक कुमार महतो ने खोरठा गीतों से सबको झुमाया। प्राचार्य डॉ जेपी सिंह ने कहा कि कॉलेज का टीआरएल विभाग सबके लिए आन, बान और शान है।

### मनरेगा में मजदूरी दर में 18 रुपए की बढ़ोतरी

# मनरेगा: एक अप्रैल से हर दिहाड़ी मजदूर को मिलेंगे 255 रुपये



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। झारखंड में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) श्रमिकों को 1 अप्रैल 2023 से प्रतिदिन 228 रूपए की मजदूरी मिलेगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्यवार प्रतिदिन मजदूरी की दर का राजपत्र में प्रकाशन कर दिया गया है। मनरेगा के तहत काम करने वाले अकुशल हस्त कर्मकारों हेतु झारखंड के लिए 228 रूपए प्रतिदिन की मजदूरी तय की गई है। यह नई दर 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 210 रूपए मजदूरी दर निर्धारित थी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इसमें 18 रूपए की बढ़ोतरी की गई है। बता दें कि झारखंड अभी केन्द्रांश के 210 रुपये और राज्य मद से 27 रुपये अलग से दे रहा है। यानी अभी 237 रुपये मिलते हैं। भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रति मानव दिवस मजदूरी 228 रुपए एवं राज्य योजना मद से 27 रुपए झारखंड सरकार वहन करेगी और झारखंड में मनरेगा श्रमिकों को कुल मिलाकर 255 रुपए का भुगतान किया जाएगा।

### रिम्स में डॉक्टरों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम

**रांची।** राजस्थान में लागू राइट टू हेल्थ बिल के खिलाफ सोमवार को रिम्स में डॉक्टरों ने काला बिल्ला लगाकर काम किया। डॉक्टरों का कहना है कि यह बिल डॉक्टरों के हित में कहीं से नहीं है। इस बिल के तहत डॉक्टर किसी भी इमरजेंसी मरीज का इलाज करने के लिए बाध्य हैं। सरकारी या प्राइवेट संस्थान में बिना किसी पैसे के इलाज करने को बाध्य होंगे। इसके बाद मरीजों के इलाज का भुगतान कैसे और किस माध्यम से होगा, इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है।

डॉ जयदीप जेडीए के अध्यक्ष डॉ जयदीप ने बताया कि इस बिल में सबसे बड़ी परेशानी यह है कि इलाज में किसी तरह की लापरवाही और गड़बड़ी पाए जाने पर डॉक्टरों को दो साल तक की सजा दी जाएगी। जिसकी जांच का जिम्मा आईएएस अधिकारियों को दिया जाएगा। डॉ जयदीप ने सवालिया लहजे में पूछा कि क्या आईएएस अधिकारियों को मेडिकल के इलाज से संबंधित जानकारी होती है? ऐसे में वो किस आधार पर जांच करेंगे।

**कार्यशाला** तेलहनी- दलहनी फसल पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

# झारखंड राज्य में मिलेट फसल की विशेष संभवनाएं




**मिलेट फसलों के आच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में बढ़ोतरी के साथ निर्यात को बढ़ावा दिया जा सकता है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत के प्रयासों से मिलेट के पोषक गुणों एवं आहार में महत्त्व को वैश्विक पहचान मिली है। आज पुरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष-2023 मनाया जा रहा है। मिलेट फसलों के आच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता के साथ निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार काफी सक्रिय है। झारखंड राज्य में भले ही हमारे थाली में मोटा अनाज (मिलेट) दूर हो गयी है, लेकिन प्रदेश में मोटे अनाजों की खेती सदियों से प्रचलित रही है। प्रदेश में मड़ुआ (रागी), ज्वार और बाजरा प्रमुख मिलेट फसलें है और सर्वाधिक रागी की खेती की जाती है। बीएयू ने रागी की चार उन्नत किस्में विकसित की है। वैज्ञानिकों द्वारा मिलेट के गुणवत्ता वाली उन्नत बीजों का उत्पादन एवं केवीके वैज्ञानिकों के थोड़े से प्रदेश में मिलेट फसलों के आच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में बढ़ोतरी के साथ निर्यात को बढ़ावा दिया जा सकता है। उक्त बातें तेलहनी, दलहनी एवं मिलेट फसल पर आयोजित प्रशिक्षण- सह-कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने कहीं। कुलपति ने कहा कि झारखंड, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ की जलवायु एवं भूमि मिलेट फसलों के लिए काफी उपयुक्त है और देश में मिलेट फसल के क्षेत्र में इन तीन राज्यों में काफी संभावनाएँ है। उन्होंने कहा कि जिले के कृषि विकास में केवीके की अग्रणी भूमिका रहीं है। राज्य की वर्त्तमान कृषि पारिस्थितिकी में केवीके वैज्ञानिकों द्वारा जिले में अंतिम किसान तक मिलेट, तेलहनी एवं दलहनी फसलों के तकनीकी हंस्तान्तरण पर विशेष प्रयासों की जरुरत हैं। गृहविज्ञान विषय के वैज्ञानिकों को मिलेट के मुल्यवर्धक उत्पादों को निर्मित कर किसानों को जागरूक की जानी चाहिए। निदेशक अनुसंधान डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष-2023 में राज्य के सभी कृषि केन्द्र अपने केंद्र में मिलेट फसल आधारित तकनीकी पार्क, बैनर, पोस्टर एवं अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करें। किसानों के खेत में बेहतर प्रदर्शन वाली मिलेट फसल प्रजाति को चिन्हित कर स्टेट सीड चैन की मुख्य धारा में लाने की पहल हो। डॉ. सिंह ने वैश्विक स्तर पर मिलेट उत्पादों की मांग को देखते हुए बीएयू वैज्ञानिकों को रागी की तरह राज्य के उपयुक्त ज्वार, बाजरा एवं गुन्दली की उन्नत फसल प्रजाति विकसित करने पर जोर दिया। निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. एस कमार्कार ने कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों को स्थानीय कृषि पदाधिकारियों एवं किसानों के समन्वय से आगामी खरीफ एवं रबी मौसम में तेलहनी, दलहनी एवं मिलेट फसलों के प्रजाति का उन्नत बीज की आवश्यकता का आकलन करने पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय किसानों की मांग आधारित बेहतर बीज उत्पादन योजना एवं मार्केटिंग पर रणनीति बनाने और विशेष फोकस देने पर बल दिया।

डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने राज्य के कृषि विकास में तेलहनी, दलहनी एवं मिलेट फसलों को प्राथमिकता एवं वैज्ञानिक सोच आधारित बढ़ावा देने पर जोर दिया। स्वागत भाषण में निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ जगरनाथ उरांव ने कहा कि विश्वविद्यालय के शोध कार्यो पर मंथन और विकसित तकनीकी आधारित भावी रणनीति एवं प्रसार कार्यो हेतु यह कार्यक्रम आयोजित की गयी है। कार्यक्रम का संचालन रेडियो हरियाली समन्वयक शशि सिंह तथा धन्यवाद केवीके, चतरा प्रभारी डॉ रंजय कुमार सिंह ने दी। बीएयू परिसर स्थित किसान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. रितेश दुबे, डॉ. सुशंता दत्ता, डॉ. अदिति अलीजा, डॉ. राजेश कुमार और डॉ प्राची सिंह सहित सभी 24 जिलों के कृषि विज्ञान केन्द्रों के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान एवं वैज्ञानिक भी मौजूद थे।

# महाषष्ठी की पूजा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बंग समुदाय में बासंती दुर्गा पूजा की शुरूआत सोमवार को षष्ठी तिथि से हुई। बेलवरण के साथ देवी का आमंत्रण अधिवास व महाषष्ठी की पूजा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। बासंती दुर्गा पूजा का आयोजन सेक्टर-2, एचईसी धुर्वा स्थित नेताजी भवन स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद परिसर और वर्द्धमान कंपाउंड स्थित हरिमति मंदिर में किया जा रहा है। मंगलवार को महासप्तमी की पूजा नवपत्रिका प्रवेश के साथ होगी। सोमवार को बंगीय सांस्कृतिक परिषद में शाम 6:30 बजे देवी का आमंत्रण अधिवास किया गया। सभी धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित दिवाकर मिश्र ने संपन्न कराए। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष पार्थसारथी घोषाल, कोषाध्यक्ष मंतोष मजूमदार, सचिव सजल बनर्जी, उपाध्यक्ष उदयन बसु, सांस्कृतिक सचिव असीम मोइत्रा, सुब्रतो पोद्दार मौजूद थे। पूजा समिति के सदस्यों- सुब्रतो बनर्जी, सुकृत भट्टाचार्य, अशोक सिन्हा, पप्पू चक्रवर्ती, विकास राय, टीके सरकार, जेआर काली, अचिंतो चाकी, राजकुमार चक्रवर्ती, बापदा व अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। धार्मिक अनुष्ठान के बाद पूजा परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। बंगीय सांस्कृतिक परिषद के बाल कलाकारों ने गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद यूनियन क्लब एंड लाईब्रेरी के कलाकारों ने गीत प्रस्तुत किया। मुख्य आकर्षण कोलकाता की रेडियो और दूरदर्शन की कलाकार मिताली बनर्जी का लाइव परफॉर्मेंस था। उन्होंने नए-पुराने बांग्ला गीत सुनाकर संगीतप्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंगलवार को सारेगामा बांग्ला के प्रसिद्ध लोक कलाकार ऋषि चक्रवर्ती प्रस्तुति देंगे।

NEWS इन ब्रीफ

### ब्राउन शुगर के साथ दो महिला तस्कर हिरासत

**रांची।** पंडरा थाने की पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो महिला तस्कर को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि पंडरा इलाके में मां और बेटी दोनों मिलकर ब्राउन शुगर की तस्करी करती थी। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पंडरा थाने की पुलिस ने दोनों महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ में ब्राउन शुगर भी बरामद किया गया है।

### टाटीसिलवे इलाके में मिला युवक का शव

**रांची।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरा गेट रेलवे ट्रैक के समीप सोमवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। बताया जाता है कि ट्रेन के ठोकर लगने से यह हादसा हुआ है। युवक बीआईटी का रहनेवाला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है।

### चायबगान में गणेश स्टोर से हुई चोरी



**नामकुम।** नामकुम के चाय बागान शिशु विहार स्कूल के समीप श्री गणेश स्टोर में देर छोटे बच्चे ने दुकान के सीट को तोड़कर दुकान में रखे गल्ले से नगद 25000 की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। लेकिन उसी बच्चे समक्ष आता पूरी घटना सीसीटीवी कैद हो गई। वहीं के दुकान के मालिक ने नामकुम थाने में सूचना दी,लेकिन वह किसी तरह लिखित आवदेन नहीं दिया गया है। खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। लगे उक्त दुकान में चोरी कर रहा युवक की उम्र करीब 12 वर्ष का लड़का चोरी करते हुए सीसीटीवी में कैद हो गया।

### टाटीसिल्वे में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**नामकुम।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के सोमवार के करीब सुबह के बजे आरा गेट के रेलवे पॉल नंबरद्द 412/1 से 412/2 के बीच में टंगरा टोली के समीर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि बहादुर उम्र 35 पिताद्दगोरे बहादुर वह नामकुम के बिशाप स्कॉर्ट गर्ल्स स्कूल का रहने वाला है। मौके पर पहुंची टाटीसिलवे थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु रिम्स रांची ले जाया गया है।

### फुटकलटोली अलकमर कॉलोनी में मारपीट

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के फुटकलटोली अंतर्गत अलकमर कॉलोनी में रविवार की रात दो पक्षो में जमकर मारपीट की हुई है। अलकमर कॉलोनी के रहने वाले तीन युवकों को कॉलोनी के ही 10 से 15 युवको ने जमकर मारपीट की। जिससे तीन युवक बुरी तरह से जख्मी हो गये। घायलो में अलकमर कॉलोनी के मो आफताब, फरहान भाई फरहान व मो शाहिल शामिल है। इनके सिर व पीठ में पंच व चाकू से हमला किया गया है। जख्मी युवको का इलाज रातू स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

### जंगली हाथी ने किसान के घर को किया ध्वस्त

**गुमला।** चैनपुर क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। बीती रविवार रात एक जंगली हाथी ने छतरपुर गांव में गरीब किसान के घर को ध्वस्त कर घर में रखे एक बोरी धान को खा गया। सब्जी की फसलों को भी रौंदकर बर्बाद कर दिया है। पीड़ित किसान ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। जानकारी अनुसार रविवार रात 9:00 बजे के करीब छतरपुर गांव के किसान रुडोल्फ मिंज के घर पर एक जंगली हाथी ने धावा बोलते हुए उसे ध्वस्त करने लगा।

# बीएड कॉलेज में कैम्पस सेलेक्शन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन में भारथी कॉलेज से प्रशिक्षण प्राप्त बी.एड. एवं डी.एल.एड के विद्यार्थियों के लिए कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। इसके लिए राँची तथा माण्डर प्रखण्ड के विद्यालयों के प्राचार्य व प्रबंधक से संपर्क कर वहां रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति के लिए महाविद्यालय आने के लिए आग्रह किया गया था। इस आग्रह को स्वीकार करते हुए दर्जनों स्कूलों के प्रबंधक व प्राचार्य भारथी कॉलेज पहूँचे,जिनका कॉलेज की शैक्षणिक सचिव ने बुके देकर स्वागत व सम्मानित किया। दूसरी तरफ पिछले 05 साल में प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को बुलाया गया, जिसमें लगभग बी.एड. व डी.एल.एड के 150 से अधिक विद्यार्थी भाग लिये। यह आयोजन भारथी कॉलेज के प्रांगण में संपन्न किया गया। लगभग 40 लोगो का चयन विभिन्न स्कूलों में किया गया। महाविद्यालय आने वाले स्कुलो में संत जगत ज्ञान नगड़ी, डी.ए.वी. आर्या कमड़े/माण्डर, संत कोलम्बस स्कूल ओ.टी.सी./पंडरा/मुरगू, वंडरलैंड स्कूल माण्डर, डॉल्फिन किंटरगार्टन बरियातु, दर-अल-आरकम स्कूल माण्डर, संत लॉरेन्स स्कूल रातु के निदेशक/प्राचार्य ने अपना बहुमूल्य समय देकर विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की शैक्षणिक सचिव श्रीमती दीपाली पराशर ने कहा कि भारथी कॉलेज न केवल विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर रहा है बल्कि उन्हें नियोजित करने के लिए भी प्रयासरत है। उन्हें नियोजित देखकर बहुत खुशी होती है, इस अवसर पर डी.एल.एड विभागाध्यक्ष श्री मनोज कुमार गुप्ता ने प्रेजेन्टेशन देते हुए महाविद्यालय के स्थापना से लेकर अब तक का सजीव प्रस्तुतिकरण किया।इस संस्था के संस्थापक,अध्यक्ष, निदेशक नितिन पराशर, शैक्षणिक सचिव दीपाली परासर का संस्था के प्रति समर्पण एवं विस्तृत परिचय, आधारभूत संरचना, चल रहे कोर्सो के बारे में विस्तार से सभी को अवगत कराया ताकि इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण लोग ले सके। इस कार्यक्रम में प्राचार्य उपेन्द्र उपाध्याय, राकेश कुमार रॉय व मनोज कुमार सहित व्याख्याता मधु रंजन, रिभा कुमारी, विनीता चौधरी, विवेक राज, अर्चना तिवारी, कृपाशंकर, शिक्षाकेत्तर कर्मचारी तुलसी दास, सुरेंद्र सिंह सहित सभी छात्र/छात्राएं मौजूद थे।

### जूनियर कैंब्रिज स्कूल के वार्षिक परीक्षा फल में बच्चियों ने मारी बाजी

**सिमडेगा।** विद्या वनस्थली शिक्षा समिति द्वारा संचालित और लीड संस्था द्वारा निर्देशित जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा में विद्यालय के निर्देशक शीतल प्रसाद की अध्यक्षता में वार्षिक परीक्षा फल सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वीटी कुमारी के द्वारा ज्योति कलश छलके नामक नृत्य की प्रस्तुति कर मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति प्रभा केरकेट्टा जी के द्वारा अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय के विभिन्न क्रियाकलापों को बताया, तत्पश्चात निदेशक महोदय ने नए सत्र की शुभारंभ की जानकारी साझा करते हुए बताया कि विद्यालय में अप्रैल माह से सभी क्लास को स्मार्ट क्लास में परिवर्तित किया जा रहा है और नए सत्र में स्मार्ट क्लास के साथ-साथ स्मार्ट पुस्तक भी बच्चों को दिया जाएगा।पुरस्कार वितरण करते हुए स्कूल दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, प्रदर्शनी, चित्रकला, क्राफ्ट और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के साथ-साथ बाल दिवस के अवसर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

# गौ माता के भक्तों द्वारा भजन कीर्तन एवं प्रवचन का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर के कंदरी में गौ माता की पूजा अर्चना, महाआरती एवं भजन कीर्तन का आयोजन श्रीमति संगीता तिवारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।गौ माता की महिमा एवं भजन को गौ पुत्र तपेश्वर जी कथा वाचक, भजनकर्ता सुनील गोस्वामी,गौ पुत्र पिंटू तिवारी ने अपनी अहम भूमिका से सभी मातृ शक्ति को गौ माता की भक्ति में लीन कर दिया।गौ पुत्री संगीता देवी ने सभी गौ पुत्री बहनों से गौ माता को राष्ट्र माता के रुप में सम्मान दिलाने हेतु आगामी 20 नवम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में परमपूज्य गोपालमणि जी महाराज के विशाल सभा में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।उन्होंने गौ माता की दूध, मल, मूत्र सहित सभी इंसान के लिए अमृततुल्य उपयोगी चीजों का वर्णन करते हुए अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर माया तिवारी, सुनीता देवी, निशा तिवारी, गौरी देवी, संगीता देवी, तारा देवी, रीता देवी सहित काफी संख्या में गौ भक्त स्त्री-पुरुष तथा बाल गोपाल मौजूद थे।

### केंद्रीय रेल मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ, किया आग्रह

# रघुनाथ महतो के नाम हो रेलवे स्टेशन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली-मुरी**

रेलवे स्टेशन का नाम अमर स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद रघुनाथ महतो के नाम पर करने को लेकर रांची के सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री को एक आग्रह पत्र भी सौंपा। सांसद ने रेल मंत्री को बताया कि रघुनाथ महतो का जन्म सरायकेला खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड में हुआ था। ₹अपना गांव अपना राज, दूर भगाओ विदेशी राज₹ के नारे के साथ रघुनाथ महतो ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई धार दी थी। उनके इस नारे के साथ ही आसपास के सैकड़ों गांव के लोग ब्रिटिश सरकार के खिलाफ उठ खड़े हुए थे। इस आंदोलन के कारण ब्रिटिश सरकार और उसके अधिकारियों को अपने सत्ता संचालन में कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ा था। रघुनाथ महतो क्षेत्र के महापुरुष के रूप में सभी समाज के लोगों के बीच आदरणीय है। 1769 से 1778 तक रघुनाथ महतो के नेतृत्व में लोगों ने स्वतंत्रता के लिए खूब संग्राम किया था। यह अट्ठारह सौ सत्तावन की क्रांति से लगभग एक 100 साल पहले की बात है। रघुनाथ महतो सिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी सरकार के सिपाहियों की गोली से बलिदान हो गए। सांसद श्री सेठ ने केंद्रीय मंत्री को बताएं कि यह पूरा क्षेत्र सहित पूरा राज्य रघुनाथ महतो जी को आदर्श पुरुष मानता है। उन्होंने 1857 की क्रांति से पहले ही झारखंड के बड़े जनमानस को अंग्रेजो के खिलाफ खड़ा करने और संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। इसलिए ऐसे प्रेरणा पुरुष के नाम पर आजादी के अमृत काल में मुरी रेलवे स्टेशन का नाम करण करें, यह आजादी के महानायक रघुनाथ महतो के प्रति देश की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और सकारात्मक पहल करने की बात कही है। सांसद ने यह भी बताया इस मामले में राज्य सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, इसलिए राज्य सरकार से आग्रह है कि इस मुद्दे पर गंभीरता के साथ भारत सरकार को अविलंब प्रस्ताव भेजें। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि राज्य सरकार को इसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए तुरंत केंद्र को भेजें।

# डीपीएस के विद्यार्थियों का ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड (आईईओ), नेशनल साइंस ओलंपियाड (एनएसओ) और इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड (आईएमओ) के द्वितीय लेवल में डीपीएस राँची के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है एवं विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड (आईईओ) में, अनुराग लाकड़ा ने जोनल रैंक 01 प्राप्त किया एवं 5000/- रुपये का नकद पुरस्कार और जोनल गोल्ड मेडल जीता। ईशान मोहम्मद पी., अनुष्का गढ़वाल और कल्याणी नायर ने जोनल रैंक 02 प्राप्त किया एवं 2500/- रुपये का नकद पुरस्कार और जोनल सिल्वर मेडल जीता। अविघना पाठक ने जोनल रैंक 04 हासिल किया। ईशान हक और ईशान शर्मा ने जोनल रैंक 05 हासिल किया, उदयवीर सिंह ठाकुर ने जोनल रैंक 06 प्राप्त किया। इम्बेशात रेहान निदा, अनम जावेद और नेहरिका सिंह ने जोनल रैंक 07 हासिल किया। ऐश्वर्या झा, समारा बतूल हुसैन और मुदिता रॉय ने जोनल रैंक 09 प्राप्त किया एवं शुभांगी सिन्हा ने जोनल रैंक 10 हासिल किया। नेशनल साइंस ओलंपियाड (एनएसओ) में, अवि रचित कुमार और हर्षा सिन्हा ने जोनल रैंक 01 एवं 5,000/- रुपये का नकद पुरस्कार और जोनल गोल्ड मेडल जीता। वेदांत कुमार ने जोनल रैंक 02 हासिल किया एवं 2500/- रुपये का नकद पुरस्कार और जोनल सिल्वर मेडल जीता। अमेय देवर्षि ने जोनल रैंक 04 हासिल किया। वेदांत भूषण ने जोनल रैंक 05 प्राप्त किया। धैर्य और रुहान श्रीवास्तव ने जोनल रैंक 06 हासिल किया। अभिक दत्ता और अशहद हुसैन ने जोनल रैंक 07 प्राप्त किया। प्रांजल भारती ने जोनल रैंक 08 हासिल किया एवं आर्यन पोद्दार ने जोनल रैंक 09 प्राप्त किया। इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड (आईएमओ) में, रुद्रांश रंजन और अशहद हुसैन ने जोनल रैंक 01 एवं 5000/- रुपये का नकद पुरस्कार और जोनल गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अक्षत सिंह को जोनल रैंक 02 एवं 5000/- रुपये के नकद पुरस्कार और जोनल गोल्ड मेडल से नवाजा गया। शब्द मिश्रा और आदित्य प्रताप ने जोनल रैंक 03, 2500/- रुपये का नकद पुरस्कार और जोनल सिल्वर मेडल हासिल किया।




### डीपीएस सीबीएसई 2022 के स्टेट टॉपर्स को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया सम्मानित



**रांची।** डीपीएस रांची के लिए यह बेहद गर्व और खुशी का क्षण है क्योंकि विद्यालय के सीबीएसई 2022 के स्टेट टॉपर्स, शाकेब अरसलान, स्मृति गोयल और आदित्य कुमार शर्मा को झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन द्वारा 27 मार्च 2023 को राँची में सम्मानित किया गया । इस अवसर पर विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है । माननीय मुख्यमंत्री ने हार्दिक प्रसन्नता प्रकट करते हुए विद्यार्थियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाऐ दी। इस अवसर पर शाकेब अरसलान और स्मृति गोयल को तीन लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया और आदित्य कुमार शर्मा ने 02 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। विदित हो कि शाकेब अरसलान और स्मृति गोयल ने ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (कक्षा क्क) 2022 में 99.4 प्रतिशत हासिल किया था, जबकि आदित्य कुमार शर्मा ने ऑल इंडिया सेकेंडरी स्कूल एग्जामिनेशन (कक्षा ) 2022 में 99.4 प्रतिशत हासिल किया था। शाकेब (ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में) और स्मृति (वाणिज्य स्ट्रीम में) ने झारखण्ड राज्य में प्रथम रैंक हासिल किया था एवं आदित्य कुमार शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया था।

# डूबते सूर्य को दिया गया अर्घ्य



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के आसपास के गांवों में सूर्य उपासना के तीसरे दिन चैती छठ महापर्व के दौरान छठ व्रतियों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ अस्ताचलगामी भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। सोमवार की शाम छठ वर्तियों और श्रद्धालुओं का उत्साह और उल्लास श्रद्धा और भक्ति अपने चरम पर थी। बेड़ो के ऐतिहासिक डुकु तालाब के छठ घाट में भारी संख्या में पुलिसकर्मी महिला बल के साथ मौजूद रहकर छठ घाट में अपनी नजरें बनाए रखी। बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक डुकू छठ तालाब में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के पूर्व पवित्र जल में डुबकी लगाकर छठ व्रतियों ने सूर्य नारायण का ध्यान किया। डुकू छठ तालाब में भारी गंदगी के बीच लोगों ने छठ महापर्व के दौरान भगवान सूर्यनारायण को नमन करते हुए अर्घ्य प्रदान किया। इस मौके पर अनिल कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, मुन्ना महतो, सुरेश प्रसाद गुप्ता, मोतीलाल गुप्ता, गन्दुर गोप, राजकुमार गुप्ता, अंकित कुमार सोनी, श्रवण कुमार साहु, संगीत कुमार सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वही कई श्रद्धालुओं ने अपने घरों में ही छठ व्रत करके छतों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। अर्जुन प्रसाद गुप्ता, उमेश कुमार सिंह, मोहन सोनी कृष्णा सोनी सहित कई लोगों के घरों में ही छठ महापर्व के दौरान अर्घ्य प्रदान किया ?। इधर चार दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन मंगलवार की सुबह उदीयमान भगवान भुवन भास्कर को छठव्रती छठ घाटों व अपनी-अपनी छतों में अर्घ्य देंगे। इस दौरान भगवान सूर्य की विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी और महाआरती भी आयोजित किया जाएगा। छठ घाट में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके बाद पारण के साथ लोक आस्था का महापर्व संपन्न हो जाएगा। वही छठ व्रत को लेकर सोमवार साप्ताहिक बाजार में पूजन सामग्री व फलों की खरीदारी किया गया। लोगों के घरों में छठ के गीत से मुहल्ले गुंजायमान हो रहे हैं।

### बेड़ो के हांटु प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव मना

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हांटु गांव स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में चौथा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नागपुरी कवि क्षितिज कुमार राय मुखिया अनिता बाड़ा, पंसस बेरोनिका बाड़ा,सरीफ बड़ाईक,बुधराम बाड़ा, मुश्ताक मिरदाहा सेवानिवृत्त शिक्षक मो समीर व स्कूल के निदेशक सईम हुसैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहां विद्यालय परिवार ने अतिथियों को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर क्षितिज कुमार राय ने कहा प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा का अलख जगा रहा है।जहां बच्चों के विकास के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दे रही है। उन्होंने कहा पूरे प्रखंड में इस स्कूल की अलग पहचान बन गई है। निदेशक सईम हुसैन ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है।

### शहीद कॉमरेड विलियम लुगुन स्मृति वार्षिक मेला का हुआ शुभारंभ

**जलडेगा।** प्रखण्ड के विलियम चौक में 26-27 मार्च को लगने वाले शहीद कॉमरेड विलियम लुगुन स्मृति वार्षिक मेला का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड की आयरन लेडी , सामाजिकता कार्यकर्ता, संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सम्मानित झारखंड के महान क्रांतिकारी दयामनी बारला उपस्थिति थी , साथ ही ठेठईटांगर जिप सदस्य अजय एक्का, जलडेगा प्रखण्ड प्रमूख जुसाफ लुगुन, केन्द्रीय विश्वविद्यालय गया के प्रोफेसर डॉ अनुज लुगुन,संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के प्रोफेसर डॉ सुनील केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि सुजान जोजो, झारखंड आंदोलनकारी प्रभाकर तिर्की, मसकल्याण समद, आनंद सिंह, छोटू बैठा, जलडेगा पंचायत बालमुनी लुगुन, पूर्व मुखिया जयमिला लुगुन, उपस्थित थे ।कार्यक्रम की शुरूआत शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण सह श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए की गयी । इसके बाद दयामनी बारला ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने हक और अधिकार के लिए लड़ना जरूरी है।

### प्रतियोगिता | इक्फाई विवि में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

# डिजिटल तकनीक में क्रांतिकारी कदम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड में सोमवार को शिक्षा में चैटजीपीटी (चैट जनरेटिव प्री-ट्रेन्ड ट्रांसफॉर्मर) के उपयोग के पक्ष और विपक्ष पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। वाद-विवाद में काफी संख्या में छात्र-छात्राएं व प्राध्यापकों ने भाग लिया।

छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए, इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड के कुलपति प्रो.ओआरएस राव ने कहा कि चूंकि डिजिटल तकनीक हमारे दैनिक जीवन को बदल रही है, इसलिए शिक्षा क्षेत्र कोई अपवाद नहीं है। हालांकि, चैटजीपीटी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल शिक्षा में शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया में क्रांति ला रहे हैं। चैटजीपीटी एक संवादात्मक मोड में छात्रों को प्रासंगिक और संक्षिप्त जानकारी प्रदान कर सकता है, जिससे समय और प्रयास की बचत होती है। हालांकि, इनपुट की शुद्धता की पुष्टि करने के बाद, महत्वपूर्ण सोच को सुविधाजनक बनाने के लिए इसे एक पूरक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

चैटजीपीटी के पक्ष में बोलने वाले छात्रों ने एक विशाल ज्ञान आधार तक पहुंच जैसे लाभों के बारे में बताया, जो छात्रों को जानकारी का खजाना प्रदान कर सकता है और उन्हें व्यक्तिगत शिक्षा में मार्गदर्शन कर सकता है, जो पारंपरिक शिक्षा में संभव नहीं हो सकता है। काफी संख्या में छात्रों ने चैटजीपीटी के लिए पंजीकरण कराया है और प्रतियोगी परीक्षाओं और लिखित संचार कौशल की तैयारी में लाभान्वित हुए हैं। चैटजीपीटी के खिलाफ बोलने वाले छात्रों ने साहित्यिक चोरी की संभावना और छात्रों द्वारा महत्वपूर्ण सोच को प्रतिबंधित करने का उल्लेख किया, जिससे शिक्षा का उद्देश्य विफल हो गया। उन्होंने चैटजीपीटी की सीमाओं पर भी प्रकाश डाला, जैसे सीमित ज्ञान आधार और सॉफ्टवेयर को प्रदान किए गए प्रशिक्षण के कारण त्रुटियों की संभावना, मानव संपर्क की कमी और भावनात्मक बुद्धिमत्ता। विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राज कुमार ने बताया कि कैसे वे छात्रों द्वारा कक्षाओं को अधिक रोचक और सहभागी बनाने के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कर रहे हैं। शीर्ष तीन प्रतिभागियों को मान्यता पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रियांशु (बीबीएएलएलबी सेमेस्टर, मिलिंद बिस्वास (बीसीए, सेमेस्टर श्क) और यशराज (बीसीए, सेमेस्टर श्क) को प्रदान किए गए। प्रबंधन अध्ययन संकाय के सहायक डीन डॉ.भागवत बारिक ने मूल्यांकन के आधार के बारे में बताया और पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी।

### बारीडीह में निकली भव्य कलश यात्रा

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के बारीडीह गांव में ग्रामवासियों ने सोमवार को भव्य कलश यात्रा से तीन दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया गया। जहां महावीरी झंडा के साथ मंदिर परिसर से गणेश भगत व यजमान संजीव भगत सपत्नी माधुरी भगत की अगुवाई में सैंकडों श्रद्धालुओं ने बजरंग बली, भगवान शंकर, जयश्री राम और मां भगवती के जयकारों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो बारीडीह गांव के पुल पहुंचा। जहां पूजा अर्चना के बाद जलकलश लेकर श्रद्धालुओं का जत्था पुनः मंदिर परिसर पर पहुंचकर एक धार्मिक समारोह में बदल गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान पुजारी सोनू पंडा संतेश्वर पांडे,वैदिक अरविंद पांडे विवेक मिश्रा की अगुवाई में धार्मिक अनुष्ठान में सर्ववेदी पूजन, अन्नाधिवास, संध्या आरती किया गया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ चैती दुर्गा पूजा शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

रामनवमी व चैती दुर्गा पूजा समिति रातू के तत्वावधान में सोमवार को बड़काटोली स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा मे शामिल 251 महिलाएं रातू चट्टी होते महाराजा तालाब तक गई । वहां पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक कराया । इसके उपरांत देवी मंडप, जगन्नाथ मंदिर होते वापस मंदिर परिसर पहुंचे. मंगलवार को नवपत्रिका पूजन के उपरांत संध्या मे पूजा पंडाल उद्घाटन किया जाएगा। इसके उपरांत लोग माता का दर्शन कर सकेंगे । कलश यात्रा मे भैरव सिंह, अशोक साहु, महेश महतो, सीताराम साहु, अखौरी राजेश, राजकुमार, हजारी प्रसाद, भोलू, गोलू, प्रदीप साहु, हरि साहु, गुड्डू, मंटू छोटू, मोनू, सोनू, सुदामा, लालजी साहू, संजय साहु सहित अन्य शामिल थे।

# कोडरमा : 21 मार्च से लापता युवती का शव पत्थर खदान से बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
डोमचांच थाना क्षेत्र से बीते 21 मार्च को लापता हुई युवती सोनी कुमारी उर्फ सोनाली (24) का शव रविवार रात एक पत्थर खदान से बरामद कर लिया गया। युवती का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर शव को बोरे में डालकर पत्थर खदान में फेंक दिया गया था। रविवार को घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर युवती के शव को बरामद करने की मांग की थी। ग्रामीणों और गोताखोरों की टीम के सहयोग से रात में शव को पत्थर खदान से निकाला गया और सोमवार को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद कब्जे में लिए गए सूमो गाड़ी के चालक बसवरिया निवासी रोहित कुमार मेहता के निशानदेही पर उसके कुछ साथियों को हिरासत में लेकर की गई पूछताछ के दौरान युवती की हत्या कर शव को पत्थर के साथ बोरी में भर कर पानी भरे बंद पड़े पत्थर खदान में फेंके जाने की जानकारी मिली। बीते 21 मार्च को युवती के लापता होने के बाद 22 मार्च को परिजनों ने डोमचांच थाना में मामले की जानकारी देते हुए खोजबीन करने के लिए आवेदन देते हुए सनहा दर्ज करवाया था। पुलिस ने शक के आधार पर एक सूमो गाड़ी को जब्त करते हुए उसके चालक सह मालिक को हिरासत में लिया था। इसके बाद जांच के मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने तीन अन्य युवकों को भी हिरासत में लिया। वहीं घटना के बाद एक आरोपित मुंबई भाग गया, जिसे मुंबई में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की अबतक की जांच में युवती सोनी की हत्या में सुपारी दिए जाने की बात सामने आयी है। दो दिन पहले शनिवार को मामले में परिजनों के की ओर से पांच लोगों को नामजद करते हुए डोमचांच थाना में एक आवेदन दिया गया था। आवेदन में महथाडीह निवासी दीपक साव पर अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पुत्री का अपहरण किए जाने का मामला दर्ज कराया था। बताया जाता है कि उनकी पुत्री दीपक साव के पास पूर्व में ट्यूशन पढ़ती थी, जिसके कारण उसकी जान पहचान थी और दीपक साव से फोन पर बातचीत होती थी। मामले में दीपक साव के सहयोगी भरत उर्फ कारू ग्राम मंझलीटांड, संतोष मेहता मसनोडीह, संजय कुमार मेहता नावाडीह सहित वाहन मालिक रोहित मेहता पर अपनी पुत्री को जान मारने की नीयत से गायब करने का आरोप लगाया गया। इस बाबत बताया गया कि सोनी भी एक निजी विद्यालय में पढ़ाती थी। सम्भवतः प्रेम प्रसंग के इस मामले में दीपक दूसरी जगह शादी करने वाला था और इसी वजह से उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सोनी को मारने की योजना बनायी। इसके लिए सुपारी देने की भी बात सामने आ रही है। इस मामले में डोमचांच पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा है।

### रामनवमी को लेकर डीसी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

# अफवाह फैलाने और अश्लील गाना बजाने पर होगी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी रामनवमी पर्व को लेकर उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ आगामी रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सभी अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों को पर्व के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी। वहीं, उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु यह बहुत जरूरी है कि सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसी भी क्षेत्र में कहीं भी कोई अफवाह सामने आने पर उस पर त्वरित कार्य एवं अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से भी किसी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों/थाना अथवा जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06553 222005 देने की अपील की। शांति समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों को निर्धारित रूट से ही जुलूस निकालने का निर्देश दिया। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में रूट = बदलने एवं इसे सुनिश्चित कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों/कर्मियों को सतर्क रहकर अपने-अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं किसी भी प्रकार का संदेह होने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को डीजे के इस्तेमाल पर पाबंदी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल भी नियम अनुसार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने किसी भी क्षेत्र से डीजे के माध्यम से आपत्तिजनक गीत बजाए जाने से संबंधित मामलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों/कर्मियों, थाना प्रभारी और शांति समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

# अस्ताचलगामी सूर्य को चैती छठव्रतियों ने दिया अर्घ्य



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिलाभर में चैती छठ महापर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। छठ के मधुर गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। महापर्व के तीसरे दिन 27 मार्च की शाम जिलाभर के छठ घाटों पर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य अर्पित कर खुशहाली की कामना की। इस दौरान शहर के दामोदर नदी छठ घाट, बिजुलिया तालाब छठ घाट, कुरूम नदी,छत्तर मांडू, गोला, चितरपुर, बारलोंग, पतरातू, भुरकुंडा आदि छठ घाटों पर व्रतियों ने अपने परिजनों के साथ अस्ताचलगामी सूर्य को भक्तिभाव के साथ अर्घ्य अर्पित किया। 28 मार्च की अहले सुबह व्रती उदयीमान सूर्य को छठ घाटों पर अर्घ्य अर्पित करेंगे। जिसके साथ चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा। इधर, छठ महापर्व को लेकर विभिन्न समितियों ने व्रतियों के बीच फल और दूध का वितरण किया। साथ ही व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखकर मार्गों और छठ घाटों की साफ सफाई की।

## दो हादसों में महिला समेत तीन लोग घायल

**कोडरमा।** कोडरमा जिले में सोमवार को दो सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना में कोडरमा घाटी स्थित नौवां माइल में छड लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे चालक और उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान राजा सिंह ( 25 ) और शिबू साव ( 30 ) के रूप में हुई है। ट्रेलर में कोलकाता से छड़ लोड करके पटना की तरफ जाने के दौरान कोडरमा घाटी में ब्रेक फेल हो जाने से ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में चालक फंस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। कोडरमा थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंचकर और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया , जहां इलाज चल रहा है। दूसरी घटना में डोमचांच बाजार चौक के समीप वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान सुंदरी देवी ( 60 ) के रूप मे हुई है। महिला पैदल बाजार जा रही थी, बाजार के पास ही एक वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे महिला गिरकर घायल हो गयी। ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि विवाद, पेंशन, रोजगार, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया. जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने उपायुक्त को सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## हाथियों के हमले में महिला की मौत, एक घायल

**रामगढ़।** गोला प्रखंड के खोखा गांव में हाथियों के झुंड ने सोमवार को एक महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही हाथियों के हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मृत महिला की पहचान पूनम देवी और घायल व्यक्ति की पहचान रोशन लाल महतो (28) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पूनम देवी महुआ चुनने गई थी। इसी दौरान हाथियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। गांव वालों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लिया। तत्काल सहयोग के रूप में मृतक के परिजनों को 15000 की राशि दी गई। गांव वालों ने बताया कि अभी भी सिरका गांव के जंगल में तीन हाथी मौजूद हैं, जो कभी भी गांव की ओर आकर उत्पात मचा सकते हैं।

## चेंबर चुनाव में झारखंड सेवा समिति विमल बुधिया गुट को देगी समर्थनः अजीत जायसवाल



**रामगढ़।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव आगामी 2 अप्रैल को चेंबर भवन में संपन्न होगा। चेंबर चुनाव में झारखंड सेवा समिति ने विमल बुधिया गुट के समर्थन का एलान किया है। यह जानकारी 27 मार्च को समिति के कोषाध्यक्ष सीए अजीत जायसवाल ने दी। उन्होंने कहा कि झारखंड सेवा समिति का मानना है कि यदि विमल बुधिया गुट के प्रत्याशी चुनाव में विजय होंगे तो व्यवसायियों के हितों का बेहतर तरीके से ख्याल रखते हुए कार्य करेंगे। इसलिए हमारे संगठन ने विमल बुधिया गुट के समर्थन का एलान किया है। उन्होंने कहा कि हम सबों की ईच्छा है कि चेंबर चुनाव में विमल बुधिया गुट के प्रत्याशी विजय हों। ताकि चेंबर सशक्त और मजबूत हो और व्यवसायियों के हितों का ख्याल रखते हुए रामगढ़ में उद्योग और व्यवसाय के विस्तार की दिशा में ठोस कार्य कर सके।

## दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो से 5 लाख का गांजा बरामद

**बरही ।** रविवार को रसोईयाधमना मोड़ पर बाइक और सफेद रंग की बोलेरो संख्या जेएच 02वी 9613 के बीच हुई टक्कर में बोलेरो से करीब पांच लाख रुपए के अवैध गांजा की बरामदगी की सूचना मिली है । उक्त जानकारी इंस्पेक्टर ललित कुमार ने दिया । उन्होंने बताया कि बोलेरो और बाईक दोनो को थाना लाया गया । इस दुर्घटना में कोई भी हताहत या गिरफ्तार नहीं हुआ है । इंस्पेक्टर ने बताया कि वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज की जाएगी । पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुट गई है । जानकारी के अनुसार लश्करी की ओर से आ रही बोलेरो का रसोईयाधमना मोड़ स्थानीय बाईक सवार को ठोकर मार दिया था । जिससे बाईक सवार बाल बाल बचा। इससे गुस्साए ग्रामीण सड़क पर उतर आए थे । जिससे जाम जैसा माहौल बन गया था ।

## पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत कपका पंचायत भवन में सोमवार को उप विकास आयुक्त हजारीबाग के निदेशानुसार आवास प्लस प्राथमिकता सूची में शेष बचे लाभुकों का चयन को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021- 2022 में लक्ष्य के विरुद्ध आवास प्लस प्राथमिकता सूची में अयोग्य लाभुक होने के कारण स्वीकृति में विलंब हो रहा था।वहीं आवास प्लस प्राथमिकता सूची में से ग्राम सभा का आयोजन कर 67 लाभुकों का आवास का चयन किया गया। मौके पर मुखिया कमलेश कुमार ,पंचायत सचिव धनेश्वर गोप, बीएफटी दिलीप कुमार दास,रोजगार सेवक शशिकांत कुमार,पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद,डालेश्वर पंडित ,उप मुखिया बैजनाथ मंडल, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि छोटी रविदास,रंजीत मंडल आदि उपस्थित थे।

## हिंदू व मुस्लिम समुदाय की बैठक

**बरही ।** दुलमहा पंचायत के दुलमहा और लखना के हिंदू- मुस्लिम समुदाय के लोगो नेपंचायत में समाजिक समरसता बनाए रखने को लेकर लखना स्थित विद्यालय परिसर में बैठक किया । जिसमे स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और प्रबुद्ध जन मौजूद थे । बैठक में शामिल लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि राजनीतिक रोटियां सेकने के कारण उनका पंचायत बदनाम हुआ है । कोई भी धर्म या मजहब झगड़ा झंझट नहीं सिखाता है । हम सभी भाई भाई है । लोगो ने सभी प्रकार के वैमनस्यताओ को भूलकर रामनवमी और रमजान हर्षोल्लास सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया । जिसमें दोनों समुदाय के लोग होंगे जो एक दूसरे को मदद करेंगे। रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान दुर्गा मंदिर के पास मुस्लिम समुदाय के लोग पानी व शर्बत की व्यवस्था भी करेंगे ।

# मुखिया ने विभिन्न विकास योजना का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सलैया में विभिन्न विकास योजना का शिलान्यास मुखिया इन्द्रदेव प्रसाद ने पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर किया। विदित हो बरवां चट्टानी नाला में बना चेक डेम की मरम्मती ,सलैया श्मशान घाट स्थित बना चेक डेम की मरम्मती व सीताराम प्रसाद मुर्गी फार्म से आरईओ रोड दिनेश प्रसाद के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का आधारशिला रखते हुए मुखिया इन्द्रदेव प्रसाद ने कहा कि जल नल के साथ साथ पंचायत में आवागमन के लिये सड़क निर्माण जरुरी है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर दिनेश प्रसाद, नारायण प्रसाद, वार्ड सदस्य पप्पू कुमार, प्रियंका कुमारी, मंटू प्रसाद, छोटन प्रसाद धनेश्वर प्रसाद, रामदेव प्रसाद रोहित प्रसाद, ताजिर हुसैन,राजू राणा,काली साव,राजेश रविदास, गोपी प्रसाद, शंकर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद,द्वारिका प्रसाद, अनूप कुमार, लखन प्रसाद, तुलसी प्रसाद, उदेश्वर प्रसाद, सीताराम प्रसाद समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## दो मुखिया संभालेंगे श्रीरामनवमी महासमिति करियातपुर के बागडोर

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
करियातपुर में रामनवमी शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाने के लिए स्थानीय मुखिया मनोज कुमार को सचिव और धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद बतौर अध्यक्ष महत्वपूर्ण जिम्मेवारी मिली है । यह जिम्मेवारी ग्रामीणों ने पूजा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया । नव मनोनीत अध्यक्ष ने उपस्थित लोगो से मयार्दा पुरुषोत्तम के आदर्शो को आत्मसात करते हुए नशाविहीन त्योहार मनाने का अपील किया । विशेषकर युवाओं से संयमित और प्रशासनिक गाइडलाइंस पालन करते हुए त्योहार मनाने की बात कही । करियातपुर मुखिया ने भी लोगो से आपसी सहयोग के साथ त्योहार मनाने की बात कही । बैठक में करियातपुर, कोरियाडीह, धनवार, दूधपनिया, पिपराघोघर, दुलमाहा और लखना के चयनित सदस्य समेत आम जनता शामिल हुए। बैठक में सहसचिव संतोष केशरी, उपाध्यक्ष अनिल केशरी, कोषाध्यक्ष करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, सहकोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति, संरक्षक तोखन प्रजापति, मुरली मनोहर प्रसाद केशरी, बाबूलाल पासवान, सुरेश साव, किशोरिमोहन पाण्डेय, नंदलाल कुशवाहा, जितेंद्र गिरी, नारायण यादव, सुरेश कुशवाहा को मनोनीत किया गया ।

## प्रेरणा प्रिया ने ट्रांसफार्मर बदलने के लिए मुख्य अभियंता को भेजा पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया ने प्रखंड क्षेत्र में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए जिला मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर अविलंब बदलने की मांग की है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया की झुंझुरी पंचायत अंतर्गत सक्रेज में एक सौ केवी, कोनहारा खुर्द पंचायत अंतर्गत मस्जिद के पास दो सौ केवी,बरकट्ठा बाजार में 2 सौ केवी ,गोरहर पंचायत अंतर्गत सिवा टोला में 25 केवी,पहाड़पुर में 25 केवी और झुंझुरी के वार्ड 9 में एक सौ केवी ट्रांसफॉर्मर विगत कई दिनों से खराब रहने से लोग अंधेरे में रहने को विवश है। वहीं दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा चल रही है जिसमें छात्र छात्राओं को परीक्षा की तैयारी करने में असुविधा हो रही है, वहीं बिजली की इस दयनीय स्थिति को देखते हुए जिला परिषद सदस्या ने मुख्य अभियंता समेत सभी वरीय पदाधिकारियों से खराब ट्रांसफार्मर को अविलंब बदलने की मांग की है।

## लबगा प्राचीन मां पंचबहिनी मंदिर में हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर हुआ



**रामगढ़।** श्रीश्री प्राचीन मां पंचबहिनी मंदिर लबगा में होने वाले 11 दिवसीय हनुमंत प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के तहत सोमवार को ध्वजारोहण हुआ। तत्पश्चात क्षेत्रवासियों ने नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण में झंडा-बैनर के साथ दर्जनों महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। मौके पर लबगा, रसदा, अम्बा टोला, गेगद महुआ मोड़ आदि क्षेत्रों का नगर भ्रमण किया। बताया गया कि 24 अप्रैल से महायज्ञ का शुभारंभ होगा। महायज्ञ 4 मई तक चलेगा। नगर भ्रमण से पूर्व पुरोहित शशि मिश्रा, आचार्य धनंजय मिश्रा, राजेश पाठक, अमरेंद्र पांडेय, नर्वोतम पांडेय ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंदिर में पूजा-अर्चना संपन्न करवाया। पूजा में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, विजय साहु, बैजनाथ राय, किशोर महतो आदि मौजूद थे।

## अदालत में 60 से भी अधिक मामले निपटे

**बरही ।** बैंक ऑफ इंडिया करियातपुर द्वारा आयोजित शाखा अदालत में साठ से भी अधिक मामलो निष्पादन किया गया । इस अदालत में मुख्य रूप से कोडरमा जिले के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल कांत झा मौजूद थे। जिसमे केसीसी ऋण, मुद्रा ऋण, व्यक्तिगत ऋण या अन्य ऋण के एनपीए खाते का समझौता कर निष्पादित किया गया। एकमुश्त अदायगी वाले कुल 60 खातों का निपटारा किया गया। 48.72 लाख रुपए की एनपीए रिकवरी हुई । शाखा अदालत को सफल बनाने में प्रबंधक अविनाश कुमार, दुलमहा मुखिया नारायण यादव, एरिया ऑफिस के आनंद कुमार एवं बीसी मो रिजवान, शाहजहां खातून, युगेश्वर कुमार, रवि कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बरकट्ठा में एसडीओ व डीएसपी ने क्षेत्र भ्रमण कर रामनवमी पूजा का लिया जायजा

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पूजा व रमजान को देखते हुए एसडीओ पूनम कुजुर,डीएसपी नाजिर अख्तर,बरकट्ठा अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी,बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार,गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा ने प्रखंड के विभिन्न रामनवमी पूजा पंडालों का निरीक्षण किया तथा पूजा शांतिपूर्वक मनाने की बात कही। इस क्रम में डीएसपी ने कहा कि रमजान और रामनवमी दोनों पर्व एक साथ हो रही है अतर दोनों समुदाय के लोग अपने अपने त्यौहार शांति और भाईचारे से मनायें। पदाधिकारियों ने शिलाडीह, बरकट्ठा, कोनहारा कला, गोरहर समेत अन्य स्थानों का दौरा किया । मौके पर शिलाडीह मुखिया निजाम अंसारी, रामनवमी पूजा समिति शिलाडीह के अध्यक्ष श्याम सिंह, उपाध्यक्ष शिवलाल यादव, सचिव सुनील पांडेय, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी, पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, रविंद्र पांडेय, अर्जुन पांडेय, रमजान मौलवी,चंद्रशेखर सिंह,विहिप के अध्यक्ष मुकेश पांडेय, सूर्य देव प्रजापति, अवध किशोर सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**मजबूती पर चर्चा**

### होटल ट्रीट के सभागार में झामुमो जिला समिति की बैठक

# निर्देशों का पालन कर परचम लहराने का कार्य करें




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक 27 मार्च को शहर के थाना चौक स्थित होटल ट्रीट के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू एवं संचालन जिला सचिव विनोद कुमार महतो ने किया। आयोजित बैठक में रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव की समीक्षा, अनुशांगिक इकाईयों के गठन, संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान में तेजी लाने, 4 अप्रैल 2023 को पार्टी स्थापना दिवस मनाने के साथ आगामी चुनाव की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू ने कहा कि हार-जीत चुनाव के दो पहलु हैं। जिसे हमें स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा इससे घबराने नही बल्कि सीख लेने की जरूरत है। श्री किस्कू ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने उप चुनाव संघर्ष का जो जज्बा दिखाया है उसे बरकरार रखने का कार्य करें। कहा कि इसका परिणाम आनेवाले चुनावों में देखने को मिलेगा। बिनोद किस्कू ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों का पालन कर परचम लहराने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि 4 अप्रैल 2023 को पार्टी के स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने की आवश्यकता है । कहा कि स्थापना दिवस में रामगढ़ जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, महेंद्र मुंडा, मधु साव, भुनेश्वर प्रसाद महतो, रंजीत कुमार बेसरा, मुकेश रावत, आजाद अंसारी, विजय किस्कू, बरतु करमाली, दिलीप कुमार शर्मा, संतोष कुमार, अरूण बनर्जी, रामकिशुन गिरि, गोरंग राय, खुदीराम महतो , राजकुमार, बबलु यादव, सतीष मुर्मू, नरेश हांसदा, सरेश चंद्र पटेल, उदय मालाकार, योगेन्द्र यादव आदि शामिल हुए।

## NEWS इन ब्रीफ

### जंगली हाथी ने किसान के घर को किया ध्वस्त

**गुमला।** चैनपुर क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। बीती रविवार रात एक जंगली हाथी ने छतरपुर गांव में गरीब किसान के घर को ध्वस्त कर घर में रखे एक बोरी धान को खा गया। सब्जी की फसलों को भी रौंदकर बर्बाद कर दिया है। पीड़ित किसान ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। जानकारी अनुसार रविवार रात 9:00 बजे के करीब छतरपुर गांव के किसान रुडोल्फ मिंज के घर पर एक जंगली हाथी ने धावा बोलते हुए उसे ध्वस्त करने लगा। उस समय घर के सभी लोग सो रहे थे। हाथी द्वारा घर तोड़ने की आवाज से किसान की पत्नी की नींद खुली तो उसने देखा कि एक विशालकाय हाथी उसके घर को तोड़ रहा है। इसके बाद किसान की पत्नी ने शोर मचाकर ग्रामीणों को जगाया और हाथी के द्वारा हमले की जानकारी दी।

### सेन्हा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन आज

**सेन्हा।** प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 28 मार्च को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। मेला में सभी तरह की बीमारी का निशुल्क उपचार करके दवा एवम समुचित समाधान के लिये रोगी से जानकारी लेकर उपाय बतलाया जाएगा। इसमे 40 वर्ष से ऊपर के लोगो का मोतियाबिंद की जांच कर चश्मा भी दिया जाएगा। केंद्र प्रभारी डॉ दिव्या निशि ने बतलाया की मेला में प्रखंड के लोग बढ़ चढ़ कर आवे और अपना बीमारों का इलाज कर निशुल्क दवा और परामर्श लेकर दवा खाकर पूरे प्रखंड को रोग मुक्त बनाये। उन्होंने कही की स्वास्थ्य मेला को लेकर जागरूकता जोरो पर चल रहा है।

### पति ने पत्नी को पीट-पीटकर किया अधमरा

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के आलिंगुड गांव में पति ने अपने पत्नी को पीट-पीटकर किया अधमरा। इस मौके पर घटना के सम्बंध में बताया गया कि बोलबा प्रखंड आलिंगुड गांव के अखिलेश सिंह ने किसी बात को लेकर अपनी पत्नी को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद बोलबा अस्पताल ईलाज के लिए लाया गया।इस मौके पर बोलबा थाना में पुलिस रिपोर्ट के बाद प्राथमिक उपचार किया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण मरीज को बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग घायल

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव तालाब के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लड़का घायल हो गये। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सेन्हा थाना पुलिस को दिया गया। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच दोनो घायल को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ0 दिव्या निशि द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। घायल की पहचान कुंदगड़ी निवासी जितिया उरांव के 15 वर्षीय पुत्र आकाश उरांव, तथा शिबू उरांव के 15 वर्षीय पुत्र सुलचदेव उरांव के रूप में किया गया। बताया जाता है। कि दोनो लड़का बाइक से अपना घर कुंदगड़ी जा रहे थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन चालक धक्का मारते हुए घटना स्थल से वाहन लेकर फरार हो गया।

### रामनवमी को ले थाना प्रभारी ने की बैठक

**बानो।** रामनवमी पर्व को लेकर थाना प्रभारी बानो व रामनवमी पूजा समिति के साथ बैठक हुई। बैठक में थाना प्रभारी फिलिप मिंज ने कहा की रामनवमी का पर्व आपसी सद्भावना के साथ मनाना है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूम धाम से मनाए। किसी तरह की कोई घटना हो तो समय पर जानकारी दे ।किसी तरह के अफवाहों को ध्यान न दे । अपने समिति के सदस्यों को निगरानी में रखें। बैठक में समिति के सदस्यों से रामनवमी को होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी लिया।

# लापरवाही : कस्तूरबा गांधी विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा दे रही छात्रा की तबियत बिगड़ी

## बिना इलाज किए देर शाम परिजनों को बुला कर भेज दिया गया घर

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अध्ययनरत रीना कुमारी नामक एक छात्रा की शनिवार को अचानक तबियत बिगड़ने के बाबजूद भी उसका इलाज किए बिना रविवार शाम करीब 6 बजे परिजनों को फोन कर के बुलाया गया और घर ले जाकर खुद इलाज कराने को कहा गया। यहीं नहीं छात्रा के पिता जेठू प्रधान और उसकी दीदी मालावती कुमारी ने बताया कि उन्हें स्कूल से फोन कर के बुलाया गया और बीमार बेटी को घर ले जाते वक्त विजिटिंग रजिस्टर में ये लिखवाया गया की अगर छात्रा सोमवार को विज्ञान की परीक्षा नहीं दे पाएगी तो उसका जिम्मेदार परिजन खुद होंगे। देखते हो देखते रात हो गया परिजन किसी तरह अपनी बेटी को प्राइवेट मेडिकल में इलाज करवाने लगे। फिलहाल परिजन चिंतित थे की उसकी बेटी सोमवार को विज्ञान विषय की परीक्षा लिख पाएगी या नही। परिजनों ने कहा की रविवार को अपनी बेटी को लेने समय स्कूल में न तो वार्डन थी ना तो कोई



शिक्षिका, बच्ची को स्कूल से लाने वक्त सिर्फ गार्ड और पीटी शिक्षिका आरती कुमारी थी। मामले पर जब हमने इलाजरत छात्रा के पास से रविवार को स्कूल के सरकारी नंबर पर वार्डन सीमा लकड़ा को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया न ही दुबारा कॉल बैक किया। वहीं मामले से संबंधित जानकारी लेने के लिए विद्यालय की शिक्षिका डेजी तिर्की को भी फोन किया गया लेकिन उन्होंने भी फोन नही उठाया।

### एक साथ स्कूल की तीनों शिक्षिका थी गायब, सभी को शो-कॉज

विद्यालय की कार्यशैली से नाराज परिजनों में बताया की एक साथ तीन-तीन शिक्षिका स्कूल में अनुपस्थित हैं। ऐसे में अगर किसी को अगर कोई समस्या होगी तो वो किसे अपनी समस्या को सुनाएंगे, परिजनों ने कहा आज उनकी बेटी के साथ ऐसा हुआ है कल किसी और के साथ होगा, विद्यालय में बच्चों की स्वास्थ्य को लेकर कोई गंभीर नहीं है। जिसके कारण विद्यालय की छवि दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। मामले पर विद्यालय की वार्डन सीमा लकड़ा से बात करने पर उन्होंने कहा कि विद्यालय से चूक हुई है। बच्ची को इलाज कराना चाहिए था, वहीं जब उनसे पूछा गया कि ऐसा क्या कारण था जो आपके अलावा दो अन्य शिक्षिकाएं भी रविवार को अनुपस्थित थी? इस पर वार्डन ने कहा कि रविवार को वो जिला गए थे ऑफिस के काम से, वहीं शिक्षिका सीमा कुमारी छुट्टी लेकर घर गई है, जबकि शिक्षिका डेजी तिर्की बिना छुट्टी स्वीकृत किए ही घर चली गई थी। उसको रविवार को बुलाया भी गया था लेकिन वो नहीं आई।

उन्होंने स्वीकार किया की स्कूल के तरफ से बीमार बच्ची का इलाज के लिए एक बार भी अस्पताल प्रबंधन को फोन नही किया गया था। वहीं इस मामले की जानकारी मिलने के तत्काल बाद में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बादल राज के द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल परिजनों से संपर्क कर बच्ची का हालचाल जाना एवं उसके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। वहीं उन्होंने बताया कि इस मामले में लापरवाही बरतने वाले सभी को शोकॉज किया गया है। मामले की जांच कर जल्द ही दोषी के ऊपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही संवेदनशील विषय है जिसको लेकर विभाग गंभीर है। मामले पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने कहा की जलडेगा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की ये कोई पहली शिकायत नहीं है, इससे पहले भी इसी तरह के कई शिकायत मिलते रहे हैं। बहुत दुख की बात है मैट्रिक लिखने वाली एक बच्ची का दो दिनों से तबियत खराब है लेकिन फिर भी किसी को इसका ध्यान नहीं है। सुजान मुंडा ने कहा कि दोषी वार्डन सहित अन्य जो भी जिम्मेदार लोग हैं सब पर कारवाई होनी चाहिए, नहीं तो वे खुद इस मामले को अर्जुन मुंडा तक पहुंचाएंगे और करवाई के लिए कहेंगे।

## मैट्रिक की विज्ञान विषय का परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड में मैट्रिक की विज्ञान विषय का परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इस मौके पर बताया गया कि बोलबा प्रखंड मुख्यालय में दो परीक्षा केंद्र एसएस उच्च विद्यालय बोलबा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बोलबा में कुल 489 परीक्षार्थियों ने लिखा विज्ञान विषय का परीक्षा। इस मौके पर बताया गया कि दोनों परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से सीसीटीवी एवं पुलिस बल की निगरानी में परीक्षा लिया जा रहा है। इस मौके पर मजिस्ट्रेट के रूप में अंचल अधिकारी बलिराम मांझी, ए0एस0आई0 सुनील



टोपनो, एस0आई0 सुमन कुमार, सहकारिता पदाधिकारी रामायण सिंह बिसेन एवं शिक्षिकाएं तथा पुलिस बल ड्यूटी पर थे।

### रामनवमी त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएंगे रामनवमी : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

रामनवमी त्योहार को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि श्रीराम के जन्म के समय उनकी जन्मभूमि अयोध्या में मंगलगीत गाये गये थे और एक वर्ष तक उत्सव की तरह माहौल था। एक मंगलगीत से प्रारंभ हुई रामनवमी आगे भी मंगलमय तरीके से मनायी जाती रहे, यह सभी की जिम्मेवारी है। हम सभी मिलकर रामनवमी त्यौहार को शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं। उक्त बातें उपायुक्त ने आज जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शांति की बैठक में कही। उपायुक्त ने रामनवमी एवं रोजेदारों को शुभकामना देते हुए कहा कि त्यौहार के माहौल में सद्भावना रखना बहुत ही जरूरी है। अगर ऐसे में कोई गलत कदम किसी के द्वारा उठाया जाता है तो उसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ता है। युवा ऐसा करते हैं तो पुलिस क्लिरेंस मिलने में परेशानी होती है। सरकारी नौकरी नहीं हो सकती, आपको पासपोर्ट बनवाने में परेशानी आ सकती है। इसलिए जिस तरह बच्चों का ख्याल रखते हैं, उसी तरह युवाओं का भी ख्याल रखें ताकि वे कोई गलत कार्य ना करें। युवावस्था में युवा जो राह चुनेगा वही राह उसका भविष्य तय करेगा। एक क्षण में उत्तेजना और भावना में बहकर कोई गलत कदम ना उठायें। आपसी रिश्तों में मिठास जरूरी है, इसमें कड़वाहट नहीं होना चाहिए। आप दूसरों से वही बर्ताव करें जो आप अपने लिए दूसरों से अपेक्षा रखते हैं। बैठक में सभी प्रखंडों से शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान प्रखंडवार सदस्यों द्वारा अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में निकलनेवाले शोभायात्रा की संख्या और लगनेवाले मेला के बारे जानकारी दी। साथ ही, आश्वस्त किया कि क्षेत्र में रामनवमी का त्यौहार शांति व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। पदाधिकारियों को सभी मेले में हेल्पडेस्क लगाने का निर्देश दिया गया। जुलूस के रास्ते से निर्माण सामग्री यथा ईंट, पत्थर,बालू आदि हटवाने,पार्किंग न करने सहित सीसी टीवी,स्ट्रीट लाइट,बैरिकेटिंग से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बीएन सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### कानून से उपर कोई नहीं, जुलूस में अनजान व्यक्ति के दिखने पर प्रशासन को करें सूचित : आर रामकुमार

**पुलिस** अधीक्षक आर० रामकुमार ने कहा कि कानून से उपर कोई नहीं है। कोई भी विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करेगा उसे छोड़ा नहीं जाएगा। बीते एक वर्ष में सभी त्यौहार काफी शांतिपूर्ण ढंग से मनाये गये, इसके लिए शांति समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। एक-दूसरे के त्यौहारों से हमें कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है, इसलिए हमें एक-दूसरे के पर्व-त्यौहार में शामिल होना चाहिए। युवा सद्भावना मंच के द्वारा आपसी सद्भाव बनाये रखने के लिए कई अच्छे कार्य किये गये हैं। इसमें पुलिस जवान और दण्डाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रत्येक प्रखण्ड में शांति समिति की बैठक की गई है। रामनवमी के शोभायात्रा में अगर कोई अनजान बाहरी व्यक्ति दिखे तो तुरंत प्रशासनिक पदाधिकारी/पुलिस अधिकारी को सूचना दें। अखाड़ा वाले अपने वॉलेंटियर्स की सूची थानों में उपलब्ध करायें। बच्चों को गुमशुदगी से बचाने के लिए बच्चों के माता-पिता अपने बच्चों के पॉकेट में माता/पिता का नाम व मोबाईल नंबर लिख कर एक पर्ची अवश्य डालें ताकि पुलिस सकुशल उन्हें उनके घर तक पहुंचा सके। सोशल मीडिया का इस्तेमाल सही तरीके से करें। कोई भी अफवाह नहीं फैलायें, एडमिन का व्हाट्सपग्रुप में नियंत्रण हो। व्हाट्सएप्प, फेसबुक व इंस्टाग्राम में धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाला कोई पोस्ट ना करें। शोभायात्रा निर्धारित रूट में ही निकाली जाय और तय समय पर संपन्न कराया जाय। इस दौरान अनुशासन बना रहे। युवाओं को भटकाव से बचाने के लिए उनकी काउंसलिंग करायें।

### सरेंगदाग में नक्सलियों ने दी दस्तक

# दो ट्रैक्टरों को किया आग के हवाले

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के अति उग्रवाद प्रभावित सेरेंगदाग थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने एक बार फिर दस्तक दी है। इस क्रम में वहा विकास कार्य में लगे दो ट्रैक्टरों को आग के हवाले कर दिया है। नक्सलियों ने सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के पुनदाग नदी में करोड़ो की लागत से बन रहा चार स्पेन की पुलिया निर्माण कार्य मे लगे दो ट्रैक्टर को आग के हवाले किया है। इसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना को लेकर लोहरदगा एसपी आर रामकुमार ने पुष्टि की है। एसपी ने सूचना मिलने और पुलिस की कार्रवाई शुरू कर देने की बात कही है। मामले की सूचना मिलने पर जिले की अभियान डीएसपी दीपक पाण्डेय एवं सीआरपीएफ के जवान तथा सेरेंगदाग थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गये। उग्रवादियों का



धर पकड़ के लिये कारवाई करते हुए जंगल की ओर छापामारी अभियान तेज कर दिया गया। बताया जाता है कि घटना को अंजाम देने के बाद सभी उग्रवादी पेशरार की ओर चले गये। मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात्रि लगभग 12 बजे पुनदाग नदी में बन रहे चार स्पेन की पुल पर कार्य कर रहे दो ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। ट्रैक्टर के माध्यम से गड्ढे के पानी को सुखाने का कार्य चल रहा था। जिसको नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना स्थल पर संवेदक द्वारा किसी तरह का बोर्ड नहीं लगाया गया है। लेकीन कोई मिथुन साहू नामक संवेदक के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि भाकपा माओवादी रविंद्र गंझू के दस्ता ने इस वारदात को अंजाम दिया है। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि रविवार रात्रि में रविंद्र गझू अपने दस्ता के साथ 15 से 20 की संख्या में कार्य स्थल पहुंचा और उग्रवादियों ने सबसे पहले मजदूरों के बीच मुंशी की खोज की। मुंशी के नहीं रहने पर मजदूरों के साथ कड़ाई से पेश आते हुए पूछताछ किया। नक्सलियों के दस्ता ने एक अन्य पुल निर्माण योजना स्थल पर भी पहुंचकर धमकाते हुए निर्माण कार्य बंद करा दिया है। फिलहाल सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ चुकी है। वहीं नक्सली वारदात के बाद से इलाके के लोग दहशत में हैं।

## तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन

**सेन्हा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला की शुरूआत सोमवार से हुई। कार्यशाला का प्रारम्भ प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय गगेया के सेवानिवृत्त शिक्षक सह विभाग कार्यवाह गुमला किनेश्वर महतो एवं प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात इन्होंने 20 मिनट का उदबोधन कार्यशाला प्रस्तावना पर रखा। शैक्षणिक गतिविधि एवं अनुशासन ही पहचान है विद्याभारती विद्यालय का बातें किनेस्वर महतो ने कहा। उल्लेखनीय है कि कार्यशाला 27 से 29 मार्च तक प्रस्तावित है जिसमे प्रत्येक दिन 5 सत्र में विभाजित किया गया है। इस कार्यक्रम में सभी अचार्यवृन्द उपस्थित रहे। जिसमे सुषमा देवी, मीना देवी, संध्या कुमारी, गंगा कुमारी, समेत अन्य मौजूद थे।

## फाईलेरिया क्लिनिक का लाभ उठाएं मरीज : डॉ. दिव्या

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

फाइलेरिया मरीजों को सुविधा के अनुसार एवं क्षेत्र से बीमारी को दूर भागने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कदम उठाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया क्लिनिक का उद्घाटन हुई। फाइलेरिया क्लिनिक का शुभारंभ डॉ0 दिव्या निशी द्वारा फीता काट कर किया गया। डॉ0 दिव्या ने कहा की मलेरिया मच्छर के काटने से फलेरिया बीमारी होता है। इस बिमारी से से बचाव के लिये स्वास्थ्य केंद्र परिसर फाइलेरिया क्लिनिक खोला जा रहा है जिससे क्षेत्र के मरीजों को ससमय सुविधा मुहैया कराया जा सके। फाइलेरिया क्लिनिक से मरीज ज्यादा संख्या में लाभ उठाएं। प्रत्येक शुक्रवार को पूर्व से ग्रसित फाइलेरिया मरीज का



स्क्रिनिग जांच होगा और किट दिया जायेगा। हाइड्रॉक्सिल के मरीजों का भी ऑपरेशन किया जायेगा। फाइलेरिया एक खतरनाक बीमारी है। हाथी पैर होने से बचायें समय से इलाज होने पर फाइलेरिया मुक्त हो सकते हैं। मौके पर डा दिव्या निशि,अनुज कुमार सिन्हा, गन्दूर उरांव, बिराज तिर्की,देवेन्द्र गिरी, मंसूर अन्सारी सहित सभी स्वाथ्य कर्मी मौजूद थे ।

## सांसद ने झारखंड में वनों की अवैध कटाई का मामला सदन में उठाया

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने नियम-377 अतंर्गत झारखंड राज्य में हो रही वनों की अवैध कटाई को लेकर पुनः सदन मे लोकसभा अध्यक्ष का ध्यानाकर्षित किया। झारखंड के वन संरक्षण एवं सघन और समृद्ध वनों के प्रदेश झारखंड की पहचान और संस्कृति को बचाने में जनता के हितों का ध्यान रखते हुए, अविलम्ब कार्यवाही करने की आग्रह की। सुदर्शन भगत ने कहा की झारखण्ड राज्य अपने समृद्ध वन सम्पदा के लिए जाना जाता है। घने वन और वन आधारित जीवनशैली यहां की पहचान है और यहां की अर्थव्यवस्था की धुरी भी है कघने वन झारखंड को देश के



सभी राज्यों से अलग पहचान बनाते हैं कवनों के संरक्षण हेतु राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा अनेकों नियम भी बनाये गए हैं कवनों के संवर्धन हेतु अब समाज भी जागरूक हुआ है क किन्तु पिछले कुछ दिनों से झारखंड राज्य, विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र के लोहरदगा जिले के पेशरार प्रखंड एवं आसपास के प्रखंडों में बड़े पैमाने पर वनों की अवैध कटाई की जा रही है क जनसंपर्क के समय स्थानीय लोगों द्वारा एवं आये दिन समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त होती रहती है। स्थानीय प्रशासन भी मूकदर्शक बना रहता है। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार भी उदासीन है। यही स्थिति गुमला जिले में भी हैं। झारखंड में वनों की अवैध कटाई का मामला अत्यंत गंभीर होता जा रहा है कइसीलिए यह मुद्दा सदन में उठाना चाहता हूँ, जिससे कि झारखंड के गुमला, लोहरदगा जिले में चल रही वनों की अवैध कटाई बंद हो सके। वनों को अवैध रूप से कटाई करने वालों एवं इससे जुड़े अवैध व्यवसायियों के विरुद्ध विधि संवत कार्यवाही की जा सके।

## वनदुर्गा में चैती दुर्गा पूजा सह वासन्तिक नवरात्र महोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल वनदुर्गा मन्दिर में चैती दुर्गा पूजा सह वासन्तिक नवरात्र महोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू किया गया । इस मौके पर बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आगामी 26, 27 एवं 28 मार्च को चैती दुर्गा पूजा सह वासन्तिक नवरात्र महोत्सव का आयोजन सिमडेगा जिले के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल मालसाडा वनदुर्गा मन्दिर प्रागण में किया जा रहा है। जिसमें 26 मार्च को कलश यात्रा एवं अधिवास पूजन, 27 मार्च को नामयज्ञ, अखंड कीर्तन आरम्भ एवं संध्या 6 बजे सन्त सम्मेलन, हिन्दू सम्मेलन एवं सरना सम्मेलन, 9:30 बजे रात्रि से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 28 मार्च को नाम यज्ञ पूणार्हुति के साथ समापन किया जायेगा। इस मौके पर दर्शन, हवन पूजन, आरती, प्रसाद वितरण का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। इस मौके पर मनोज सिंह, चन्द्रदेव सिंह, कैलाश बड़ाईक, इंद्रजीत बड़ाईक, अरुण सिंह, जयराम सिंह, राजू बड़ाईक, नंदलाल महतो, जगरनाथ सिंह, विश्राम सिंह, धर्मजीत सिंह,रवि बड़ाईक, रामेश्वर सिंह एवं अन्य लोग क्रायक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## छपलपानी गांव में 3 लोगों की हत्या की अफवाह खबर से पुलिस दिनभर रही परेशान

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के छपलपानी गांव में 3 लोगों की हत्या की अफवाह खबर से बोलबा पुलिस सोमवार दिनभर परेशान रही। बताया गया कि सोमवार सुबह 7:00 बजे बोलबा प्रखंड के छपलपानी गांव में 3 लोगों की हत्या होने की सूचना छपलपानी गांव के किसी व्यक्ति ने मुखिया सहित अन्य लोगों को दिया। जिसके बाद मुखिया ने बोलबा थाना प्रभारी अरुनिष रोशन को इसकी सूचना दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ छपलपानी गांव की ओर रवाना हो गए।गांव पहुंचने के बाद पुलिस घटना की छानबीन करने लगे। इस मौके पर ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि गांव में किसी तरह की कोई घटना नहीं हुई है। इस मौके पर थाना प्रभारी अरुनिष रोशन ने बताया कि हत्या की खबर अफवाह थी इस सूचना पर कोई भी व्यक्ति ध्यान नहीं दें। पहले वास्तविकता की जांच कर ले। वहीं उन्होंने कहा कि इस तरह की गलत अफवाह फैलाने वाले लोगों पर करवाई किया जायेगा।

## लैंगिक असमानता और नशा पान को समाप्त करने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

**कुडू।** कुडू प्रखंड के जांगी और सुकुमार ग्राम में ग्राम सभा के आयोजन में किशोर समूह के बालको के द्वारा समाज कल्याण विभाग एवं सेन्टर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के सहयोग और मार्गदर्शन से महिला पुरुष समानता और नशा पान के विषय पर ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाने हेतु नुकड़-नाटक का आयोजन किया गया। महिला पुरुष समानता पर समानता विषय पर जागरूकता लाने हेतु प्रथम नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। मौके पर ग्राम प्रधान रामजीत उरांव ने कहा कि किशोर समूह के सदस्यों द्वारा यह एक बहुत ही सराहनीय पहल है। किशोरों के द्वारा नाटक मंचन ने हमारे दिलो दिमाग पर गहरा प्रभाव डाला है। मौके पर सेन्टर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के क्लस्टर समन्वयक मुबेद अख्तर, पवन कुमार गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, सहिया कमली देवी, लक्ष्मी देवी और एवं लगभग 150 ग्रामीण मौजूद थे।

### टीबी अभियान | 46 टीबी मरीजों को पोषण किट्स का वितरण, उपायुक्त बोले

# गुमला को 2024 तक टीबी मुक्त करना है

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

यहां सदर अस्पताल में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान निक्षय मित्र पोषण योजना के तहत उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 46 टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि वर्ष 2025 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को टीबी मुक्त देश बनाने की दिशा में पहल शुरू की है। गुमला जिला भी इस अभियान में शामिल है। उन्होंने कहा कि टीबी



की संपूर्ण जांच व इलाज प्रत्येक सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क करवाया जा रहा है। निक्षय मित्र पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट सामग्री दी जा रही है। जिसमें 2 किलो दाल, 1 किलो गुड़, 3 किलो चना, 1 किलो सरसों तेल, सोयाबीन जैसे पौष्टिक आहार शामिल हैं जो मरीजों के लिए लाभदायक है।

उपायुक्त बताया कि बहुत से ऐसे टीबी चैंपियन हैं जो टीबी बीमारी से ठीक होकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और जागरूकता फैला रहे हैं। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों को सरकार प्रति माह 500 रुपये उनके खाते में पौष्टिक अनाज खाने के लिए देती है। कुल छह माह में 3000 की राशि टीबी मरीजों को दी जाती है। उपायुक्त ने गुमला जिला को 2024 तक टीबी मुक्त करने की बात कही और सभी टीबी मरीजों को कोई भी परेशानी होने पर उनसे सीधी बात करने की बात कही।

जिले के विभिन्न प्रखंडों में यक्ष्मा मित्रों द्वारा टीबी के मरीजों को गोद लेकर उन्हें प्रति माह पोषण किट दिया जा रहा है। इसके अलावा टीबी अभियान के तहत नियमित रूप से कैंप के माध्यम से भी टीबी की जांच करते हुए मरीजों का इलाज करवाया जा रहा है। उपायुक्त ने सदर अस्पताल में नव निर्मित एमटीसी सेंटर का भी निरीक्षण किया, जिसमें बच्चों के लिए हर आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की भी जांच की।

NEWS इन ब्रीफ

## सूर्य देव पाठक का निधन ब्राह्मण समाज के लिए अपूरणीय क्षति

**मेदिनीनगर।** सारभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण सभा की ओर से सदर प्रखंड अंतर्गत जमुने निवासी पंडित सूर्यदेव पाठक के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त किया गया। विदित हो कि सूर्य देव पाठक का निधन 24 मार्च को हो गया है । उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गए हैं। उनके निधन पर शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय पाठक सरल स्वभाव के मृदुभाषी व्यक्ति थे। उन्होंने बेहतर शिक्षण कार्य मध्य विद्यालय इटहे लेस्लीगंज में किया था। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। वह समाज के लिए सदैव तत्पर रहते थे । कर्मकांड के भी वे ज्ञाता थे। दुख व्यक्त करने वालों में विजयानंद पाठक, अर्जुन पाठक, बिंदु पांडेय,राम कुमार पांडेय, गोपाल मिश्रा ,सत्येंद्र पाठक नरेंद्र पाठक, सुनील मिश्रा ,मनोज पाठक समेत दर्जनों लोग हैं।

## रेलवे स्टेशन पर चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर सोमवार को मजिस्ट्रेट के द्वारा संघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान कुल 23 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। उनसे जुर्माना के रूप में 6520 रुपये का राजस्व वसूल किया गया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व में भी चेकिंग अभियान में लगातार 12 घंटे तक अभियान चलाकर रिकॉर्ड तोड़ राजस्व का उपार्जन किया गया था। जो सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाई गई थी। जिसमें 121 बेटिकट यात्रियों से लाखों की वसूली हुई थी। गौरतलब है कि वर्तमान वितीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अधिक से अधिक राजस्व की उगाही करने के उद्देश्य से चेकिंग टीम के सभी सदस्यों के साथ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## अस्पताल शौचालय शुरू होने से मरीजों को राहत

**मेदिनीनगर।** दो दिन पहले सदर अस्पताल के सेकंड फ्लोर पर शौचालय बंद रहने से मरीज और उनके परिजन काफी परेशान थे। इसके बाद इसकी जानकारी अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह को दी गई । अस्पताल अधीक्षक के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए। सेकंड फ्लोर पर शौचालय को पूर्णत चालू करवा दिया गया। शौचालय चालू होने से अब मरीजों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल के मरीज अस्पताल अधीक्षक को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया है। बताते चलें कि अस्पताल के सेकंड फ्लोर का शौचालय किसी वजह से बंद था। जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

## यूनिसेफ का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**मेदिनीनगर।** राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी, महिला, बाल विकास विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में हर बच्चे को एक स्नेहपूर्ण परिवार कार्यक्रम विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। होटल चंद्रा रेजीडेंसी में आयोजित प्रशिक्षण में प्रमंडल स्तर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य और बाल कल्याण समितियों के अध्यक्षों/ सदस्यों ने भाग लिया। बच्चों की देखभाल करने वाले संस्थानों को अंतिम विकल्प के रूप में देखते हुए परिवार, रिश्तेदारी, फोस्टर केयर, स्पॉन्सरशिप, एडॉप्शन, फॉस्टर केयर जैसे विकल्पों से जोड़ना और उन्हें बेहतर माहौल देने की आवश्यकता है। बच्चों के लिए ऐसे विकल्पों पर विचार करते हुए उनके परिवार से अलगाव की रोकथाम एवं गेटकीपिंग की प्रक्रिया स्थापित करना आवश्यक है, ताकि बच्चों को स्थाई रूप से परिवार में रहना संभव हो सके।

# आज निकेलगा भव्य मंगलवारी शोभायात्रा

**शिवाला रोड स्थित शिव मंदिर के प्रांगण से शाम 7.30 बजे से मंगलवारी शोभायात्रा पूरे धूमधाम से निकाला जायेगा।**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महावीर नवयुवक दल सहित शहर के तमाम अखाड़ा समिति व पूजा समितियों के द्वारा मंगलवार को सप्तमी तिथि के अवसर पर भव्य मंगलवारी शोभायात्रा निकाला जायेगा। जिसके लिए सभी समितियों की ओर से तैयारियां की जा रही है। रामनवमी की ये अंतिम मंगलवारी शोभायात्रा होगी। जेनरल के द्वारा स्थानीय शिवाला रोड स्थित शिव मंदिर के प्रांगण से शाम 7.30 बजे से मंगलवारी शोभायात्रा पूरे धूमधाम से निकाला जाएगा। ये जानकारी जेनरल के मीडिया प्रभारी के द्वारा दिया गया। आज से तीन दिन शहर श्रीराम और बजरंगबली के भक्ति में लीन होने जा रहा है। सभी महावीर नवयुवक दल जेनरल के सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को ससमय इस शोभायात्रा में शामिल होने को कहा गया है। वही,आज निगम के पार्षदों का सम्मान समारोह भी किया जाएगा। जनरल के द्वारा इस वर्ष रामनवमी पर्व पर नगर निगम के जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इस बात की घोषणा श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष युगल किशोर ने वार्ड पार्षदों के बीच मेदिनीनगर के शिवाला घाट स्थित श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के प्रधान कार्यालय में आयोजित पार्षदों के साथ बैठक में की थी। जनरल अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि रामनवमी पर्व को भव्यता एवं सुंदरता प्रदान करने में मेदिनीनगर निगम के सभी वार्ड पार्षदों का बहुत ही बहुमूल्य योगदान हर वर्ष रहा है। पार्षदों के सहयोग के बिना रामनवमी को ऐतिहासिक नहीं बनाया जा सकता है। रामनवमी पर्व के प्रति सभी वार्ड पार्षदों की एकजुटता एवं समर्पण भावना को देखते हुए श्री महावीर नवयुवक दल जनरल की कमेटी ने निर्णय लिया है कि सभी वार्ड पार्षदों को जनरल की ओर से सम्मानित किया जाये। यह सम्मान आज मंगलवार को शाम 6 बजे से स्थानीय छह मुहान चौक पर आयोजित किया जायेगा। जिसमें मेदिनीनगर नगर निगम के सभी जनप्रतिनिधि सादर आमंत्रित है।

# पलामू पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अंतर्गत लेस्लीगंज की धरती पर सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पहुंचे। जिनके स्वागत के लिए पाटन छतरपुर विधानसभा के विधायक पुष्पा देवी ,पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार, विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, विधायक आलोक चौरसिया, जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक मौके पर मौजूद रहे। सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष का भव्य स्वागत किया। गौरतलब है कि लेस्लीगंज का नाम बदलकर नीलाम्बर पीताम्बरपुर हुआ है और वहां के क्षेत्रीय विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के द्वारा नीलाम्बर पीताम्बरपुर ब्लाक परिसर के पास शहीद आदमकद प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। जिसका अनावरण के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी के कर कमलों से किया गया। इस मौके पर भाजपा के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## डीसी ने पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण को लेकर की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में पेयजल संबंधी समस्याओं के पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं निराकरण को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने जिले में संचालित पेयजल से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली। जिले में पेयजल की समस्या को देखते हुए उपायुक्त ने पूरे जिले में अच्छे और खराब पड़े चापानलों का सर्वे कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी तरह के चापानल जैसे जिला स्तर, विधायक निधि और छोटे स्कीम से बने चापानल जो फिलहाल खराब पड़े हैं, उसे मरम्मति करने का निर्देश दिया । साथ ही जिले में टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति को लेकर टैंकरों का मूल्य निर्धारित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। इस संबंध में उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि जिले में पेयजल संकट को देखते हुए पूरे जिले में खराब पड़े चापानलों का मरम्मत कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने पेयजल स्वच्छता विभाग के पेयजल की समस्याओं का निराकरण के लिए तत्पर होकर पूरी तरह से तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया।

# आज उदीयमान सूर्य को दिया जायेगा अर्घ्य



### छठी मैया की गीतों से गूंज उठा इलाका

माथेपर फल फूल आदि से लदे सूप लेकर कड़ी धूप में भक्त नदी घाट पहुंचे। इस दौरान छठ गीतों से इलाका गूंजता रहा। जहां पर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सूर्य देव को अर्घ्य चढ़ाया गया। वहीं आज अहले सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। सोमवार की शाम को बांस की टोकरी में फलों, ठेकुआ, चावल के लड्डू आदि से अर्घ्य का सूप सजाया जाता है। जिसके बाद व्रती अपने परिवार के साथ सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इसके साथ ही चौथे दिन सुबह उगते हुए सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा और अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण किया जाएगा।

**कई परिवार में लोगों ने अपने घरों के आंगनों, बगीचों और छतों पर भी सूर्य को दिया अर्घ्य**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में सोमवार को जहां सूर्य की तपिश अधिक रही उसके बावजूद सूर्य उपासना का पर्व चैती छठ में व्रतियों का उत्साह चरम पर रहा। सोमवार की शाम बाजा गाजा के साथ छठ व्रतियां और श्रद्धालु शहर के छठ घाटों में पहुंचे तथा अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। शाम 5 बजे से ही घाटों में भक्तों का आना शुरू हो गया। शहर के कोयल नदी स्थित घाट, अमानत नदी के घाट और पम्पू कल स्थित घाट में सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती पहुंचीं और पूजा की। रविवार की शाम को खरना किया गया। छठ व्रतियों के खरना प्रसाद का विशेष महत्व का होता है। व्रत धारण करने वाले लोगों ने परिजनों को खीर प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया था। खरना पूजा में मिट्टी से सिर धोकर व्रती दिन भर निर्जला व्रत पर रहे। शाम को बिना शक्कर से गुड़ की खीर एवं पूड़ी का प्रसाद बनाया । व्रतियों ने रात में चंद्र दर्शन के बाद छठ मैया के उस प्रसाद को ग्रहण किया।

**कई छठव्रतियों ने घरो में ही दिया अर्घ्य** : कई परिवार में लोगों ने अपने घर के आंगनों, बगीचों और छतों पर भी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पानी जमा किया है। इसी पानी में उतर कर व्रती फलों से भरा सूप उठाए और सूर्य को अर्ध्य अर्पित किया। यह इस भावना के साथ है कि जिस सूर्य ने हमें अन्न दिया हम सबसे पहले उसे श्रद्धा भाव के साथ अर्पित कर रहे हैं। पूरे अनुशासन के साथ निर्जला की सात्विकता के साथ। प्रकृति का यह पर्व दुसरे अर्ध्य के साथ संपन्न हो जायेगा।

**पूरी तरह से प्रकृति की पूजा है छठ** : चैत छठ व्रत पूरी तरह से प्रकृति की पूजा है। इसमें नए फसल, मौसमी फल के साथ नदी, तालाब, पोखर में भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। भगवान सूर्य की उपासना का पर्व छठ आरोग्यता प्रदान करने का व्रत है। इस पर्व को लोग धन, धान्य व सुख समृद्धि की कामना को लेकर करते हैं। ऐसी मान्यता है कि छठ के व्रतियों में सूर्य की वह उर्जा विद्यमान हो जाती है कि व्रती पूरे साल बीमारियों से दूर रहते है। चर्म रोगों में छठ का व्रत विशेष लाभकारी माना जाता है।

## महुआ विवाद में महिला घायल

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घरटिया निवासी नानदेव सिंह की पत्नी कर्मावती देवी उम्र 50 वर्ष को गोतिया के लोगों ने टांगी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार कर्मावती देवी रविवार की दोपहर अपने गांव में महुआ चून रही थी। इसी बीच महुआ चुनने को लेकर गोतिया के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि लोगों ने कर्मावती देवी को टांगी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल को इलाज के लिए बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# मरीजों के लिए वरदान है एम्बुलेंस 102 व 108




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में 108 एंबुलेंस द्वारा कई मामलो में गंभीर मरीजों को समय पर मदद मिल रही है। चाहे वह प्रसव के मामले हो या फिर दुर्घटना के, 108 एम्बुलेंस द्वारा सभी को समय रहते मदद पहुंचाई जा रही है। दूर दराज के ग्रामीण इलाकों से समय से मरीजों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है एवं जरूरत पड़ने पर उन्हें प्राथमिक उपचार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले दो वर्षो में एम्बुलेंस में प्रसव के मामले काफी बढ़े हैं। अच्छी बात यह है कि आपातकालीन टेकनिशियन एवं एम्बुलेंस स्टाफ द्वारा सभी का सफलतापूर्वक प्रसव कराया गया है। एम्बुलेंस में प्रसव के ज्यादातर मामले, अधिकतर ग्रामीण इलाको के होते हैं। नेशनल हेल्थ मिशन के अनुसार मरीज की जरूरतों को देखते हुए दो तरह की एम्बुलेंस सेवा प्रदान की जाती है। 102 के तहत दो वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाएं जरूरत के लिए एम्बुलेंस सेवा ले सकते हैं। जैसे जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत पात्र लाभार्थियों को अस्पताल पहुंचाने, रेफर करने, या दूसरे अस्पताल पहुंचाने और बच्चे और मां को वापस घर पहुंचाने की सुविधा दी जाती हैं। 108 के तहत गंभीर मरीज, दुर्घटना में घायल लोगों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने की सुविधा मिलती है। सोमवार को ही एक घटना देखने को मिला । हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बिशनपुर बटेश्वर सिंह और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिन्हें रांची जाने के लिए 108 एंबुलेंस की आवश्यकता थी। 108 एंबुलेंस पर कॉल करते ही 15 मिनट के अंदर सदर अस्पताल में 108 एंबुलेंस पहुंचकर दोनों घायल पति पत्नी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल से रांची रिम्स लेकर गए। इतनी जल्दी सुविधा पाकर मरीज के परिजन काफी खुश थे।

## वैमनस्यता व ईर्ष्या का वातावरण न बनने दें: बीडीओ

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर रविवार को पड़वा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने की। संचालन सहायक अवर निरीक्षक समाल अहमद ने किया। प्रखण्ड प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि पर्व के दौरान सामाजिक समरसता बनाए रखने की जरूरत है। कभी भी कोई ऐसा काम न करें ,जिससे दूसरे समुदाय के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचें। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने कहा कि पर्व के दौरान वैमनस्यता व ईर्ष्या का वातावरण न बनने दें। शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पर्व मने इसके लिए प्रशासन असमाजिक व शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। पर्व के दौरान पूजा स्थल पर डीजे बजाएं ,लेकिन चलंत डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने कहा कि पर्व के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी हुई तो पूजा समिति पर भी कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम का जन्मोत्सव मना रहे हैं । इसलिए पूजा समिति के लोग इसका ध्यान रखेंगे कि किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि उपद्रवियों का कोई जात धर्म नहीं होता है।

# रामनवमी की सुरक्षा में तैनात होगी रैप पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पहली बार रामनवमी के दौरान रैफ की तैनाती की जायेगी। इसके साथ ही पहली बार रामनवमी के दौरान पलामू को मुख्यालय की तरफ से अतिरिक्त बल उपलब्ध कराया जा रहा है। रैफ की एक कंपनी को पलामू के पांकी में जबकि दूसरी कंपनी को अलग जगह तैनात किया जाएगा। बता दें कि करीब एक महीने पहले पलामू के पांकी में दो पक्षों में विवाद हुआ था। इसी कारण पलामू के इस इलाके में रामनवमी के दौरान पहली बार रैफकी कंपनी को तैनात किया जा रहा है। रामनवमी को लेकर पलामू प्रमंडल को 500 से भी अधिक अतिरिक्त बल उपलब्ध कराया जा रहा है। यह अतिरिक्त बल पुलिस मुख्यालय की तरफ से पलामू को उपलब्ध करवाया जा रहा है। पलामू में रामनवमी के दौरान हिंसक घटनाओं का कोई इतिहास नहीं रहा है। लेकिन हाल के दिनों की स्थिति को देखते हुए प्रशासन और पुलिस हाई अलर्ट पर है। इस बार प्रशासन ने अतिरिक्त बल की तैनाती का निर्णय लिया है। रामनवमी को देखते हुए प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की सभी छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है। पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि पलामू संवेदनशील इलाका है। रामनवमी को लेकर पुलिस मुख्यालय द्वारा एसओपी जारी किया गया है। जारी एसओपी के आधार पर पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बार सिर्फ पलामू ही नहीं, बल्कि गढ़वा और लातेहार को भी अतिरिक्त बल उपलब्ध करवाया जा रहा है। आईजी ने बताया कि इस बार रैफ को भी तैनात किया जाएगा। रामनवमी को देखते हुए को पलामू जिला प्रशासन 27 मार्च को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक करेगी। जिला प्रशासन रामनवमी को लेकर सोशल मीडिया के साथ-साथ सभी संवेदनशील इलाकों पर भी नजर बनाए हुए है। पुलिस और प्रशासन लगातार आम लोगों से सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने और भड़काऊ पोस्ट नहीं करने की अपील कर रही है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# लोक अदालत में 102 मामले का निस्तारण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे की अध्यक्षता में किया गया। लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर 102 मामले का निस्तारण किया गया। वहीं सात लाख 16 हजार 500 रुपए का मामला सेटल हुआ । लोक अदालत में मामले निस्तारण को लेकर नव पीठों का गठन किया गया था। व एक हेल्प डेस्क बनाया गया था । पीठ संख्या दो में विद्युत विभाग व सभी डीजे कोर्ट के मामले का निपटारा किया गया। जिसमें विद्युत विभाग के 24 मामले का निपटारा हुआ। पीठ संख्या तीन में आपराधिक वादों का निपटारा किया गया । इस पीठ में 24 मामले का निपटारा किया गया। पीठ संख्या आठ में प्री लिटिगेशन से संबंधित 11 मामले का निपटारा किया गया। व पीठ संख्या नव में एक्सकुटिभ व रेवेन्यू से संबंधित कोर्ट के 43 मामले का निपटारा किया गया। लोक अदालत में मामले निस्तारण करने से लोगों को शीघ्र, सुलभ , सरल व त्वरित न्याय मिलता है। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे प्रथम संतोष कुमार ,द्वितीय विनोद कुमार सिंह, प्रेम नाथ पांडे,अभिमन्यु कुमार ,अमरेश कुमार ,निरुपम कुमार, आनंदा सिंह ,शिखा अग्रवाल ,संदीप निशित बारा, निशिकांत, अमित गुप्ता, मनोज कुमार, चंदन कुमार गोस्वामी,रीतू कुजूर, के अलावे सभी न्यायिक अधिकारी अधिवक्ता गण, विभागीय लोग, व पक्षकार गण उपस्थित थे।

**कार्रवाई** रामनवमी को लेकर डीसी-एसपी ने शांति समिति की बैठक की

# प्रेम व भाईचारे संग मनायें रामनवमी : उपायुक्त



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को रामनवमी पर्व के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। टाउन हॉल में आयोजित बैठक में जिलेभर में रामनवमी के त्योहार पारंपरिक उत्साह, आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त श्री दोड्डे ने रामनवमी के अवसर पर विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिये सभी का सहयोग अपेक्षित है.उन्होंने कहा कि पर्व में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से बंद रखने पर बल दिया साथ ही सभी रामनवमी जुलूस को रात 10 बजे तक समाप्त करने की भी बात कही.उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था व पवित्रता के साथ मनाया जाता है लेकिन इसी में कुछ असामाजिक तत्व शराब पीकर माहौल को खराब करते हैं। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों को ऐसे तत्वों पर निगरानी रखने की अपील की.बैठक में रामनवमी महासमिति के सदस्यों द्वारा बिजली व पेयजल से संबंधित उठाए गए समस्याओं को लेकर उपायुक्त ने नगर निगम, बिजली विभाग व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए जुलूस रुट में पड़ने वाले सभी तरह के समस्याओं का निराकरण कराने की बात कही.उन्होंने तीनों एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत निकलने वाले सभी जुलूस के साथ एक मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति करने व जुलूस के निगरानी हेतु सीसीटीवी लगाने, वीडियो ग्राफर की व्यवस्था रखने की बात कही।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** बैठक में उपरोक्त के अलावा सहायक समाहर्ता, सहायक पुलिस अधीक्षक,तीनों एसडीओ, सभी बीडीओ, सीओ, रामनवमी महासमिति का जनरल युगल किशोर, शांति समिति सदस्य दुर्गा जौहरी,मोहर्रम इंतेजमिया कमिटी के जिशान खान,समाजसेवी रामनाथ चंद्रवंशी, समेत बड़ी संख्या में विभिन्न अखाड़े के मेंबर व वालंटियर उपस्थित रहे।

### रामनवमी में मनचलों का कोई स्कोप नही : एसपी

बैठक में एसपी चंदन कुमार सिंहा ने कहा कि पर्व को भव्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पलामू पुलिस सदैव तत्पर है.एसपी श्री सिंहा ने कहा कि यह पर्व में मनचलों का कोई स्कोप नहीं है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के प्रत्येक गतिविधि पर है पलामू पुलिस की पैनी नजर है। एसपी ने आम लोगों से आपत्तिजनक वीडियो, फोटो, मैसेज 9110049366 पर भेजने की भी अपील की है। बैठक में जिले भर से आये विभिन्न अखाड़ा समिति के सदस्यों ने भी अपनी-अपनी मांगों से जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। वहीं पूरे कार्यक्रम का संचालन अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने किया।

## तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला प्रारंभ

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर पलामू के सभागार में 27 मार्च को सीबीएसई द्वारा निर्देशित तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला के द्वितीय चक्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथियों को वेद मंत्रोचार के बीच तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। संगीत शिक्षकों ने एक स्वागत में गान प्रस्तुत किया। आगंतुक अतिथियों एवं प्रशिक्षु को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सह कार्यक्रम संयोजक डॉ. जीएन.खान ने कहा कि यह कार्यशाला हमारे शिक्षकों को अद्यतन जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ बच्चों को भी आधुनिक पद्धति से सीखने हेतु लाभप्रद सिद्ध होने वाली है । इस कार्यशाला में नई शिक्षा नीति की बारीकियों एवं अपेक्षाओं पर चर्चा कर उसमें आने वाले समस्याओं का निवारण कर हम इस नीति को छात्रों में रूपांतरित करने की विधियों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने पाठ्यक्रम में किसे कैसे आत्मसात करें। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बीजे. जोसेफ प्राचार्य हेरीटेज इंटरनेशनल स्कूल, राहुल सिंह प्राचार्य ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल, राकेश भरुचि प्राचार्य एलिट पब्लिक स्कूल , डीके.मेहता प्राचार्य ओरियंट पब्लिक स्कूल उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उदघाटन

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला ओपीडी सहित 310 मरीजों की जांच कर,आवश्यक परामर्श व दवा उपलब्ध कराया गया. प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उदघाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे,विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ ने सयुक्त रूप से फीता काट कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया.स्वास्थ्य मेला में विभिन्न रोगों से संबंधित अलग-अलग स्टाल लगाया गया था। जिसमे परिवार नियोजन, आयुष, मातृत्व, शिशु, पोषण,कोविड, नियमित टीकाकरण,कैंसर जागरूकता,मलेरिया, आयुष्मान भारत, एनसीडी कार्यक्रम,एचआईवी नियंत्रण सहित अन्य स्टाल लगाए गये थे।

## ज्ञान की बात

**जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है; और जिसकी मृत्यु हुई है, उसका पुनर्जन्म निश्चित है। जन्म और मृत्यु केवल शरीर के ही होते हैं , आत्मा के नहीं। जो शरीर राज्य के लिए युद्ध नहीं करते, मृत्यु तो उनकी भी होती है। धन्य हैं वे जो अपने धर्म का पालन करते हैं और अधर्म के नाश के लिए शरीर त्यागते हैं। आत्मा को न शस्त्र काट सकते हैं, न अग्नि जला सकती है, न जल गला सकते है, न पवन उसे जल शून्य कर सकता है। - *ठाकुर जी***

# गांव की मजबूती जरूरी

***भारत*** की आत्मा गांवों में बसती है। लेकिन आज गांवों की स्थिति अच्छी नहीं है। उसकी वजह यह है कि यहां आज भी पुराने तरीके से खेती की जा रही है। जिस कारण जितना मुनाफा होना चाहिए किसानों को नहीं हो रही है। ऐसे में इसके तरीके को बदलने की जरूरत है। ऐसे में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत काम शुरू कर दिया है। झारखंड में भी प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के तहत मुख्य रूप से सभी सिंथेटिक, रासायनिक उपादानों के बहिष्कार पर जोर दिया दिया जा रहा है। बायोमास, मल्चिंग, गाय के गोबर, और अन्य पौधे आधारित सामग्री पर जोर देने के साथ-साथ खेत में बायोमास रीसाइकलिंग को बढ़ावा देने का काम भी शुरू हो गया है। बीपीकेपी के तहत 500 हेक्टेयर कलस्टर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रति हेक्टेयर 3 वर्षों के लिए 12,200 रुपये की राशि भी प्रदान की जा रही है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि अब तक 4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को बीपीकेपी के तहत लाया गया है। लोकसभा में रांची के सांसद ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से संबंधित सवाल लोकसभा में रखा था। जानकारी मांगी थी कि भारत सरकार इस दिशा में क्या काम कर रही है। इसके बाद सबकी निगाहें इस ओर गयी हैं। यह अच्छी बात है बगैर प्राकृतिक खेती के किसानों की दशा नहीं सुधरने वाली है। इसके अंतगर्त झारखंड में 34100 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में काम शुरू हो गया है। इसके लिए 54 लाख रुपये से अधिक की राशि जारी भी कर दी गई है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार अगले 4 वर्षों में 15000 क्लस्टर विकसित करके 7.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। सरकार राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान और राष्ट्रीय जैविक और प्राकृतिक खेती केंद्र के माध्यम से मास्टर प्रशिक्षकों, चैंपियन किसान और अभ्यास करने वाले किसानों को बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती की तकनीक पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऐसे में राज्य सरकार को इस दिशा में आगे आकर इस प्रकरण को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। बहरहाल गांवों की तरक्की से ही देश का विकास संभव है। लेकिन देखा यह जा रहा है कि हमारे अन्नदाता निराश हो चुके हैं। खेती से जो मुनाफा होना चाहिए,वह नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में बदलते समय के साथ किसानों को भी बदलने की जरूरत है। कारण पुराने तरीके से खेती करने पर वह लाभ नहीं मिल पाता है,जिसके वह हकदार हैं। ऐसी स्थिति में सरकार के द्वारा सुझाये गये उपाय को अपनाने की जरूरत है। खेती को बढ़ावा देकर ही वह अपने परिवार के साथ देश का भला कर पायेंगे। कारण गांव की सौंधी महक की हवा पूरे देश में बिखेर कर जहां वह अपनी स्थिति में सुधार लायेंगे, वहीं देश को भी मजबूती मिलेगी। अभी हाल में देखा गया कि कोरोना के समय में गांव की गलियों में कोलाहाल था। अपने बेटों को गांव की धरती भूखे नहीं मरने दी। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि भले हम लोग गांव को भूल गये हैं, लेकिन गांव आज भी हमारा आज भी इंतजार करता है। ऐसे में गांव की खेती को नया आयाम देकर हम सब इसकी खुशहाली बहाल कर सकते हैं।

**झारखंड में भी प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के तहत मुख्य रूप से सभी सिंथेटिक, रासायनिक उपादानों के बहिष्कार पर जोर दिया दिया जा रहा है।**

# सिया-राम-मय सब जग जानी...





गिरीश्वर मिश्र

***श्रीराम*** विष्णु के अवतार हैं। सृष्टि के कथानक में भगवान विष्णु के अवतार लेने के कारणों में भक्तों के मन में आये विकारों को दूर करना, लोक में भक्ति का संचार करना, जन-जन के कष्टों का निवारण और भक्तों के लिए भगवान की प्रीति पा सकने की इच्छा पूरा करना प्रमुख हैं। सांसारिक जीवन में मद, काम, क्रोध और मोह आदि से अनेक तरह के कष्ट होते हैं और उदात्त वृत्तियों के विकास में व्यवधान पड़ता है। रामचरितमानस में इन स्थितियों का वर्णन करते हुए गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि जब-जब धर्म का ह्रास होता है, नीच और अभिमानी राक्षस बढ़ जाते हैं और अन्याय करने लगते हैं, पृथ्वी और वहाँ के निवासी कष्ट पाते हैं तब-तब कृपानिधान प्रभु भाँति-भाँति के दिव्य शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं। एक भक्त के रूप में तुलसीदास जी का विश्वास है कि सारा जगत राममय है और उनके मन में बसा भक्त कह उठता है सीय राममय सब जग जानी करहुं प्रणाम जोरि जुग पानी। सारे जगत में चारों ओर राम को देखना भक्ति की पराकाष्ठा भी है और समदर्शी हो कर ऊपर से दिखने वाले विरोधों और उनसे उपजने वाली विपदाओं से उबरने का उपाय भी। आज के दौर में समानता से ज्यादा अनोखे, अद्वितीय, सबसे अलग, औरों से कुछ हट कर खुद को दिखने-दिखाने का रिवाज जोरों पर चल पड़ा है। वेश-भूषा, आचार-विचार,बात-व्यवहार सबमें अपने लिए आत्यंतिक फर्क साबित करना आज श्रेष्ठता का मानदंड होता जा रहा है। हम विविधता का उत्सव मनाने को सदैव व्याकुल रहने लगे हैं। औरों से अलग होना निश्चय ही बहुमूल्य होता है क्योंकि वह नवीनता लाता है। नवीनता मन के लिए रमणीय होती है और इसलिए वह प्रिय भी हो जाता है। नये, यानी जो पहले से भिन्न या अपूर्व है, उसे मौलिक कहा जाता है। उसे समाज में आदर मिलता है और पुरस्कृत भी किया जाता है। कहते हैं सृजनात्मक होने के लिए किसी चीज को मौलिक, उपयोगी और प्रासंगिक होना चाहिए। अस्तित्व की मौलिक एकता से विविधता की ओर आगे बढ़ती मनुष्य की दिग्विजय यात्रा निश्चय ही मोहक और चित्ताकर्षक है। परंतु भिन्नता के अति आग्रह या दुराग्रह कुछ कठिन सवाल भी खड़ा करने लगता है क्योंकि सिर्फ.विविधता और भिन्नता की सिद्धि के लिए विविधता को बढ़ाते जाने से जीवन-यात्रा नहीं सधती। धरती पर जिस भौतिक दुनिया में हम रहते हैं वहाँ बड़ी भारी मात्रा में नाना प्रकार के पदार्थ मौजूद हैं और वे सभी अपने गुण धर्म में एक दूसरे से अलग भी हैं। मनुष्य जीवन के स्तर पर भाषा, धार्मिक विश्वास, खान-पान आदि में भी यह विविधता व्याप्त है। यह विविधता जिस तरह बढती जा रही है उसका कोई ओर-छोर नहीं दिखता। इसलिए उसकी गणना करना आसान नहीं है। इंद्रियानुभव पर जोर देने वाले वैज्ञानिक युग में इस तरह के विश्लेषण की अंतहीन सम्भावनाएँ हैं और उसके तरह-तरह के परिणाम भी होते हैं। हमारा शरीर भी अन्यान्य अंगों और उपांगों से बना है और वे सभी भिन्न-भिन्न कार्य करते हैं। हाथ, पैर, आँख, नाक और कान न केवल अपनी रचना में एक दूसरे से भिन्न हैं बल्कि इन सबका अलग-अलग उपयोग है और सामान्यतः एक दूसरे की जगह भी नहीं ले सकते। ये सभी स्वभावतः भौतिक जगत के भिन्न-भिन्न विषयों से जुड़े होते हैं। यह विविधता अनेक तरह के कार्यों को सम्पादित करना सम्भव बनाती है।

**अस्तित्व की मौलिक एकता से विविधता की ओर आगे बढ़ती मनुष्य की दिग्विजय यात्रा निश्चय ही मोहक और चित्ताकर्षक है। परंतु भिन्नता के अति आग्रह या दुराग्रह कुछ कठिन सवाल भी खड़ा करने लगता है।**

### इन दिनों

निश्चय ही क्षमता का यह विस्तार जीवनी शक्ति या प्राणवत्ता से अनिवार्य रूप से जुड़ी होती है। इस तरह विविधता के अंतर्सम्बन्ध को पहचानना जीवन के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। भिन्नता पैदा करना या भेद देखना चीजों को एक को दूसरे के विपरीत खड़ा करता है। इससे उपजने वाला अलगाव दूरियाँ पैदा करता है और हम जो भिन्न है उसमें दोष-दर्शन करने लगते हैं। दूसरी ओर जो समान लगता है उससे स्नेह, निकटता और मित्रता का रिश्ता बनाने लगाते हैं। धीरे-धीरे समय के साथ भिन्न छिजें कब खिसक कर विरोध के खेमे में पहुँच जाती हैं इसका अंदाजा ही नहीं लगता। आज की दुनिया की प्रमुख समस्याएँ भिन्नता और विरोधजनित असंतोष, तनाव और हिंसा के रूप में उभरती दिख रही हैं। अलग नाम का उपयोग पहचान के लिए होता है परंतु यदि वह किसी लाभ से जुड़ जाय तो वह अलगाव का आधार बन कर समानता पर छा जाता है। जब 'मैंपन' का अहसास तीव्र होता है और हम अपने अकेले मैं को सबसे परे और सबके ऊपर रखने के लिए उद्यत होते हैं तो समानता ढँकती और बिसरती जाती है। दूसरी ओर भिन्नता प्रखर होती जाती है। तब हम भिन्नता को बचाये और बनाये रखने की कोशिश में लग जाते हैं। मैं के अखंड विस्तार में जो मेरा है उससे जो भिन्न या ममेतर है उसके साथ टकराव खड़ा हो जाता है। मैं का अहंकार फुंफकार मारता है। उसे 'अन्य' फूटी आँख भी नहीं सुहाता और तब द्वंद्व का बीजारोपण होता है और कलह की पौध पनपती है। एक और अनेक के बीच के रिश्ते राचीन काल से मनुष्य की सोच के केंद्र में रही है। पुरा काल के सृष्टि के आख्यानों में एक यह भी है की ईश्वर या परमात्मा को अकेले अच्छा नहीं लग रहा था (स एकाकी न रमते) और तब उसने एक से अनेक होने की इच्छा की (एकोहं बहुस्याम ) और फिर जो भी दूसरा रचा गया उसमें वह स्वयं प्रवेश कर गया। इस आख्यान का एक आशय परमात्मा की उपस्थिति की व्याप्ति को दर्शाना है। ईशावास्योपनिषद भी यही कहता है - ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित जगत्यां जगत-अर्थात यह दुनिया ईश्वर की वासस्थली है। इसलिए यहाँ हर जगह ईश्वर की उपस्थिति है। इस विचार की पराकाष्ठा शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत में हुई जिसमें यह प्रतिपादित किया गया- सर्वं खल्विदम ब्रह्म - अर्थात जो कुछ है वह ब्रह्म ही है। सर्वव्यापी ब्रह्म, ईश्वर या परमात्मा की संकल्पना जीवन जीने के लिए एक सुदृढ़ आधार प्रदान करती है। गोस्वामी तुलसीदास जी भी जगत को सीय-राममय कह कर भी सम्भवतः यही भाव व्यक्त कर रहे हैं। वे 'सारा जगत एक ही तत्व वाला है या एक ही तत्व का प्रकाश है' इस विचार की प्रतिष्ठा करते दिखते हैं। वस्तुतः यह मान कर ही सृष्टि मात्र में गुणवत्ता और शक्ति की प्रतिष्ठा हो सकेगी और हम उनका वास्तविक मूल्य समझ सकेंगे। आज हम पृथ्वी, जल, वायु आदि सभी को उपभोग्य वस्तु और खुद को उपभोक्ता मान कर बिना विचारे बहिचक उनका शोषण करते हैं। यह अलग बात है कि अब इस स्वार्थ वृत्ति का हानिकर पहलू उभर कर सामने आने लगा है। यदि पूरा जगत राममय है तो वह भी श्रीराम की ही तरह पूजनीय और वंदनीय हैं। श्रीराम सत्य, तप, तितिक्षा, संतोष, धैर्य, धर्मपरायणता की प्रतिमूर्ति है। श्रीराम का भाव परदुःखकातरता के साथ प्रतिष्ठित है। राममय होने के साथ यह आशा भी बलवती होती है कि राम के अनुगामियों में इन सब सद्गुणों की वृद्धि होगी। दायित्व आने के साथ शक्ति की उपस्थिति होगी।

### बोधि वृक्ष

## *आईए सुनें महाभारत की कथा*

इन्द्र अपने पुत्र अर्जुन की वीरता देखकर अतिप्रसन्न हुए। इन्द्र के कहने पर देव शिल्पि विश्वकर्मा और मय दानव ने मिलकर खाण्डव वन को इन्द्रपुरी जितने भव्य नगर में निर्मित कर दिया, जिसे इन्द्रप्रस्थ नाम दिया गया। सभी पाण्डव सब प्रकार की विद्याओं में प्रवीण थे। पाण्डवों ने सम्पूर्ण दिशाओं पर विजय पाई और युधिष्ठिर राज्य करने लगे। उन्होंने प्रचुर सुवर्णराशि से परिपूर्ण राजसूय यज्ञ का अनुष्ठान किया। उनका यह वैभव दुर्योधन के लिये असह्य हो उठा। उसने अपने भाई दुःशासन और वैभव प्राप्त सुहृद् कर्ण के कहने से शकुनि को साथ ले, द्यूत-सभा में जूए में प्रवृत्त होकर, युधिष्ठिर को उसके भाइयो, द्रौपदी और उनके राज्य को कपट-द्यूत के द्वारा हँसते-हँसते जीत लिया। दुर्योधन ने कुरु राज्य सभा में द्रौपदी का बहुत अपमान किया, उसे निर्वस्त्र करने क प्रयास किया। श्रीकृष्ण ने उनकी लाज बाचाई तत्पश्चात द्रौपदी सभी लोगो को श्राप देने ही वाली थी परन्तु गांधारी ने आकर ऐसा होने से रोक दिया। साथ ही में जूए में परास्त होकर युधिष्ठिर अपने भाइयों के साथ वन में चले गये। वहाँ उन्होंने अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार बारह वर्ष व्यतीत किये। वे वन में भी पहले ही की भाँति प्रतिदिन बहुसंख्यक ब्राह्मणों को भोजन कराते थे। (एक दिन उन्होंने) अठासी हजार द्विजोंसहित दुवार्सा को (श्रीकृष्ण-कृपा से) परितृप्त किया। वहाँ उनके साथ उनकी पत्नी द्रौपदी और पुरोहित धौम्यजी भी थे। बारहवाँ वर्ष बीतने पर वे विराट नगर में गये। वहाँ युधिष्ठिर सबसे अपरिचित रहकर 'कंक' नामक ब्राह्मण के रूप में रहने लगे। भीमसेन रसोइया बने थे। अर्जुन ने अपना नाम 'बृहन्नला' रखा था। पाण्डव पत्नी द्रौपदी रनिवास में सैरन्ध्री के रूप में रहने लगी। इसी प्रकार नकुल-सहदेव ने भी अपने नाम बदल लिये थे। भीमसेन ने रात्रिकाल में द्रौपदी का सतीत्व-हरण करने की इच्छा रखने वाले कीचक को मार डाला।

*(क्रमशः)*

# आंदोलन नहीं, सेवा-समर्पण से फतह करें शिखर



सियाराम पांडेय शांत

***भारत*** उत्सव प्रिय देश है। वह कठिनतम समय में भी उत्सव मनाने की संभावनाएं तलाशता है। उसका राजनीतिक समाज भी इस बात को बेहतर समझता है। भारतीय जनता पार्टी का तो इस मामले में कोई सानी नहीं है। वह तो एक तरह से आयोजनों में जीती है। आयोजनों के जरिये वह जनता से सीधे तौर पर जुड़ी रहती है। अन्य राजनीतिक दल भी ऐसा कुछ कर पाते लेकिन वे अपनी राजनीतिक और विकासपरक गतिविधियों से भाजपा से बड़ी रेखा खींचने की बजाय उसे अस्थिर करने की दुरभिसंधियों में ही अपने श्रम और समय का नुकसान कर रहे हैं। वे भाजपा के 42 साल के राजनीतिक सफर को देखें, दो सांसदों से 303 सांसदों वाली पार्टी बनने की उसकी रणनीति पर विचार करें। स्थापना दिवस तो हर पार्टी के आते हैं लेकिन इस आयोजन को जन सापेक्ष कैसे बनाया जाय, विरोधी दल यह हुनर भाजपा से बेहतर तरीके से सीख सकते हैं। शिखर पर चढ़ना जितना मुश्किल होता है, उससे कहीं अधिक मुश्किल होता है खुद को शिखर पर बनाये रखना। शिखर तक पहुंचने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इस बात को राजनीतिक दल जितनी जल्द समझ लेंगे, वे शिखर की यात्रा पथ पर अग्रसर हो जाएंगे। भाजपा केंद्र और 18 राज्यों में सत्तासीन है। कुछ राज्यों में उसके सहयोगी दलों की सरकार है। इतनी बड़ी उपलब्धि उसके रणनीतिकारों और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत, लगन और पार्टी के प्रति समर्पण का ही प्रतिफल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के स्थापना दिवस पर बेहद पते की बात कही है कि आज दुनिया के सामने ऐसा भारत है जो बिना किसी भय या दबाव के, अपने हितों के प्रति अडिग है और जब पूरी दुनिया दो विरोधी ध्रुवों में बंटी हो तब भारत को ऐसे देश के रूप में देखा जा रहा है जो दृढ़ता के साथ मानवता की बात कर सकता है। उन्होंने न केवल राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए काम करने का विश्वास जताया है, बल्कि यह भी बताया है कि आज भारत के पास नीति भी है, नीयत भी है। निर्णय और निश्चय की शक्ति भी है। यही वजह है कि वह न केवल अपने लक्ष्य तय कर रहा है बल्कि उसे पूरे भी कर रहा है। सबका साथ, सबका विकास का मंत्र भी है और वह सबका विश्वास प्राप्त करने में भी जुटी है। कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से कोहिमा तक भाजपा एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को निरंतर सशक्त कर रही है। गौरतलब है कि भाजपा अपना स्थापना दिवस ऐसे समय पर मना रही है जब चार राज्यों में अपनी सत्ता बरकरार रखने में दोबारा कामयाब हुई है। तीन दशकों में राज्यसभा में 100 सांसदों वाली पहली पार्टी बनी है। 6 अप्रैल, 1980 से आज तक उसने राजनीतिक उत्थान-पतन के अनेक पड़ाव देखे लेकिन जिस तेजी के साथ वह उत्तरोत्तर विकसित हो रही है, उसने विरोधी दलों की पेशानियों पर बल ला दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस बात में दम है कि भारतीय जनता पार्टी जहां राष्ट्र भक्ति को समर्पित है वहीं विरोधी दलों का समर्पण परिवार भक्ति के प्रति है। परिवार वादी पार्टियों को उन्होंने लोकतंत्र का दुश्मन, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की उपेक्षा करने वाला करार दिया है। उन पर यह भी आरोप लगाया है कि परिवार वादी दलों ने देश की प्रतिभा तथा युवा शक्ति को कभी उभरने नहीं दिया। हमेशा उनके पैर खींचे। ऐसे दल राष्ट्र नीति से राजनीति को अलग करके चलते रहे। मौजूदा समय राजनीति और राष्ट्र नीति को साथ लेकर चलने का है। यह और बात है कि परिवार वादी दलों को प्रधानमंत्री की यह बात पहले भी बुरी लगती थी। आज भी बुरी लगी है और आगे भी लगती रहेगी। उन्हें लगता है कि उनका दल ही लोकतंत्र को मजबूती दे सकता है। सोनिया गांधी ने जिस तरह लोकतंत्र की मजबूती के लिए कांग्रेस को मजबूत बनाने की बात कही है। कमोबेश इसी बात का पृष्ठपोषण कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला ने यह कहकर किया है कि संसद और हर प्रांत में भाजपा वंशवाद की पार्टी है।

**तीन दशकों में राज्यसभा में 100 सांसदों वाली पहली पार्टी बनी है। 6 अप्रैल, 1980 से आज तक उसने राजनीतिक उत्थान-पतन के अनेक पड़ाव देखे लेकिन जिस तेजी के साथ वह उत्तरोत्तर विकसित हो रही है।**

### देश-दुनिया

### फोटो की दुनिया



### ट्वीट-ट्वीट



Manoj Muntashir Shukla
@manojmuntashir

जब तक अनावश्यक रूप से सावरकर का नाम नहीं लिया गया मैं इस विषय पर चुप रहा, लेकिन अब कहना पड़ेगा कि युवराज एक बार देशप्रेम के लिए काला पानी जाओ, कोल्हू में बैल की तरह जुतो, दो कटोरे पानी में पूरा दिन गुज़ारो, जेल की दीवारों पे माँ भारती की स्तुति में 6 हज़ार कविताएँ लिखो, फिर सावरकर पर टिप्पणी करना.
अपनी तुलना करनी है तो किसी छोटे-मोटे अपराधी से करो, उस से नहीं जो भारत-भक्ति का अपराध करके धन्य हो गया.
जय हिन्द

### फेसबुक वॉल से




# हनुमान : शक्ति, तेज एवं साहस के प्रतीक



योगेश कुमार गोयल

***हिन्दू*** पंचांग के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और इस वर्ष यह 16 अप्रैल को मनाया जा रहा है। हालांकि देश के कुछ हिस्सों में इसे कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भी मनाया जाता है। वैसे हनुमान जन्मोत्सव साल में दो बार मनाया जाता है। पहला हिन्दू कैलेंडर के अनुसार चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को और दूसरा कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी अर्थात नरक चतुर्दशी को। कुछ मान्यताओं के अनुसार चैत्र पूर्णिमा को प्रातःकाल में एक गुफा में हनुमानजी का जन्म हुआ था जबकि वाल्मिकी रचित रामायण के अनुसार हनुमानजी का जन्म कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को हुआ था। मान्यता है कि चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमानजी सूर्य को फल समझकर खाने के लिए दौड़ पड़े थे और एक ही छलांग में उन्होंने सूर्यदेव के पास पहुंचकर उन्हें पकड़ कर अपने मुंह में रख लिया था। जैसे ही नटखट हनुमान ने सूर्य को मुंह में रखा, तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। इसी तिथि को विजय अभिनन्दन महोत्सव के रूप में भी मनाया है। एक मान्यता के अनुसार कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन हनुमानजी की भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होकर माता सीता ने उन्हें अमरता का वरदान दिया था। आजन्म ब्रह्मचारी हनुमानजी को भगवान महादेव का 11वां अवतार अर्थात रूद्रावतार भी माना जाता है और हिन्दू धर्म में हनुमान जन्मोत्सव का विशेष महत्व है। महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण में उन्हें विशिष्ट पंडित, राजनीति में धुरंधर और वीर-शिरोमणि कहा है। बजरंग बली हनुमान को कलियुग में कलियुग के राजा की उपाधि प्राप्त है। भक्तजन हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए पूरे विधि-विधान से उनकी पूजा-अर्चना करते हुए व्रत भी रखते हैं, जगह-जगह भव्य शोभायात्राएं भी निकाली जाती हैं। इस अवसर पर हनुमान चालीसा, सुंदरकांड तथा हनुमान आरती का पाठ करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन जो भक्तजन हनुमानजी की भक्ति और दर्शन करते हुए व्रत रखते हैं, उन्हें हनुमानजी का आशीष प्राप्त होता है और उनके जीवन में किसी तरह का कोई संकट नहीं आता। दरअसल समस्त ब्रह्मांड में एकमात्र हनुमानजी ही ऐसे देवता माने जाते हैं, जिनकी भक्ति से हर प्रकार के संकट तुरंत हल हो जाते हैं और इसीलिए हनुमानजी को संकटमोचक भी कहा गया है। यह भी मान्यता है कि हनुमानजी की पूजा जीवन में मंगल लेकर आती है, इसीलिए उन्हें मंगलकारी कहा गया है। शक्ति, तेज और साहस के प्रतीक देवता माने गये हनुमानजी को सभी देवताओं ने वरदान दिये थे, जिससे वह परम शक्तिशाली बने थे। वाल्मीकि रामायण के अनुसार बचपन में हनुमान ने जब सूर्यदेव को फल समझकर अपने मुंह में रख लिया था तो पूरी सृष्टि में हाहाकार मच गया। तब घबराकर देवराज इंद्र ने पवनपुत्र हनुमान पर अपने वज्र से प्रहार किया, जिसके बाद हनुमान बेहोश हो गये। यह देख पवनदेव ने क्रोधित होकर समस्त संसार में वायु का प्रवाह रोक दिया, जिससे संसार में हाहाकार मच गया। तब परमपिता ब्रह्मा हनुमान की बेहोशी दूर कर उन्हें होश में लाए। उसके बाद सभी देवताओं ने दिल खोलकर उन्हें वरदान दिए। सूर्यदेव ने उन्हें अपने प्रचण्ड तेज का सौवां भाग देते हुए कहा कि जब इस बालक में शास्त्र अध्ययन करने की शक्ति आयेगी, तब मैं ही इसे शास्त्रों का ज्ञान दूंगा, जिससे यह अच्छा वक्ता होगा और शास्त्रज्ञान में इसकी बराबरी करने वाला कोई नहीं होगा। परमपिता ब्रह्मा ने उन्हें दीघार्यु, महात्मा और सभी प्रकार के ब्रह्मदण्डों से अवध्य होने, इच्छानुसार रूप धारण करने, जहां चाहे वहां जा सकने, अपनी गति को अपनी इच्छानुसार तीव्र या मंद करने का वरदान दिया। देवराज इंद्र ने कहा कि यह बालक मेरे वज्र द्वारा भी अवध्य रहेगा और देव शिल्पी विश्वकर्मा ने भी उन्हें चिरंजीवी तथा अपने बनाये सभी शस्त्रों से अवध्य रहने का वर प्रदान किया।

**हनुमानजी की भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होकर माता सीता ने उन्हें अमरता का वरदान दिया था। आजन्म ब्रह्मचारी हनुमानजी को भगवान महादेव का 11वां अवतार अर्थात रूद्रावतार भी माना जाता है।**

### अध्यात्म

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# बिहार : केंद्र सरकार ने बढ़ाई मनरेगा की मजदूरी, एक अप्रैल से होगा लागू

**एजेंसी। पटना**

केंद्र सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी ने पूरे भारत के मनरेगा मजदूरों को बड़ा तोहफा दिया है। ग्रामीण स्तरीय मजदूरों के मजदूरी में इजाफा हुआ है। अगले महीने से इन मजदूरों को सरकार की तरफ से ज्यादा मजदूरी मिलने वाली है। सबसे बड़ी बात है कि बिहार सहित कई और राज्यों में दिहाड़ी मजदूरी के दर को अलग अलग मात्रा में बढ़ाई गई है।

## अप्रैल महीने से होगा लागू

केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के तहत दिहाड़ी मजदूरी की दरों में बदलाव करने का निर्देश 24 मार्च को नोटिफिकेशन जारी कर दिया था। इसके मुताबिक अगले वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों को राशि में बढ़ोतरी की जाएगी।



## मनरेगा का क्या है उद्देश्य

**केंद्र** सरकार की ओर से ग्रामीण इलाकों में गरीब लोगों को रोजगार देने की गारंटी के उद्देश्य से इस योजना की शुरूआत साल 2006 में की थी। मनरेगा योजना का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को पूरे एक सौ दिनों के काम करने की गारंटी दी जाए। सरकार की इस योजना के जरिए पहल है कि मजदूर इस तरह की कमाई से गरीब ग्रामीण परिवारों के जीवन-यापन के स्तर को सुधार किया जा सके। ग्रामीण विकास मंत्रालय के इस योजना को काफी सराहना भी मिली है।

## हरियाणा में सबसे ज्यादा दिहाड़ी मजदूरी दी जाती है

मनरेगा की दरों में बदलाव की वजह से हरियाणा में सबसे ज्यादा दिहाड़ी मजदूरी दी जाती है। सबसे ज्यादा 357 रुपये हो गई है। केंद्र सरकार की ओर से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 के तहत योजना की मजदूरी में बदलाव करने का अधिकार दिया गया है। केंद्र सरकार की ओर से इसी अधिकार का इस्तेमाल किया है। जबकि बिहार राज्य में करीब 8 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। इस तरह से मनरेगा के तहत दिहाड़ी मजदूरी 210 रुपये है। इसे बढ़ाकर 228 रुपये किया गया। पहले बिहार के मजदूरों को 204 रुपये मजदूरी मिलती थी।

# बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव बने पिता



**एजेंसी। पटना**

बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी राजश्री ने एक बेटी को जन्म दिया है। राजद नेता तेजस्वी ने सोमवार सुबह इसकी जानकारी स्वयं ट्विटर के जरिए लोगों और समर्थकों को दी। इस खबर के सामने आने के बाद उन्हें बधाईयां दी जाने लगी। तेजस्वी ने गोद में अपनी बेटी को लेकर एक तस्वीर भी शेयर की है। राजद नेता ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर लिखा ईश्वर ने आनंदित होकर पुत्री रत्न के रूप में उपहार भेजा है। तेजस्वी की बहन रोहिणी आचार्य भी अपने भाई के घर में बेटी आने से खुश है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, आज किलकारी गूंजी है मेरे घर-आंगन में, खुशियों का ऐसा तोहफा दिया है ईश्वर ने। उन्होंने आगे लिखा कि बनकर नन्हीं सी परी, मेरे घर मेहमान आई है, खुशियों संग सौगात लाई है, दादा-दादी बनने की खुशी में, मम्मी-पापा के चेहरे पे जो मुस्कान लाई है। उल्लेखनीय है कि राजश्री इन दिनों दिल्ली में है। तेजस्वी की मां और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भी एक दिन पूर्व दिल्ली पहुंची थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### उपराष्ट्रपति धनखड़ से मिलीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को पुस्तक भी भेंट की। इसके अलावा राज्यपाल ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की है।

### ओडिशा में सड़क दुर्घटना में 3 की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में राउरकेला के चांदीपोश के पास सोमवार को बस के सड़क पर खड़े वाहन से टकरा जाने से बस मालिक और चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा आज तड़के उस वक्त हुआ, जब भुवनेश्वर से राउरकेला जा रही बस चांदीपोश के समीप सड़क के किनारे खड़े वाहन से टकरा गयी। सभी घायलों को राउरकेला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बीजापुर में आईईडी विस्फोट में सीएएफ कमांडर की मौत

**रायपुर।** राज्य के बीजापुर जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के एक जवान की मौत हो गई। मृतक की पहचान सहायक प्लाटून कमांडर विजय यादव के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घटना पर दुख व्यक्त किया और इस कार्यतापूर्ण कृत्य की निंदा की। पुलिस ने कहा कि माओवाद प्रभावित जिले के मिरतूर थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण का काम चल रहा था, जहां सुरक्षा के लिए जवानों को तैनात किया गया था। पुलिस ने कहा कि सीएएफ के जवानों की एक टीम इलाके में वर्चस्व की कवायद पर निकली थी, तभी गलती से यादव के पैर में आईईडी पड़ गया और ब्लास्ट हो गया।

### घरों में दौड़ा हाई वोल्टेज करंट, मजदूर की मौत, आठ झुलसे

**मीरजापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के विसौरा खुर्द गांव में लगे ट्रान्सफार्मर पर सोमवार को 11 हजार बोल्ट का तार गिरने से कई घरों में करंट दौड़ गया। हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई और आठ झुलस गए। ग्रामीणों की सूचना पर विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। विसौरा खुर्द ग्राम निवासी मुकेश कुमार (47) घर पर विद्युत बोर्ड में मोबाइल चार्ज में लगा रहे थे। इसी दौरान वह हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गए। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

# इन्फ्लूएंजा व कोविड मरीजों को मिले तत्काल इलाज : योगी

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में कोविड-19 और इन्फ्लुएंजा की स्थिति का आकलन करने के लिए टीम 9 के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्च र और लॉजिस्टिक संबंधी तैयारी, टीकाकरण अभियान की स्थिति, कोविड-19 के नए वेरिएंट और इन्फ्लुएंजा के वेरिएंट का संक्रमण से बचाव और आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत सात दिनों में प्रदेश में लगभग दो लाख 20 हजार टेस्ट किए गए और 265 कोविड पॉजिटिव मरीज पाए गए। प्रदेश में प्रति 10 लाख की आबादी पर एक कोविड पॉजिटिव मरीज है। वर्तमान में 262 एक्टिव केस हैं और किसी की स्थिति गंभीर नहीं है। सभी घर पर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में देश में किए जा रहे कुल कोविड टेस्ट का 35-40 फीसद टेस्ट उत्तर प्रदेश में हो रहा है। सतर्कता और सुरक्षा के ध्ष्टिगत इसे और बढ़ाए जाने की जरूरत है। न्होंने कहा कि बीते सप्ताह के परिणाम बताते हैं कि लखनऊ, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में सर्वाधिक केस मिले हैं। यहां विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। लखीमपुर के एक विद्यालय में पॉजिटिव पाए गए सभी लोगों की स्थिति ठीक है। सभी को क्वारेन्टीन किया गया है। इनके स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जाए।

सीएम ने कहा कि यूपी कोविड टीकाकवर से सुरक्षित है। सर्वाधिक टीकाकरण उत्तर प्रदेश में हुआ है। ऐसे में किसी बड़े खतरे की आशंका कम है। आगामी दिनों मंदिरों व अन्य धर्मस्थलों में लोगों का आवागमन बढ़ेगा। ऐसे में संक्रमण प्रसार की संभावना हो सकती है। ऐसे में गंभीर रोग से ग्रस्त, वृद्धजन भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आवागमन से यथासंभव बचने का प्रयास करें। यदि जाएं तो मास्क लगाकर ही जाएं। इस संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड से बचाव के लिए यहां सभी संसाधन उपलब्ध हैं। देश में बढ़ते केस को देखते हुए तत्काल सभी 75 जिलों में कोविड डेडिकेटेड हॉस्पिटल चिन्हित किए जाएं। विगत वर्ष स्थापित सभी ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हों। अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों को उपलब्ध कराए गए वेंटिलेटर एक्टिव हों। पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हो। जहां वेंटिलेटर हो वहां एनेस्थेटिक की तैनाती जरूर की जाए।

योगी ने कहा कि कोविड के साथ-साथ इन्फ्लूएंजा के संदिग्ध मरीजों की निगरानी की जाए। आगामी 11-12 अप्रैल को पूरे प्रदेश में अस्पतालों में मॉक ड्रिल करते हुए अपनी तैयारियों की परख की जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विशेष अभियान संचालित होता है। इस वर्ष 1 अप्रैल से इसका नवीन चरण प्रारंभ हो रहा है।

### योगी 2.0 के दूसरे साल की शुरूआत में ही उपहारों की बरसात

# 3838 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास आज

**नवीन मेल नेटवर्क। गोरखपुर**

योगी-2.0 के दूसरे साल की शुरूआत में ही विकास परियोजनाओं के रूप में उपहारों की बरसात होने जा रही है। मंगलवार और बुधवार को दो दिनों के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर और कुशीनगर जिले में कुल मिलाकर करीब छह हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। सीएम मंगलवार को गोरखपुर के खोराबार में आयोजित कार्यक्रम में 3838 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण करेंगे तो बुधवार को कुशीनगर के खड्डा तहसील में यह धनराशि 1968 करोड़ रुपये होगी। बुधवार को नगर निगम की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में उनके हाथों 11 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात जनता को समर्पित होगी।

लगातार व सबसे लंबे कार्यकाल वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का कीर्तिमान रचने वाले योगी आदित्यनाथ अपने दूसरे कार्यकाल के दूसरे साल में प्रवेश कर चुके हैं। दूसरे कार्यकाल के पहले साल में ही गोरखपुर को उनकी पहल पर 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिली। अब दूसरे साल की शुरूआत भी विकास को और रफ्तार देने के साथ हो रही है। सीएम योगी मंगलवार को वासंतिक नवरात्र के पावन अवसर पर शहर को नई टाउनशिप योजना व मेडिसिटी को लांच करेंगे। जीडीए की तरफ से शहर में नई आवासीय जरूरतों को पूरा करने के मद्देनजर खोराबार टाउनशिप तथा एक परिधि विशेष में उच्च स्तरीय व विविधतापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए मेडिसिटी का प्रोजेक्ट तैयार किया है। मंगलवार शाम मुख्यमंत्री इन दोनों प्रोजेक्टस को लांच करेंगे। इसी कार्यक्रम में सीएम जीडीए, अवस्थापना और त्वरित आर्थिक विकास निधि की 3838 करोड़ रुपये की 147 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे। 109.25 एकड़ की खोराबार टाउनशिप में भूखंड और बहुमंजिला भवन, दोनों ही सुविधाएं लोगों के सामने विकल्प रूप में होंगी। बुधवार सुबह सीएम योगी कुशीनगर जिले की खड्डा तहसील में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे। वह यहां 422 करोड़ रुपये की लागत से 329 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 1546 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विधानसभाओं में 461 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। लोकार्पण वाले कार्यों में 9 करोड़ से अधिक की लागत वाले खड्डा तहसील भवन, लोक निर्माण विभाग की 261 करोड़ की परियोजनाएं, बाढ़ खंड की 88 करोड़ की परियोजनाएं और विधानसभा खड्डा में कुल 194 करोड़ की लागत से 17 परियोजनाएं के कार्य शामिल है।

खड्डा में लोकार्पण व शिलान्यास समारोह के बाद मुख्यमंत्री बुधवार दोपहर गोला तहसील के भरौली में बाबू आरएन सिंह डायलिसिस सेंटर का लोकार्पण व स्मृति शेष आरएन सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसी दिन शाम को वह जेल बाईपास रोड पर नगर निगम के 119 कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

# आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में भोजपुरी सिंगर पर केस दर्ज



**एजेंसी। वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के सारनाथ में पुलिस ने आकांक्षा दुबे मौत मामले में भोजपुरी सिंगर समर सिंह और उनके भाई संजय सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। दिवंगत एक्ट्रेस की मां की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। आकांक्षा की मां मधु मुंबई से वाराणसी पहुंची। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी बहुत हिम्मत वाली थी। वह आत्महत्या नहीं कर सकती। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। आकांक्षा की मां और भाई सोमवार सुबह थाने पहुंचे। मधु ने पत्रकारों को बताया कि शनिवार शाम को उन्होंने आकांक्षा से फोन पर बात की थी और वह खुश नजर आ रही थीं। उन्होंने पुलिस को बताया कि समर सिंह अक्सर आकांक्षा को मारता-पीटता और प्रताड़ित करता था। उन्होंने कहा, समर सिंह चाहता था कि आकांक्षा सिर्फ उसके साथ काम करे, किसी और के साथ नहीं। वह साथ काम करने के लिए पैसे नहीं देता था और अगर वह किसी और के प्रोजेक्ट में काम करती थी तो उसके साथ मारपीट करता था। उनके मुताबिक, आकांक्षा दुबे समर सिंह के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में थी। उन्होंने इस बात पर भी सवाल उठाया कि आकांशा का शव बेड पर गले में दुपट्टा बंधा हुआ बैठा मिला था। उन्होंने कहा, बिस्तर पर बैठकर कोई कैसे फांसी लगा सकता है? यह स्पष्ट रूप से हत्या का मामला है। आकांक्षा दुबे रविवार को सारनाथ में अपने कमरे में मृत पाई गई थीं लेकिन कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

# छठ पूजा का प्रसाद पाने मयूख के घर पहुंचे नीतीश, लगने लगे कयास

**एजेंसी। पटना**



यहां चैती छठ को लेकर माहौल भक्तिमय है। इस बीच रविवार की रात बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के विधान परिषद के सदस्य और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नजदीकी माने जाने वाले संजय मयूख के घर पहुंच कर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद राज्य की सियासत में तरह तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं। भाजपा नेता संजय मयूख के घर नीतीश कुमार के पहुंचने के बाद सवाल उठाए जाने लगे कि क्या फिर से नीतीश कुमार का हृदय परिवर्तन हो रहा है और एनडीए से नजदीकियां तो नहीं बढ़ रही हैं। जदयू के नेता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार भी मयूख के घर प्रसाद ग्रहण पहुंचे थे। प्रसाद ग्रहण कर वहां हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद उठाया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े कह चुके हैं कि नीतीश के लिए भाजपा के सभी दरवाजे बन्द हो गए हैं।

इधर, जदयू की प्रवक्ता अंजुम आरा इस किसी भी कयास पर पूर्णविराम लगाते हुए कहती हैं कि बिहार में महागठबंधन एकजुट है। उन्होंने कहा भाजपा के नेता मयूख का मुख्यमंत्री को प्रसाद के लिए आमंत्रण मिला और वे यहां पहुंचे। इसके कोई राजनीतिक मायने नहीं निकाले जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में छठ पूजा का अलग महत्व है। इस बीच, इस मामले में भाजपा के एक नेता कहते हैं कि भाजपा के बड़े नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि नीतीश कुमार के लिए दरवाजे क्या खिड़कियां भी बंद हैं तो अब भाजपा में उनके आने का प्रश्न ही नहीं उठता।

## विराट हिंदू सम्मेलन का बुलडोजर से हो रहा प्रचार

**ग्रेटर नोएडा।** कभी निर्माण कार्य के लिए इस्तेमाल होने वाला बुलडोजर प्रचार के लिए इस्तेमाल होने लगा है, बाबा का बुलडोजर की लोकप्रियता को भुनाने के लिए इसका जमकर इस्तेमाल हो रहा है। ग्रेटर नोएडा के गांव सादोपुर झाल में 1 अप्रैल को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन को लेकर जो जागरूकता रैली निकाली गई तो उसमें चल रहे बुलडोजर पर झांकी निकाली गई, जिसमें माफियाओं को सख्त संदेश देने का भी प्रयास किया गया। जो लोगों की भी चर्चा का विषय बनी हुई है और सोशल मीडिया पर भी टेंड कर रहा है। विराट हिंदू महासम्मेलन का आयोजन के लिए निकाली जा रही जागरूक यात्रा में बडी संख्या में चार पहिया और दो पहिया वाहन शामिल रहे। लेकिन सबसे ज्यादा लोगों को बुलडोजरों पर निकाली गई झांकी ने आकर्षित किया। गुंडे माफियाओं को सख्त संदेश देने के लिए बुलडोजर द्वारा कराई जा रही कार्रवाई को दशार्ने के साथ ही आदित्य नाथ जी को और बागेश्वर धाम के महाराज धीरेन्द्र शास्त्री की तस्वीरे लगाई गई थी। अक्सर ऐसा ध्श्य झांकी का मुख्य आकर्षण बन जाता है। बुलडोजरों को देखने के लिए लोग वाहनों से नीचे उतर कर सड़क की साइड में खड़े हो गए। गौ रक्षा हिन्दू दल वेद नागर अध्यक्ष वेद नागर का कहना है कि लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं। यही कारण है अब बुलडोजर सोशल मीडिया पर ही नहीं शहर की सड़कों पर भी आम लोगों के मन में ट्रेंड कर रहा है। माफियाओं बदमाशों पर बुलडोजर द्वारा कराई जा रही कार्रवाई के बाद अब लोग बुलडोजर को झांकियों में देखना पसंद कर रहे हैं। वेद नागर ने बताया कि विराट हिंदू सम्मेलन योगी आदित्य नाथ जी को व बागेश्वर धाम के महाराज धीरेन्द्र शास्त्री को समर्पित किया जायेगा। सम्मेलन में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री तीर्थ सिंह रावत जी, लोकसभा सांसद महेश शर्मा, विधायक महामण्डलेश्वर जगत गुरु समेत बड़े बड़े दिग्गज नेता व साधु संत आ रहे है।

## हाथरस पीड़िता के परिजन को नौकरी देने के निर्देश के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाथरस मामले में पीड़िता के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने और परिवार को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने पर विचार करने के उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला ने उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) गरिमा प्रसाद से कहा कि राज्य को ऐसे मामलों में नहीं आना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार परिवार को स्थानांतरित करने के लिए तैयार है, लेकिन वे नोएडा या दिल्ली में नौकरी चाहते हैं। उन्होंने कहा कि क्या पीड़िता के बड़े विवाहित भाई को आश्रित माना जा सकता है, यह कानून का प्रश्न है जिस पर विचार किया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने राज्य सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि ये परिवार को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं हैं।

## यूपी में 'अमृतपाल समर्थक' पोस्टर लगाने पर दस नाबालिग समेत 12 धरे

**रामपुर(उप्र)।** भगोड़े खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के समर्थन में पोस्टर लगाने के आरोप में 10 नाबालिगों समेत 12 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने कहा कि पूछताछ और काउंसलिंग के बाद नाबालिगों को छोड़ दिया गया, जबकि अन्य दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया। पोस्टरों पर लिखा था, अमृतपाल को रिहा करो। हम उसका समर्थन करते हैं। केंद्र सरकार ने उसे अवैध रूप से गिरफ्तार किया है। पोस्टर उत्तराखंड सीमा के पास रामपुर के बिलासपुर इलाके में दीवारों पर चिपके पाए गए। डीआईजी (मुरादाबाद) शलभ माथुर ने कहा, 10 नाबालिगों के अलावा, दो अन्य आरोपियों पर आईपीसी की धारा 153 बी (अभियोग, राष्ट्रीय एकता के प्रतिकूल दावे) के तहत आरोप केस दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा, नाबालिगों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई और उन्हें उनके माता-पिता की मौजूदगी में काउंसलिंग के बाद रिहा कर दिया गया। उन लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है, जिन्होंने उन्हें कट्टरपंथी बनाने की कोशिश की।

**कार्यक्रम** | सम्मान समारोह में देश भर के पत्रकार होंगे शामिल

# 2 अप्रैल को इंदौर में होगा मीडिया महाकुंभ

**नवीन मेल नेटवर्क। इंदौर**

देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका वीणा (इंदौर) के संपादक राकेश शर्मा को इस वर्ष के पं. बृजलाल द्विवेदी स्मृति अखिल भारतीय साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। सम्मान समारोह 2 अप्रैल को सायं 4:00 बजे इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के स्थानीय संयोजक डॉ. अर्पण जैन अविचल ने बताया कि इंदौर प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागृह में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के अध्यक्ष मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश लाल मेहरा होंगे एवं वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में पत्रिका सरस्वती के संपादक रविनंदन सिंह, मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के पत्रकारिता विभाग की अध्यक्ष डॉ. सोनाली नरंगुदे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर पर इंदौर प्रेस क्लब के



अध्यक्ष अरविन्द तिवारी भी मौजूद रहेंगे।

1 जुलाई, 1961 को उत्तर प्रदेश के गांव न्यामतपुर, जिला इटावा में जन्मे राकेश शर्मा हिंदी साहित्य की बहुविधि सेवा कर रहे हैं।15 से अधिक पुस्तकों के लेखक राकेश शर्मा अब तक 10 से अधिक पत्रिकाओं एवं पुस्तकों का संपादन भी कर चुके हैं, जिनमें 'बहुरंग', 'विचार की अनवरत यात्रा', 'आरोग्यम' एवं 'मालव ज्योति' आदि विशेष हैं। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय में 31 वर्ष तक सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद पर कार्यरत रहे शर्मा वर्तमान में वर्ष 1927 से निरंतर प्रकाशित हिंदी की सबसे पुरानी पत्रिका वीणा के संपादक हैं। साहित्यिक अवदान के लिए उन्हें मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के श्रीकृष्ण सरल सम्मान सहित अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं।

यह दूसरा मौका है, जब वीणा के संपादक को पं. बृजलाल द्विवेदी स्मृति अखिल भारतीय साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान दिया जा रहा है। इससे पहले वर्ष 2007 में वीणा के तत्कालीन संपादक स्व. श्यामसुंदर व्यास को यह सम्मान प्रदान किया गया था। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है। इस अवॉर्ड का यह 15वां वर्ष है। मीडिया विमर्श द्वारा शुरू किए गए इस अवॉर्ड के तहत ग्यारह हजार रुपए, शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्मान पत्र दिया जाता है। पुरस्कार के निर्णायक मंडल में नवभारत टाइम्स, मुंबई के पूर्व संपादक विश्वनाथ सचदेव तथा इंदिरा गांधी कला केंद्र, दिल्ली के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी शामिल हैं।

इससे पूर्व यह सम्मान दस्तावेज (गोरखपुर) के संपादक डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, कथादेश (दिल्ली) के संपादक हरिनारायण, अक्सर (जयपुर) के संपादक डॉ. हेतु भारद्वाज, सद्भावना दर्पण (रायपुर) के संपादक गिरीश पंकज, व्यंग्य यात्रा (दिल्ली) के संपादक डॉ. प्रेम जनमेजय, कला समय (भोपाल) के संपादक विनय उपाध्याय, संवेद (दिल्ली) के संपादक किशन कालजयी, अक्षरा (भोपाल) के संपादक कैलाशचंद्र पंत, अलाव (दिल्ली) के संपादक रामकुमार कृषक, प्रेरणा (भोपाल) के संपादक अरुण तिवारी, युगतेवर (सुल्तानपुर) के संपादक कमल नयन पाण्डेय, अभिनव इमरोज (दिल्ली) के संपादक देवेन्द्र कुमार बहल एवं साहित्य परिक्रमा (राजस्थान) के संपादक डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष को दिया जा चुका है।

## NEWS इन ब्रीफ

### डब्ल्यूपीएल के पहले सीजन का खिताब मुंबई इंडियंस के नाम

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन का खिताब मुंबई इंडियंस के नाम रहा। रविवार रात महिला प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 131 रन बनाए। जिसके जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम ने 19.3 ओवरों में तीन विकेट पर 134 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

### पंजाब किंग्स से जुड़े मैथ्यू शॉर्ट

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 संस्करण के लिए पंजाब किंग्स ने जॉनी बेयरस्टो की जगह अनकैप्ड ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मैथ्यू शॉर्ट के साथ करार किया है। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज बेयरस्टो टाटा आईपीएल 2023 से बाहर हो गए हैं, क्योंकि वह सितम्बर में लगी चोट से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। शॉर्ट का यह पहला आईपीएल सीजन होगा। सलामी बल्लेबाज शॉर्ट को बिग बैश लीग के हालिया संस्करण में 458 रन बनाने और ऑफ स्पिन के साथ 11 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया था।

### राजस्थान ने संदीप के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** चोटिल तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जगह लेने के बाद तेज गेंदबाज संदीप शर्मा इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। अपने 50 लाख रुपए के आधार मूल्य के साथ चुने गए संदीप टूर्नामेंट में सबसे वरिष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, जिनके नाम 100 से अधिक विकेट दर्ज हैं और आईपीएल के 10 सीजन का अनुभव है।

### अंतिम 16 में पहुंचे कार्लोस अल्कराज

**नई दिल्ली।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने मियामी ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया है। अल्कराज ने सर्बिया के दुसान लाजोविक को 6-0, 7-6 (7/5) से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। 19 वर्षीय अल्कराज ने पिछले सप्ताह डेनियल मेदवेदेव को हराकर इंडियन वेल्स में खिताब जीता था। मैच जीतने के बाद अल्कराज ने कहाः सब कुछ नियंत्रण में था या मुझे लगा कि ऐसा था लेकिन, आप जानते हैं, मैच में यह कभी आसान नहीं होता।

### सर्बिया ने इजराइल को 5-1 से हराया

**यरुशलम।** सर्बिया ने आइस हॉकी महिला विश्व चैंपियनशिप के ग्रुप बी के डिवीजन तीन के पहले मैच में रविवार शाम इजराइल को 5-1 से हरा दिया। डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट जिसका आयोजन टेनुवोट के इजराइली गांव में वनआइस एरिना में होता है, में तीन राष्ट्र शामिल हैं, जिनमें से एक ग्रुप ए में आगे बढ़ेगा।

# बीसीसीआई वार्षिक अनुबंध : जडेजा ए प्लस श्रेणी में हुए पदोन्नत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के स्टार हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा को शनिवार को 2022-23 सत्र के लिए पुरुष टीम के लिए बीसीसीआई के वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध में ए प्लस ग्रेड में पदोन्नत किया गया। जडेजा के अलावा, अन्य ऑलराउंडर एक्सर पटेल और हार्दिक पांड्या को क्रमशः बी और सी से ग्रेड ए में पदोन्नत किया गया, जबकि केएल राहुल को ए से बी में गिरा दिया गया। बीसीसीआई ने मीडिया विज्ञप्ति में कहाः दूसरी ओर, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव सी से ग्रेड बी में चले गए हैं। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर को ग्रेड बी से सी में गिरा दिया गया, जबकि




कुलदीप यादव, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह और केएस भरत सभी ग्रेड सी में नए अनुबंधित खिलाड़ी हैं।

अनुभवी अजिंक्य रहाणे और ईशांत शर्मा, जो पहले ग्रेड बी में थे, उन्हें अनुबंध नहीं दिया गया है, जबकि भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, हनुमा विहारी, रिद्धिमान साहा और दीपक चाहर सभी को सूची से हटा दिया गया है। बीसीसीआई की अनुबंध सूची में चार समूह हैं, जिसमें 'ए प्लस' खिलाड़ी 7 करोड़ रुपये, 'ए' खिलाड़ी 5 करोड़ रुपये, 'बी' खिलाड़ी 3 करोड़ रुपये और 'सी' खिलाड़ी 1 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

### रहाणे, भुवनेश्वर का क्रिकेट में करियर खत्म?

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार देर रात अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के लिए पुरुष टीम के खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंधों की सूची की घोषणा की। जहां चार ग्रेड ए प्लस खिलाड़ी सात-सात करोड़ रुपए की राशि घर ले जाएंगे, वहीं पांच खिलाड़ियों को ग्रेड ए में रखा गया है, जिनकी कीमत 5 करोड़ रुपए है। छह खिलाड़ियों को 3 करोड़ रुपए के ग्रेड बी अनुबंध में रखा गया है, जबकि 1 करोड़ रुपए के ग्रेड सी अनुबंध में 11 खिलाड़ी हैं।

### पुरुषों के लिए बीसीसीआई अनुबंधों की सूची

**ग्रेड ए प्लस कैटेगरी :** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा।

**ग्रेड ए श्रेणी :** हार्दिक पांड्या, आर अश्विन, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल।

**ग्रेड बी कैटेगरी :** चेतेश्वर पुजारा, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, मोहम्मद सिराज, सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल।

**ग्रेड सी श्रेणी :** उमेश यादव, शिखर धवन, शार्दुल ठाकुर, इशान किशन, दीपक हुड्डा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत।

# केकेआर ने नीतीश को कप्तान बनाया

## आईपीएल 2023 : चोटिल कप्तान श्रेयस अय्यर की गैरमौजूदगी में सौंपी जिम्मेदारी



### नीतीश राणा 2018 से केकेआर के हैं सदस्य

राणा 2018 से केकेआर के बल्लेबाजी क्रम में एक महत्वपूर्ण दल रहे हैं। 29 वर्षीय राणा ने केकेआर के लिए 140.19 की स्ट्राइक-रेट पर 34.62 की औसत से 14 पारियों में 450 रन बनाए हैं। उन्होंने आईपीएल के 91 मैचों में 28.32 के औसत और 134.22 के स्ट्राइक-रेट से 2181 रन बनाए हैं, जिसमें 15 अर्धशतक शामिल हैं। अय्यर का आईपीएल 2023 में भाग लेना संदिग्ध था। अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पीठ के निचले हिस्से में चोट की पुष्टि हुई थी।

**प्रबंधन अय्यर के ठीक होने और आईपीएल में किसी चरण में भाग लेने के प्रति आशान्वित**

**एजेंसी। कोलकाता**

दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सोमवार को घोषणा की है कि श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में आगामी आईपीएल 2023 में बाएं हाथ के बल्लेबाज नीतीश राणा टीम के कप्तान होंगे। केकेआर ने अपने आधिकारिक बयान में यह भी कहा कि वे अय्यर के ठीक होने और आईपीएल 2023 में किसी चरण में भाग लेने के प्रति आशान्वित हैं। राणा ने पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 12 टी20 मैचों में अपनी घरेलू क्रिकेट टीम दिल्ली का नेतृत्व किया था, जिसमें टीम ने आठ जीत और चार हार दर्ज की थी।

हम भाग्यशाली महसूस करते हैं कि नीतीश, कप्तानी के अनुभव के साथ सफेद गेंद के क्रिकेट में अपने राज्य का नेतृत्व कर रहे हैं और 2018 से केकेआर के साथ आईपीएल का अनुभव बहुत अच्छा काम करेंगे।

हमें यह भी विश्वास है कि मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित और सहयोगी स्टाफ के तहत उन्हें मैदान से बाहर सभी आवश्यक समर्थन मिलेंगे और टीम में अत्यधिक अनुभवी खिलाड़ी सभी समर्थन प्रदान करेंगे, जिसकी नीतीश को मैदान पर आवश्यकता हो सकती है। हम उनकी कामना करते हैं। अपनी नई भूमिका में सर्वश्रेष्ठ और श्रेयस पूरी तरह से और तेजी से ठीक हो रहे हैं।

### पीठ की सर्जरी के बाद डब्ल्यूपीएल फाइनल के दौरान पहली बार दिखाई दिए बुमराह

**भारतीय** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल के दौरान ब्रेबोर्न स्टेडियम में अपनी सर्जरी के बाद पहली बार दिखाई दिए। इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड में उनकी पीठ की सर्जरी हुई थी। बुमराह पिछले साल सितम्बर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं, जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच से नाम वापस ले लिया था और बाद में ऑस्ट्रेलिया में पुरुष टी-20 विश्व कप से चूक गए थे। वह पिछले साल यूएई में हुए एशिया कप में भी नहीं खेल पाए थे। उन्होंने इस साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ एक दिवसीय श्रृंखला के लिए वापसी का प्रयास किया था। लेकिन गुवाहाटी में एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच से ठीक पहले अपना नाम वापस ले लिया। इसके अलावा, बुमराह आगामी आईपीएल सीजन और जून में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से भी बाहर हैं।



*बेंगलुरु : भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली बेंगलुरु में फैंस का अभिवादन स्वीकार कर सेल्फी लेते हुए।*

### सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप

## भारत की नजरें रूस के खिलाफ जीत दर्ज करने पर

**भूटान को 9-0 से हराकर 2023 सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में की शानदार वापसी**

**एजेंसी। ढाका**

भारत ने मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ मिली निराशाजनक हार को पीछे छोड़ते हुए भूटान को 9-0 से हराकर 2023 सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में शानदार वापसी की। भारतीय टीम अब मंगलवार को टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में ढाका के बीएसएसएस मुस्तफा कमाल स्टेडियम में रूस से भिड़ेगी। भारतीय टीम के लिए टूर्नामेंट में अब तक मिले-जुले परिणाम रहे हैं। टीम को नेपाल और भूटान के खिलाफ क्रमशः 4-1 और 9-0 से जीत मिली थी और इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ मिली हार से वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गए।

भारत की अगुवाई शिलजी शाजी कर रही हैं, जो आठ गोल के साथ चैम्पियनशिप में अग्रणी स्कोरर हैं। शाजी ने अब तक खेले गए तीन मैचों में दो हैट्रिक दर्ज की हैं। भारत के 13 गोल अब तक पांच अलग-अलग खिलाड़ियों द्वारा किए गए हैं। इस मामले में केवल रूस बारत से आगे है, रूस के सात खिलाड़ियों ने स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज कराया है।

भारत की अगली प्रतिद्वंद्वी एक चुनौतीपूर्ण टीम है, जिसने चैंपियनशिप में अब तक लगातार तीन जीत दर्ज की हैं। भारतीय टीम अंतिम मैच जीतकर निश्चित रूप से इतिहास बनाने और एक स्थायी स्मृति छोड़ने की कोशिश करेगी। मुख्य कोच पीवी प्रिया ने कहाः हम पिछले मैच में प्रदर्शन से खुश थे। यह जीत हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला है। हम सकारात्मक मानसिकता के साथ अंतिम मैच में उतरेंगे और उम्मीद करेंगे कि हम इससे जितना हासिल कर सकते हैं, चाहे वह अंकों के मामले में हो या सीखने और अनुभव के मामले में, वो हासिल करें।

### आईसीसी ने बदली इंदौर पिच की रेटिंग

## 'खराब' से 'औसत से कम' में बदला, एक डिमेरिट अंक दिए



**एजेंसी। दुबई**

आईसीसी पिच और आउटफील्ड निगरानी प्रक्रिया के तहत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अपील के बाद इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम की पिच की रेटिंग को 'खराब' से 'औसत से नीचे' में बदल दिया गया है। होल्कर स्टेडियम की पिच पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के तहत तीसरा टेस्ट मैच 1 मार्च से खेला गया था और भारतीय टीम को इस मैच में मात्र सवा दो दिन में ही ऑस्ट्रेलिया के हाथों 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। टेस्ट मैच के फुटेज की समीक्षा आईसीसी अपील पैनल, जिसमें वसीम खान (आईसीसी महाप्रबंधक झ क्रिकेट) और रोजर हार्पर (आईसीसी मेन्स क्रिकेट कमेटी के सदस्य) द्वारा की गई। पैनल के अनुसार, पिच मॉनिटरिंग प्रक्रिया के परिशिष्ट ए के साथ, यह माना गया कि खराब रेटिंग को वारंट करने के लिए पिच में पर्याप्त अत्यधिक परिवर्तनशील उछाल नहीं था। जिसके बाद पैनल ने माना कि पिच को औसत से कम का दर्जा दिया जाना चाहिए। औसत से कम रेटिंग के लिए स्थल को 1 डिमेरिट अंक प्रदान किया गया है।

### यूरो 2024 क्वालिफायर | वेम्बली में इंग्लैंड ने की यूक्रेन की मेजबानी

# इंग्लैंड, पुर्तगाल ने बैक-टू-बैक जीत दर्ज की

**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड ने यूक्रेन को 2-0 से हराकर दो में से दो जीत दर्ज की, जबकि पुर्तगाल ने लक्समबर्ग को 6-0 से हराकर यूरो 2024 क्वालीफायर में लगातार जीत दर्ज की। तीन दिन पहले यूरोपीय चैम्पियन इटली को हराकर इंग्लैंड ने वेम्बली में यूक्रेन की मेजबानी की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हैरी केन ने 37वें मिनट के बाद बुकायो साका के क्रॉस पर टैप किया और साका ने क्लोज-रेंज वॉली में कर्ल किया। मेहमान तीन प्रयासों के साथ कोई भी खतरा पैदा करने में विफल रहे, इंग्लैंड ने ग्रुप सी का नेतृत्व करने के लिए एक सही शुरूआत के साथ एक आरामदायक जीत दर्ज की।

माटेओ रेटेगुई और माटेओ पेसिना के गोल की बदौलत इटली ने माल्टा को 2-0 से हरा दिया।



इटली ग्रुप में दूसरे स्थान पर है, लेकिन उत्तर मैसेडोनिया ने भी तीन अंकों का दावा किया है। ग्रुप जे में, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दो बार गोल कर लक्जमबर्ग को 6-0 से हरा दिया। 38 वर्षीय ने पुर्तगाल के लिए 198वीं उपस्थिति में 122 गोल किए हैं। स्लोवाकिया पुर्तगाल से दो अंक पीछे है। उसने रविवार को बोस्निया और हजेर्गोविना को 2-0 से हराया। आइसलैंड ने दो मैचों के बाद तीन अंक लेने के लिए लिकटेंस्टीन को 7-0 से व्हाइटवॉश किया। ग्रुप एच में, कजाखस्तान तीसरे नंबर पर है और डेनमार्क दूसरे नंबर पर है। स्लोवेनिया ने सैन मैरिनो को 2-0 से हराया और उत्तरी आयरलैंड फिनलैंड से 1-0 से हार गया।

### इटली ने यूरो क्वालिफायर में माल्टा को हराया



**इटली** ने यूरो 2024 के क्वालीफाइंग ग्रुप सी में इंग्लैंड से मिली हार के बाद वापसी करते हुए माल्टा पर 2-0 से जीत दर्ज की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इटली का अभियान सही शुरू नहीं हुआ। वे गुरुवार को अपने शुरूआती मैच में इंग्लैंड से 2-1 से हार गए थे, जो 2006 के बाद यूरोपीय क्वालीफायर में उनकी पहली हार थी। हेड कोच रॉबटरे मैनसिनी ने माटेओ पेसिना, सैंड्रो टोनाली और ब्रायन क्रिस्टांटे की एक नई मिडफील्ड साझेदारी का चयन करते हुए, शुरूआती लाइन-अप में परिवर्तन किए, जबकि अर्जेंटीना में जन्मे फॉरवर्ड रेटेगुई ने माटेओ पोलिटानो और विल्फ्रेड ग्नोंटो द्वारा फ़्लैंक की गई रेखा का नेतृत्व किया। पहले हाफ में रेटेगुई ने 15वें मिनट में गतिरोध को तोड़ा, जब उन्होंने कॉर्नर के शॉट को गोल में डाला। दो मैचों में ये उनका दूसरा गोल था। ग्रुप सी में, इंग्लैंड ने यूक्रेन को 2-0 से हराकर दो में से दो जीत दर्ज की।



# तेजी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**एजेंसी। मुंबई**

आज हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार (27 मार्च) को बाजार में बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 126 अंक की बढ़त के साथ 57,653 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 40 अंकों की बढ़त रही। यह 16,985 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 16 शेयरों में तेजी और 14 में गिरावट देखने को मिली। आज अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.11% नीचे गिरा। वहीं अडाणी ट्रांसमिशन, विल्मर, पावर, टोटल गैस, ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी में 5-5% की गिरावट देखने को मिली। शुक्रवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने कैश मार्केट में 1,720 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं,हीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कैश मार्केट में 2,556 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। मार्च महीने में अब तक एफआइआइ की कुल बिकवाली 246 करोड़ रुपए की रही है। जबकि, इस दौरान एफआइआइ की कुल खरीदारी अभी तक करीब 25,593 करोड़ रुपए रही है। पिछले कारोबार हफ्ते के आखिरी दिन यानी शुक्रवार (24 मार्च) को बाजार गिरकर ही बंद हुआ था। सेंसेक्स 398 अंक की गिरावट के साथ 57,527 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 131 अंक की गिरावट रही। यह 16,945 के स्तर पर बंद हुआ था।

## मुंबई में आज से जी-20 व्यापार-निवेश कार्य समूह की पहली बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत पहली व्यापार और निवेश कार्य समूह (टीआईडब्ल्यूजी) की बैठक 28 मार्च यानी मंगलवार से शुरू होगी। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 28 से 30 मार्च तक चलने वाली इस तीन दिवसीय बैठक में कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि पहले दिन टीआईडब्ल्यूजी की बैठक में व्यापार और वित्त पर दो परिचचाएं होंगी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल दूसरे दिन इसका उद्घाटन करेंगे और बैठक में हिस्सा लेंगे। बैठक के तीसरे और अंतिम दिन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों-एमएसएमई को वैश्विक व्यापार से जोडने और व्यापार के लिए सक्षम लॉजिस्टिक निर्माण पर चर्चा होगी। मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि तीन दिन चलने वाली इस बैठक के दौरान जी-20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों, क्षेत्रीय समूहों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 100 से ज्यादा प्रतिनिधि वैश्विक व्यापार और निवेश में तेजी लाने पर विचार-विमर्श करेंगे। भारत की अध्यक्षता में इस बैठक का उद्देश्य वैश्विक व्यापार व निवेश में तेजी के रास्ते में आने वाली चुनौतियों को लेकर साझी समझ बनाना है। साथ ही वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श वाक्य का अनुपालन करते हुए मानवता के कल्याण के मद्देनजर मौजूदा अवसरों का उपयोग कैसे किया जा सकता है, इस बारे में साझे समाधानों का पता लगाना है।




## सोने और चांदी में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** सोमवार (27 मार्च) को सोने की कीमत में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 650 रुपए कमजोर होकर 59,003 रुपए बिक रहा है। इसी महीने 20 मार्च को सोना अपने ऑल टाइम हाई पर था। तब इसकी कीमत 59 हजार 671 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। अगर चांदी की बात करें तो इसकी कीमत में आज मामूली गिरावट देखने को मिली है। सराफा बाजार में ये 176 रुपए सस्ती होकर 69,580 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। 24 मार्च को ये 69,756 हजार पर थी। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में इसमें तेजी देखने को मिल सकती है, और अगले एक महीने में चांदी 73 हजार तक पहुंच सकती है। कक्कछ सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता कहते हैं कि शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 65 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है।

## फर्स्ट सिटीजन्स ने खरीदा सिलिकॉन वैली बैंक 119 अरब डॉलर में हुई पूरी डील




**नई दिल्ली।** वित्तीय संकट से जूझ रहे अमेरिकी सिलिकॉन वैली बैंक को अपना खरीदार मिल गया है। सिलिकॉन वैली बैंक को फर्स्ट सिटीजन्स ने खरीद लिया। यह डील 119 अरब डॉलर में हुई। इस बैंक के डूबने के बाद फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन को इसका रेगुलेटर नियुक्त किया गया था। फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एफडीआईसी) ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि फर्स्ट सिटीजन्स बैंक और ट्रस्ट ने सिलिकॉन वैली बैंक के सभी डिपॉजिट्स और लोन को खरीदने के लिए अपनी सहमति दे दी है। बयान के मुताबिक इस बैंक को आर्थिक संकट से निकालने के लिए फर्स्ट सिटीजन्स बैंकशेयर इंक ने इसे फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन से खरीद लिया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने के बाद वैश्विक बैंकिंग संकट दुनिया के अन्य देशों में पांव पसारने लगा है। एसवीबी के बाद सिग्नेचर बैंक और क्रेडिट स्विस जैसे बड़े बैंकों में वित्तीय संकट की खबरें सामने आ चुकी हैं। इस बीच रिपोर्ट्स के मुताबिक यूरोप का एक और बैंक डूबने की कगार पर पहुंच गया है।

## 'एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस' लॉन्च

**नई दिल्ली।** 25 मार्च, 2023ः भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने स्मार्ट पेंशन प्लस लॉन्च किया है - एक ऐसी योजना जो ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद नियमित और गारंटीशुदा आय के रूप में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो बचत करना चाहते हैं और खुद के लिए एक वित्तीय सुरक्षा जाल बनाना चाहते हैं और अपने स्वर्णिम वर्षों में सेवानिवृत्ति के बाद अपनी वर्तमान जीवन शैली को जारी रखने में सक्षम बनाता हैं। सीधे शब्दों में कहें तो यह वार्षिकी उत्पाद ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद उनकी मनचाही जिंदगी जीने में सक्षम बना सकता है। उत्पाद स्वयं के साथ-साथ अपने जीवनसाथी को कवर करने की सुविधा, प्रीमियम भुगतान अवधि, भुगतान की आवृत्ति और तुरंत या कुछ वर्षों के बाद आय वापस लेने का विकल्प प्रदान करता है। ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए, एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस को कई विकल्प में पेश किया जाता है।

## इनफिनिक्स इंडिया ने लॉन्च किया बजट फ्रैंडली स्मार्टफोन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इनफिनिक्स इंडिया ने आज (सोमवार, 27 मार्च) भारत में अपना प्रोडक्ट पोर्टफोलियो बढ़ाते हुए नया स्मार्टफोन कर दिया है। बजट फ्रैंडली सेगमेंट में उतारे गए 4जी स्मार्टफोन में 50 मेगापिक्सल का कैमरा, 6.60 इंच का डिस्प्ले और 16 जीबी एक्सपेंडेबल रैम दी गई है। फोन के बैक पैनल पर डायमंड कट डिजाइन मिलता है जो कुछ हद तक रियलमी के पुराने नंबर सीरीज वाले स्मार्टफोन्स के जैसा है। इनफिनिक्स हॉट 30 रियलमी और रेडमी के सस्ते स्मार्टफोन्स को चुनौती देगा। कंपनी ने इस स्मार्टफोन को 8जीबी रैम + 128जीबी स्टोरेज के साथ सिंगल वैरिएंट में लॉन्च किया है और इसकी प्राइस 8,999 रुपए रखी है।




ये स्पेशल लॉन्च प्राइस है। ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट पर फोन की प्री बुकिंग शुरू हो चुकी है। बायर्स इसे 3 अपैल से खरीद सकेंगे। इसे फ्लिपकार्ट एक्सिस बैंक कार्ड के जरिए खरीदने वाले बायर्स को 5% का कैशबैक और एक्सचेंज बोनस ऑफर दिया जा रहा है। स्मार्टफोन डायमंड वाइट, ग्लेशियर ब्लू और मिरर ब्लैक कलर ऑप्शन के साथ आता है।

## कपड़ा क्षेत्र की 18 वस्तुओं के निर्यात पर मिलेगा टैक्स छूट का लाभ

**नई दिल्ली।** सरकार ने साड़ी और लुंगी समेत कपड़ा क्षेत्र की 18 वस्तुओं का व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से इनको भी निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) के अंतर्गत लाभ देने का निर्णय लिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना में कहा गया है कि शुल्क वापसी योजना- आरओडीटीईपी के अंतर्गत लाभ 23 मार्च से होने वाले निर्यात पर दिया जाएगा। आरओडीटीईपी के अंतर्गत, उत्पादन में काम आने वाले उत्पादों समेत अन्य पर लगाए गए केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न शुल्क, कर और उपकर निर्यातकों को वापस कर दिए जाएंगे। इसके अनुसार, आरओडीटीईपी के अंतर्गत 28 मार्च, 2023 से निर्यात के अंतर्गत 18 उत्पाद जोड़े जा रहे हैं।

## मारुति सुजुकी स्विफ्ट का नया वैरिएंट लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बैंकाक इंटरनेशनल मोटर शो में मारुति सुजुकी ने स्विफ्ट मोक्का कैफे एडिशन लॉन्च किया है। ये कार भारतीय मार्केट में मौजूद 5.99 लाख रुपए की स्विफ्ट की अपडेटेड वैरिएंट है। नई सुजुकी स्विफ्ट को कंपनी ने स्पोर्टियर लुक दिया है, जो लिमिटेड एडिशन है। सुजुकी स्विफ्ट मोक्का कैफे एडिशन को कंपनी ने थाईलैंड में उपलब्ध कराया है। इसकी लॉन्चिंग प्राइज 637,000 थाई वाट रखा है, जो इंडियन करेंसी में 15.36 लाख रुपए की मिलेगी। स्विफ्ट मोक्का कैफे एडिशन डुअल-टोन कलर के साथ आती है। जिसकी लोअर बॉडी, डैशबोर्ड और डोर एलिमेंट्स पर पेस्टल ब्राउन का शानदार मिक्स दिया गया है। इसी तरह का इंटीरियर कलर कॉम्बिनेशन भी दिया गया है। कार की रूफ और ओआरवीएम पर स्ट्रांग बेज दिया गया है। थाईलैंड में पेश की गई कार में ङ12ट इंजन दिया गया है, जो 108 ठे का टॉर्क जनरेट करता है। स्विफ्ट मोक्का कैफे एडिशन में 1.5 लीटर का ए20 फ्यूल टैंक दिया गया है, जो इसे स्विफ्ट लाइनअप में मोस्ट इको फ्रेंडली ऑप्शन बनाता है। इनमें अग्रेसिव फ्रंट लिप स्पॉइलर, फॉग लाइट्स के ऊपर छएऊ डीआरएल और बॉडी क्लैडिंग दिए गए हैं। कार में 17-इंच के आफ्टर-मार्केट अलॉय व्हील मिलते हैं। मोका कैफे एडिशन कार में 10 इंट की टचस्क्रीन यूनिट के साथ इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है।

## टीवीएस मोटर ने लॉन्च किए सात नए उत्पाद

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी ने अफ्रीकी देश घाना में सात नए उत्पाद उतारने की सोमवार को जानकारी दी। कंपनी ने वहां अपाचे 180 और नियो एनएक्स समेत कई नए मॉडल उतारे हैं। टीवीएस मोटर कंपनी में उपाध्यक्ष (अंतरराष्ट्रीय व्यापार) राहुल नायक ने एक बयान में कहा, ह्यह्यअफ्रीका के बाजार की मांगों को ध्यान में रखते हुए हमारे इन उत्पादों को विशेष तौर पर तैयार किया गया है, ये उत्पाद अच्छी गुणवत्ता वाले और भरोसेमंद हैं। उन्होंने बताया कि इन उत्पादों में बेबेक, मोटरसाइकिल और तिपहिया वाहन शामिल हैं, जो घाना में ग्राहकों की दैनिक और अंतिम छोर तक संपर्क जैसी जरूरतों पर खरा उतरेंगे। टीवीएस मोटर दुनिया की शीर्ष पांच दो पहिया वाहन कंपनियों में शामिल हैं और इसकी 80 से अधिक देशों में मौजूदगी है।

# विदेश

## NEWS इन ब्रीफ

### काबुल में सड़क पर हुआ ब्लास्ट, 2 की मौत, 12 घायल

**काबुल।** आज दोपहर काबुल के डाउनटाउन में दाऊदजई ट्रेड सेंटर के पास विदेश मंत्रालय के पास वाली सड़क पर विस्फोट हुआ। वहां मौजूद लोगों ने इसे एक भारी विस्फोट बताया। हालांकि, अधिकारियों ने घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। काबुल के शहर के एक अस्पताल में अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के पास विस्फोट की आवाज सुनाई देने के बाद कई घायल मरीज आए। इटालियन एनजीओ इमरजेंसी के स्टेफानो सोजा ने कहा, हमें कुछ मरीज मिले। दरअसल, स्टेफानो सोजा काबुल में युद्ध के पीड़ितों के इलाज के लिए विशेष अस्पताल चलाते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इसमें 12 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों का इलाज जारी है। हालांकि, इन घायलों में कुछ लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### इमरान खान को फिर राहत

## इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने 7 केस में जमानत दी



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक बार फिर गिरफ्तारी से राहत मिल गई है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को 18 मार्च को ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में हुई हिंसा के मामले में खान को जमानत दे दी। इस मामले में इमरान पर कुल मिलाकर सात केस थे। सातों ही केस में उन्हें जमानत मिल गई है। अगले आदेश तक खान को इन मामले में गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा। खास बात यह है कि खान सिर्फ उन केसों में अदालत में पेश होते हैं, जिनमें ये तय होता है कि जमानत मिल जाएगी। तोशाखाना, फॉरेन फंडिंग और टैरिन व्हाइट जैसे केसों में वो अब तक कोर्ट में पेश नहीं हुए हैं। इससे पहले लाहौर हाईकोर्ट उन्हें 9 मामलों में जमानत दे चुका है। 18 मार्च को इमरान को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में पेश होना था। उन्होंने सिक्योरिटी का हवाला देकर कोर्ट में अपील दायर की। कहा- हाईकोर्ट में पेशी के दौरान मुझे जान का खतरा है। लिहाजा, इसकी सुनवाई फेडरल ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में की जाए। कोर्ट ने इमरान की अपील मंजूर कर ली। इसके बाद खान सैकड़ों समर्थकों के साथ कॉम्पलेक्स पहुंचे। यहां उनके समर्थकों ने जबरदस्त हिंसा की और लाखों रुपए की गवर्नमेंट प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद खान और उनके समर्थकों के खिलाफ 7 केस दर्ज किए गए।

### ट्यूनीशिया में नौका डूबने से 29 प्रवासियों की मौत, 11 बचाए गए

**ट्यूनिश।** ट्यूनीशिया के तट के पास नौका डूबने से उप सहारा अफ्रीका के देशों के कम से कम 29 लोगों की उस समय मौत हो गई, जब वे भूमध्यसागर पार कर इटली जाने का प्रयास कर रहे थे। ट्यूनीशिया के नेशनल गार्ड ने रविवार को यह जानकारी दी। ट्यूनीशिया के नेशनल गार्ड के प्रवक्ता हौसमेद्दीन जेबाब्ली ने बताया कि मछुआरों ने 19 शव बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि तटरक्षक बल ने शनिवार रात आठ और शव बरामद किए और 11 लोगों को बचा लिया। उन्होंने बताया कि दो अन्य शव ट्यूनीशियाई बंदरगाह स्फैक्स से बरामद किए गए हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि डूबने वाली नौका में कुल कितने लोग सवार थे। ट्यूनीशिया में प्रवासियों के लिए काम करने वाले एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के मुताबिक, पिछले दो दिन में स्फैक्स में पांच नौकाएं डूबी हैं और 67 लोगों का पता नहीं चल पाया है।

### बधाई: एशियाई मूल की पहली सिख महिला बनीं सेकेंड इन कमांड ऑफिसर

## सहायक पुलिस प्रमुख के रूप में ली शपथ

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारतीय मूल की सिख महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट मनमीत कोलन ने सहायक पुलिस प्रमुख के रूप में शपथ ली। वह एशियाई मूल की विभाग की पहली सेकंड-इन-कमांड बन गई है। 37 वर्षीय कोलन ने अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट में सहायक पुलिस प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया है। बता दें कि शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाली मनमीत विभाग की पहली भारतीय-अमेरिकी हैं।



न्यू हेवन इंडिपेंडेंट अखबार के मुताबिक, न्यू हेवन पुलिस विभाग की वेटरन कर्नल ने 24 मार्च को एक समारोह में शहर के तीसरे सहायक पुलिस प्रमुख के रूप में शपथ ली। बोर्ड ऑफ पुलिस कमिश्नर्स के अध्यक्ष इवेलिस रिबेरो ने मनमीत कोलन को बधाई दी। समारोह में कर्नल के भाई प्रभज्योत सिंह और उनकी बड़ी बेटी मिलन ने कोलन की वर्दी पर नया सहायक मुख्य बैज लगाया। इसके बाद मेयर जस्टिन एलिकर ने कोलन को पद की शपथ दिलाई। मुंबई की मूल निवासी कोलन विभाग की दूसरी महिला सहायक प्रमुख और पहली भारतीय सहायक प्रमुख बन गई हैं। इस बीच कोलन ने अपने सहयोगियों, परिवार और दोस्तों को धन्यवाद दिया और कहा, 'एक बड़ी जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है।' महज 11 साल की उम्र में कोलन अपने परिवार के साथ अमेरिका चली गई थी।

कोलन ने दिसंबर 2008 में पुलिस अकादमी से ग्रेजुएशन किया और न्यू हेवन विश्वविद्यालय में आपराधिक न्याय का अध्ययन किया। इसके बाद उन्होंने फोर्स ज्वाइन कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार, कोलन ने डिटेक्टिव, सार्जेंट, एक लेफ्टिनेंट और जिला प्रबंधक के रूप में भी काम किया है। हाल ही में कोलन ने आंतरिक मामलों के विभाग के प्रमुख के रूप में गश्त में भी काम किया। कोलन के बारे में बताते हुए पुलिस प्रमुख जैकबसन ने कहा, 'वह सख्त के साथ-साथ बहुत दयालु है।' लेफ्टिनेंट मनमीत कोलन ने अपनी खुशी जताते हुए कहा, 'मैं एक सिख परिवार से आती हूं। मैं पंजाबी बोलती हूं। मुझे अपनी विरासत पर बहुत गर्व है। मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण मिशन और विभाग के मूल्य हैं। मेरे लिए, हर मामले में निष्पक्ष रहना है। मेरी पृष्ठभूमि, मेरी नैतिकता, मेरे पारिवारिक मूल्य और परंपराएँ काफी मायने रखते है। खुशी है कि मुझे इस पद के काबिल समझा गया है।

# पेज एक के शेष

### विद्यालय में प्राइवेट...

शिक्षा देते हैं। यह पूछे जाने पर कि आप से लोगों को क्या दिक्कत है क्यों परेशान करते हैं? उन्होंने बताया कि सरकारी विद्यालय की उपस्थिति, अनुशासन, अंग्रेजी की पढ़ाई जब होने लगी तब निजी विद्यालय प्रभावित हुआ। अभी तत्काल उनका विद्यालय बंद है जो इस स्कूल के ठीक बगल में ही है। उन्होंने 21 तारीख को अवैध रूप से 12-13 बच्चों को लेकर गेट के सामने धरना पर बैठ गए और कहने लगे कि हम अवैध वसूली कर रहे हैं। स्कूल के बच्चों को बरगलाया गया। उसमें तथ्य यह है कि अष्टम वर्ग का झारखंड एकेडमिक काउंसिल से पंजीयन किया जाता है। वर्ग 8, 9, 10, 11, 12 का उसमें साइबर कैफे से ऑनलाइन पंजीयन कराए जाते हैं। उसके लिए सभी जगह बच्चे शुल्क देते हैं। उसमें विद्यालय का किसी प्रकार का कोई रोल नहीं है। उसमें विद्यालय का सिर्फ इतना रोल है कि वह विभाग के आदेश से कि किसी भी बच्चे का पंजीयन छूटना नहीं चाहिए। साइबर कैफे में ऑनलाइन सारे बच्चों का ऑनलाइन पंजीयन कराया गया। उसके लिए 110 रुपये जो साइबर कैफे द्वारा लिया। उसी को इन लोगों द्वारा इश्यू बनाया गया कि यह अवैध वसूली किया जा रहा है जबकि यह तो विद्यालय के द्वारा लिया ही नहीं गया। यह तो साइबर कैफे के द्वारा लिया गया, जिसका रसीद भी 16 फरवरी से हमारे पास है। इसके बावजूद बच्चों को हथकंडा बनाकर प्रदर्शन किया गया और अधिकारियों, ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित करने का घृणित कार्य किया गया। अप्रैल 2022 में हमने निजी स्कूल संचालक के खिलाफ लिखकर डीसी को दिया था। 21 मार्च 2023 को मानसिक रूप से सभी विद्यालय के बच्चे प्रताड़ित हुए और मैं भी हुआ। मैंने दो दिनों की छुट्टी ली और मंथन किया। 21 तारीख की घटना को लेकर हमने 22 को आवेदन लिखकर अपने अफसरों को इससे अवगत करा दिया। शिक्षा में हम जैसे कुछ टीचर बचे हुए हैं जो हिम्मत करके बच्चों को पढ़ा रहे हैं। अगर सरकार, विभाग और प्रशासन ध्यान न दे तो शिक्षा के मामलों में गरीब बच्चों के लिए बहुत खराब स्थिति हो जाएगी।

### 224 नई बसें...

करोड़ रुपये के घाटा का आकलन किया गया है। बसों का प्रस्तावित किराया दो किमी तक पांच रुपये, दो से पांच किमी तक 10 रुपये, पांच से 10 किमी के लिए 15 रुपये और 10 किमी से अधिक होने पर 20 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रत्येक दो वर्षों में 11 प्रतिशत किराया वृद्धि होना प्रस्तावित है। पीपीपी मोड पर योजना का क्रियान्वयन ग्रॉस कास्ट कांट्रैक्ट मॉडल के आधार पर होगा, जिसमें तीन पक्ष ऑपरेटर 1, ऑपरेटर 2 और रांची नगर निगम होगा।

### सीएम ने राज्य...

बच्चों को पुरस्कृत किया जा रहा है। हमारी सरकार की सोच है कि झारखंड के बच्चे चाहे यहां के सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर रहे हों, सीबीएसई या आईसीएसई बोर्ड की पढ़ाई कर रहे हों, जो बच्चे शिक्षा को लेकर गंभीरता पूर्वक पढ़ाई करते हैं उनके उत्साह को मजबूती प्रदान करने एवं शिक्षा के प्रति उनकी जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से आपकी सरकार ने यह योजना शुरू की है, ताकि बच्चे और होनहार बनें।

**बच्चों का उत्साहवर्धन जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरस्कार वितरण योजना का उद्देश्य राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कर रहे बच्चों का उत्साहवर्धन करना है। शिक्षा विभाग ने इस कार्य को आज पूर्ण रूप दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में अच्छे स्कूल तथा शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए पैसों की जरूरत एवं पढ़ाई के लिए लैपटॉप और मोबाइल आवश्यक है। इसके जरिए वे तकनीकी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। राज्य सरकार मेधावी छात्र-छात्राओं को आज पुरस्कार के रूप में ये सब जरूरत की चीजें प्रदान कर रही है।

### राजीव अरुण एक्का...

जानकारी सामने नहीं आयी है। राजीव अरुण एक्का सोमवार को दिन के 11 बजे ईडी के रांची जोनल ऑफिस पहुंचे थे। पूछताछ काफी लंबी होने के बाद राजीव अरुण एक्का ने ईडी के अधिकारियों से अनुरोध किया कि एक ही दिन में कई घंटों की पूछताछ के बजाय उन्हें दूसरे दिन भी बुला लिया जाए। ईडी जब उन्हें बुलाएगी वह आ जाएंगे। राजीव अरुण एक्का के अनुरोध के बाद भी ईडी ने रात करीब सवा नौ उन्हें जाने की इजाजत दे दी।

### दोनों ही श्वसन...

में प्रवेश करते हैं और श्वसन तंत्र को संक्रमित करते हैं। यह संभव है कि किसी भी व्यक्ति को एक साथ इन दोनों का संक्रमण हो सकता है। चूंकि दोनों ही के लक्षण एक जैसे हैं, इसलिए ऐसे संक्रमण के गंभीर रूप लेने का भी खतरा होता है। ऐसी ही एक घटना छत्रपति संभाजीनगर के एक 23 वर्षीय चिकित्सा छात्र के साथ हुई। उसको कोविड-19 व इन्फ्लुएंजा-ए (एच3एन2) दोनों ही वायरस से संक्रमण होने के बाद गंभीर निमोनिया हो गया और उसके बाद कॉम्प्लीकेशन बढ़ते जाने के कारण उसको बचाया नहीं जा सका।

### अब यूपी में...

ओबीसी आयोग की रिपोर्ट स्वीकार कर ओबीसी आरक्षण के साथ नगरीय निकाय चुनाव कराने का आदेश स्वागत योग्य है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ओबीसी आरक्षण हेतु प्रतिबद्ध थी एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये समय सीमा के भीतर ही सारी कार्यवाही कर ली। उन्होंने कहा कि विधि सम्मत तरीके से आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार समयबद्ध ढंग से नगरीय निकाय चुनाव कराने हेतु प्रतिबद्ध है। बता दें कि निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर विपक्ष के लोगों ने बैकडोर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करवाई थी और सरकार के निर्णय को प्रभावित करने की कोशिश की थी। मामले पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने बिना ओबीसी आरक्षण के तत्काल निकाय चुनाव कराने का निर्णय दिया था, जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कर दिया था कि प्रदेश सरकार दलित, पिछड़ा समेत समाज के सभी वर्गों के लिए समर्पित है। बिना भेदभाव के सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ कार्य कर रही है। हम बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव नहीं कराएंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### अमृतपाल के एक अन्य सहयोगी को भेजा असम

**गुवाहाटी।** स्वयंभू सिख कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह अभी भी फरार है, जबकि उसके एक अन्य सहयोगी को सोमवार को असम लाया गया और डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में रखा गया। अब यहां बंद होने वाले 'वारिस पंजाब दे' के सदस्यों की संख्या आठ हो गई। सूत्रों के मुताबिक, पंजाब पुलिस की एक टीम सहयोगी वरिंदर सिंह के साथ सोमवार को डिब्रूगढ़ के मोहनबाड़ी हवाईअड्डे पर गई, जहां असम के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच उसे डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल ले गई। असम पुलिस ने अभी तक अमृतपाल के नवीनतम सहयोगी की पहचान के बारे में आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### उत्तराखंड में खालिस्तानी आतंकवादियों का कोई आधार नहीं : डीआईजी

**देहरादून।** उत्तराखंड में हो रहे जी-20 सम्मेलन की दृष्टि से लोगों को आतंकित करने के लिए प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुणवंत सिंह पन्नू के रिकार्डेड संदेश के बाबत डीआईजी एसटीएफ ने कहा कि उत्तराखंड में सिख फॉर जस्टिस का कोई आधार नहीं है। उन्होंने बताया कि पन्नू ने मुख्यमंत्री समेत कई अधिकारियों को भेजे गए हैं। पन्नू ने सीएम को धमकी देते हुए कहा है कि उनके संगठनों के लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए तो इसके लिए वे जिम्मेदार होंगे।

### जेल में कांस्टेबल की हत्या कर राइफल लेकर दो कैदी फरार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले में खोंसा जेल में दो कैदियों ने एके सीरीज की राइफल छीनकर पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। जिससे एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया है। इसके बाद दोनों कैदी फरार हो गए हैं। पुलिस और असम राइफल्स के जवानों ने दोनों कैदियों की तलाश में सघन अभियान चलाया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गये हैं। तिरप पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि फरार दोनों कैदियों की पहचान एनएससीएन के (निकी) गुट के रकसेन होमसा और टिटपू कितन्या के रूप में की गयी है। जेल से भागने के दौरान पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी, जिससे कांस्टेबल वांगनियाम बसाई की गोली लगने से मौत हो गई।

# आज शाम लगेगी पंचग्रहों की पंचायत

## 50 डिग्री के आकाश में पांच ग्रह बनायेंगे समूह, चंद्रमा बनेगा पंचग्रह पंचायत का साक्षी

### मंगल, बुध, गुरू, शुक्र और यूरेनस का मिलन समारोह होगा आज

**नवीन मेल संवाददाता। भोपाल**

28 मार्च, यानी आज आसमान में पंचग्रहों की पंचायत होने जा रही है। आसमान में होने जा रहे ग्रहों के मिलाप पंचायत की जानकारी देते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि डूबते सूर्य के तत्काल बाद आकाश में बुध, गुरू, शुक्र और मंगल के अलावा यूरेनस लगभग 50 डिग्री के छोटे से स्थान में मिलन समारोह करेंगे।

इनका साथ देने चंद्रमा भी मंगल के साथ होगा। इन पांच में से चार ग्रहों को बिना टेलिस्कोप के देखा जा सकेगा। घारू ने बताया कि खगोल विज्ञान में इसे प्लेनेटरी अलाईनमेंट कहते हैं। इनमें से बुध (मरकरी) को कुछ ही देर देखा जा सकेगा क्योंकि यह सूर्य के बहुत पास है। इसके बाद बृहस्पति (जूपिटर) भी अस्त हो जायेगा। इनके ऊपर तेज चमकता शुक्र (वीनस) होगा। इसके कुछ ऊपर लालग्रह मंगल (मार्स )होगा जिसका साथ चंद्रमा दे रहा होगा। इन ग्रहों को तो बिना किसी यंत्र की मदद से, नंगी आंखों से देखा जा सकेगा। मंगल और शुक्र ग्रह के बीच यूरेनस होगा लेकिन इसे सिर्फ टेलिस्कोप की मदद से देखा जा सकेगा। सारिका ने बताया कि प्लेनेटरी अलाईनमेंट की यह घटना लगभग हर दो साल में होती है लेकिन इनमें ग्रहों के बीच कोणीय दूरी अधिक होती है। सोशल मीडिया पर इसे बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत किया जाता है। अगर आप बहुत ही निकटता में खाली आंखों से देखे जा सकने वाले ग्रहों का मिलाप देखना चाहते हैं तो 8 सितम्बर 2040 का इंतजार करना होगा जबकि मंगल, बुध, गुरू, शुक्र और शनि सिर्फ 9 डिग्री के आकाशीय स्थान में घुलेमिले नजर आयेंगे।



| ग्रह | चमक (मैग्नीट्यूड) | तारामंडल | पृथ्वी से दूरी |
|---|---|---|---|
| जूपिटर | माईनस 2.1 | मीन तारामंडल | 88 करोड़ 70 लाख किमी |
| मरकरी | माईनस 1.3 | मीन तारामंडल | 18 करोड़ 29 लाख किमी |
| वीनस | माईनस 4.0 | मेष तारामंडल | 18 करोड़ 15 लाख किमी |
| यूरेनस 50 | प्लस 5.8 | मेष तारामंडल | 305 करोड़ लाख किमी |
| मास | प्लस 0.9 | मिथुन तारामंडल | 21 करोड़ 23 लाख किमी |

# संसद नहीं चलने दे रही कांग्रेस : भाजपा

### भाजपा ने विपक्ष पर संसद बाधित करने का लगाया आरोप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस संसद को नहीं चलने दे रही है। यह पार्टी नियम-कानूनों को ताक पर रख संसद की कार्यवाही बाधित कर रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किए जाने में भाजपा का कोई रोल नहीं है। यह कार्रवाई कानून की उचित प्रक्रिया के तहत लोकसभा अध्यक्ष ने की है। ऐसी कार्रवाई इससे पहले भी कई सांसदों पर की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अनेक लोग कानून के जानकार हैं। उन्हें राहुल गांधी को समझाना चाहिए।



गोयल ने कहा कि आज कांग्रेसी काले कपड़ों में सदन आए, कब तक कांग्रेस पार्टी इतने छोटे स्तर की राजनीति करती रहेगी? क्या कांग्रेसी लोकतंत्र के मंदिर को अपमानित करना चाहते हैं? क्या देश की कानून व्यवस्था को अपमानित करना चाहते हैं? गोयल ने कहा कि देश में सबके लिए कानून एक ही है। ऐसे में राहुल गांधी को भी कानून और संविधान का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस ने आज संसद भवन में काले कपड़े पहन कर विरोध प्रदर्शन किया, उस पर कई सवाल उठते हैं। गोयल ने कहा कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि वह प्रदर्शन किसके विरोध में कर रहे थे? कांग्रेस बताए कि क्या वह संविधान के खिलाफ हैं या सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ हैं? गोयल ने कहा कि देश में गांधी परिवार के लिए कोई दूसरा कानून नहीं है। संविधान में सब बराबर हैं। ऐसे में कांग्रेस का यह प्रदर्शन जन और कानून विरोधी है। गोयल ने कहा कि कांग्रेस सांसदों ने आज लोकसभा में कागज फाड़कर आसन के पास फेंका। लोकसभा सदस्य के बार-बार कहने पर भी कांग्रेस सांसद नहीं माने। ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष को मजबूरन सदन की कार्यवाही को स्थगित करनी पड़ी। गोयल ने कहा कि राहुल गांधी ने ओबीसी समाज का अपमान किया है। इस लिए कोर्ट ने उन्हें सजा दी है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने 2019 के एक मानहानि मामले में दोषी ठहराया था। जिसके एक दिन बाद शुक्रवार को उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## कर्ज लेने वालों को दिया जाना चाहिए अवसर : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि कर्जदार या खाते को फ्राड घोषित करने से पहले खाताधारक को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की पुष्टि की और गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा लिए गए विपरीत दृष्टिकोण को रद्द कर दिया। पीठ ने कहा कि उधारकर्ता खातों को धोखाधड़ी के रूप में वगीकृत करने का निर्णय तर्कपूर्ण आदेश के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उधारकर्ताओं को संस्थागत वित्त तक पहुंचने से रोकने से उधारकर्ताओं पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

## राहुल गांधी ने जिस अध्यादेश को फाड़ा था, उसी रास्ते होगा बचाव

### अध्यादेश में था जब तक सर्वोच्च अदालत से सजा नहीं हो जाती, तब तक न तो सदस्यता जाएगी और न चुनाव लड़ने पर रोक लगेगी

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

सबको पता है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने विरूद्ध 2019 में कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी भाषण में बैंक से 1300 करोड़ रुपये लोन लेकर देश से भाग गये नीरव मोदी, ललित मोदी का जिक्र करने को लेकर सूरत की एक अदालत ने 2 वर्ष की सजा सुनाई, जिसके कारण राहुल की संसद सदस्यता गई। राहुल गांधी अब ऊपरी अदालत (हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट) में अपील करेंगे और अदालत ने सूरत की अदालत के फैसले पर रोक लगा दी, उसे खारिज कर दी, राहुल को दी गई सजा से मुक्त कर दिया, तभी उनकी (राहुल) संसद सदस्यता बहाल हो पाएगी, वे चुनाव लड़ पाएंगे, उनका 12 तुगलक रोड, नई दिल्ली वाला सरकारी बंगला भी बच पाएगा, वरना सरकारी बंगला भी 22 अप्रैल 2023 तक खाली करना पड़ेगा। जिसके लिए नोटिस लोकसभा आवास समिति से मिल चुका है।इसे लेकर लोगों का कहना है कि राहुल गांधी ने खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी। यदि उन्होंने 2013 में मनमोहन सिंह की सरकार द्वारा इस मामले में लाए गए अध्यादेश का विरोध नहीं किया होता, इसकी प्रति नहीं फाड़ी होती तो उसी समय कानून बन गया होता कि जब तक सर्वोच्च अदालत से सजा नहीं हो जाती, तब तक न तो संसद सदस्यता जाएगी, न चुनाव लड़ने पर रोक लगेगी। यह हो गया होता तो निचली अदालत से सजा होने पर न तो किसी की जनप्रतिनिधि की सदस्यता जाती, न ही किसी के चुनाव लड़ने पर रोक लगती।

इस बारे में पूर्व सांसद हरिकेश बहादुर का कहना है कि अब चूंकि जिस उपक्रम, त्वरित गति व टाइम लाइन से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता गई, उसको लेकर जिन पर आरोप लग रहे हैं, फेस सेविंग के लिए उस पार्टी के ही तमाम नेता अब इसका ठीकरा राहुल गांधी पर ही फोड़ते हुए कह रहे हैं- राहुल ने अध्यादेश की कॉपी नहीं फाड़ी होती तो उनकी संसद सदस्यता नहीं गई होती। ऐसे में सवाल यह है कि क्या भाजपा और उसके नेता उस अध्यादेश के पक्ष में हैं? हो सकता है उनको लगता हो कि संसद में सबसे ज्यादा संख्या भाजपा सांसदों की है और हत्या, बालात्कार ,भ्रष्टाचार , धमकी, मानहानी आदि के सबसे ज्यादा केस भी भाजपा सांसदों पर ही हैं। इसके मद्देनजर उनको लग रहा हो कि वह अध्यादेश पास कराकर कानून बना देना चाहिए ताकि जब तक सर्वोच्च न्यायालय से सजा नहीं हो, निचली अदालत से सजा होने पर किसी भी जनप्रतिनिधि की न तो संसद या विधान सभा सदस्यता जाए, नहीं चुनाव लड़ने पर रोक लगे।

मालूम हो कि 2013 में मनमोहन सिंह की सरकार लिली मैथ्यू मामले में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने के बाद अध्यादेश लाई थी, जिसमें था कि जब तक सर्वोच्च अदालत (सुप्रीम कोर्ट) से सजा नहीं हो जाती है तब तक जनप्रतिनिधि की सदस्यता नहीं जाएगी और न चुनाव लड़ने पर रोक लगेगी। लेकिन तब राहुल गांधी ने उसका विरोध किया था और एक कार्यक्रम में उस अध्यादेश की प्रति फाड़ दिया था।



*जयपुर : सोमवार, 27 मार्च, 2023 को जयपुर में स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक के विरोध में बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने रैली निकाली।*

## FILMY हलचल

### कास्टिंग काउच के बारे में रवि किशन ने किया खुलासा, वह महिला अब एक बड़ी हस्ती बन गईं



अभिनेता-राजनेता रवि किशन ने साझा किया है कि उन्हें एक ऐसी महिला से कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था, जो आज एक बड़ी हस्ती बन गई हैं। उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें महिला द्वारा 'रात में कॉफी' की पेशकश की गई थी, जिसका नाम उन्होंने नहीं लिया। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में चैट शो 'आप की अदालत' में रवि से कास्टिंग काउच के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कहा, हां और यह कुछ ऐसा है, जो उद्योग में होता है, लेकिन मैं किसी तरह बच निकला। मेरे पिता ने मुझे सिखाया था कि मुझे अपने काम को ईमानदारी से करना चाहिए, मैं कभी भी शॉर्टकट नहीं लेना चाहता था। मुझे पता था कि मैं प्रतिभाशाली हूं। रवि ने कहाः मैं उसका नाम नहीं ले सकता क्योंकि वह अब एक बड़ी हस्ती बन गई है।

### प्रियंका अब अभिनेता शाखा की कार्यकारी समिति में कार्यरत हैं...



भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज की सदस्य हैं और वर्तमान में अभिनेता शाखा की कार्यकारी समिति में कार्यरत हैं। अकादमी की सदस्यता केवल बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के आमंत्रण द्वारा होती है। प्रतिस्पर्धी ऑस्कर नामांकन अर्जित करके सदस्यता योग्यता भी प्राप्त की जाती है। गति चित्रों के क्षेत्र में विभिन्न विषयों का प्रतिनिधित्व करने वाली अकादमी की सदस्यता 17 शाखाओं में विभाजित है। प्रियंका इससे पहले ऑस्कर नामांकित फीचर 'व्हाइट टाइगर' में अभिनय कर चुकी हैं, जिसे उन्होंने कार्यकारी रूप से निर्मित भी किया है। हॉलीवुड में दक्षिण एशियाई लिफाफे को आगे बढ़ाने के लिए जानी जाने वाली, वह अगली बार प्राइम वीडियो पर रूसो ब्रदर्स के 'सिटाडेल' और 'लव अगेन' में दिखाई देंगी। अपने प्रोडक्शन बैनर पर्पल पेबल पिक्चर्स के तहत, भारतीय अभिनेत्री फर्स्ट लुक डील पर अमेजन स्टूडियो के साथ भी साझेदारी कर रही है और वर्तमान में स्ट्रीमर के लिए वैश्विक सुविधाओं और टीवी कंटेंट की एक स्लेट विकसित कर रही है।

### एलजीबीटीक्यूआईए प्लस के विषय पर केंद्रित मराठी फिल्म 'ना आवती गोष्ट'



**अभिनेता** मृण्मयी देशपांडे, सयाली संजीव, सुव्रत जोशी और रेशम श्रीवर्धन आगामी स्ट्रीमिंग मराठी फिल्म 'ना आवती गोष्ट' में अभिनय करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म उम्र की कहानी है और एलजीबीटीक्यूआईए प्लस के विषय को छूते हुए दिखाई देगी। साई देवधर द्वारा निर्देशित, जो निर्माता भी हैं, फिल्म दो बहनों और उनके परिवार और रिश्तों की यात्रा बताती है। इसमें दिखाया गया है कि किस तरह क्विअर लोगों को सपोर्ट करने के लिए परिवार की जरूरत होती है। हालांकि, फिल्म एक संवेदनशील विषय से संबंधित है, इसे एक पारिवारिक फिल्म बनाने के लिए हास्य के साथ एक मधुर तरीके से चित्रित किया गया है। निर्देशक ने साझा किया, हमें विभिन्न क्षेत्रीय उद्योगों में इस तरह की और फिल्में बनाने की जरूरत है। मुझे खुशी है कि मैंने इस परियोजना का निर्देशन किया है, जहां परिवार मुख्य है, फिर भी हम संवेदनशील विषयों को करुणा के साथ पेश करते हैं।

### आपसे ज्यादा मुझे कौन प्यार करेगा सामंथा प्रभु का डेटिंग पर नया ट्वीट



**'पुष्पाः** द राइज' में 'ऊ अंतवा' के साथ अपने अभिनय से पर्दे पर तहलका मचाने वाली अभिनेत्री सामंथा प्रभु ने अपने हालिया ट्वीट में डेटिंग के बारे में बात की। माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट पर एक प्रशंसक ने सामंथा की एक तस्वीर साझा की और पूछा मुझे पता है कि यह मेरे कहने की बात नहीं है, लेकिन कृपया किसी को डेट करें, सामंथाप्रभु। जिस पर सामंथा ने जवाब दियाः आप से बेहतर मुझे कौन प्यार करेगा। सामंथा ने अभिनेता नागा चैतन्य से शादी की थी लेकिन 2021 में सामंथा और नागा चैतन्य ने अलग होने की घोषणा की।

## चेतावनी संजय राउत ने कहा : सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं

# बयान देकर बुरी तरह घिरे राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सावरकर वाले बयान पर उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने राहुल गांधी पर निशाना साधाते हुए कहा कि हम सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे विपक्षी गठबंधन में दरार पैदा होगी। राहुल गांधी द्वारा वी.डी. सावरकर को लेकर दिए गए बयान के बाद उद्धव ठाकरे गुट ने इसपर आपत्ति जताई थी। उद्धव ठाकरे के बयान के बाद अब संजय राउत का भी एक बयान सामने आया है।

संजय राउत ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहाः वीर सावरकर हमारे और देश के लिए श्रद्धा का विषय हैं। अंडमान में 14 साल तक काला पानी की सजा आसान नहीं है। ऐसी टिप्पणी पर महाराष्ट्र की जनता करारा जवाब दे सकती है। हम आपके साथ हैं लेकिन वीर सावरकर हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा, हम केवल पीड़ाओं को पढ़ सकते हैं। यह बलिदान का एक रूप है। हम सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि ये यह बात चेतावनी की नहीं है। हमने अपना मत स्पष्ट किया है। वीर सावरकर राज्य के लिए हमारे लिए और देश के लिए एक श्रद्धा का विषय हैं और हमेशा ही रहेंगे। वीर सावरकर ने जिस तरीके से देश के लिए काला पानी की सजा को स्वीकार किया और 14 साल जेल में रहे, वह आसान बात नहीं थी। इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने रविवार को चेतावनी दी थी कि सावरकर को नीचा दिखाने से विपक्षी गठबंधन में दरार पैदा होगी। वह हिंदुत्व विचारक वी.डी सावरकर को अपना आदर्श मानते हैं और कांग्रेस नेता से उनका अपमान करने से बचने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी सावरकर को 'निंदा' करना जारी रखते हैं तो विपक्षी गठबंधन में 'दरार' आ सकती है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने कहाः वीर सावरकर हमारे भगवान हैं और उनके प्रति कोई भी अनादर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ठाकरे ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का भी समर्थन किया और राहुल गांधी ने अपनी प्रेसवार्ता में जो सवाल उठाए वो वैध हैं, लेकिन सावरकर पर सवाल उठाना सही नहीं।

